सूर्योदय 6:47 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

शिमला	10.0 न्यू	19.0 अधि
धर्मशाला	11.5 न्यू	20.5 अधि

बाजार

सेंसेक्स	81,592
निफ्टी	25,144

सोना 1,35,884 | चांदी 1,77,200

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 14 नवंबर 2026 | 29 कार्तिक, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 317, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

हैदराबाद में वाहन पलटा सेना के 7 जवान घायल

एजेंसी, हैदराबाद। हैदराबाद के निकट चेवेल्ला में शुक्रवार को ड्राइविंग ट्रेनिंग के दौरान वाहन पलट जाने से सेना के सात जवान घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि वाहन में सवार 13 जवानों में से सात को चोटें आईं। उनका इलाज यहां गोलकुंडा के एक आर्मी अस्पताल में किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि एक अंडर-ट्रेनिंग ड्राइवर गाड़ी चला रहा था। गाड़ी डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। वाहन यहां मेहदीपट्टनम से रवाना हुआ था।

पीएम मोदी मेरा फोन टैप करवा रहे : राहुल

एजेंसी, नई दिल्ली। राहुल गांधी ने इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी' सेशन किया।



समर्थकों के सवालों के जवाब दिए। राहुल गांधी ने शुक्रवार को पीएम मोदी पर उनका फोन टैप करने का आरोप लगाया। राहुल ने इंस्टाग्राम पर 'ऑस्क मी' सेशन में मोबाइल दिखाते हुए कहा, विदेशी फंडिंग के सबूत यहां है। पीएम जानते हैं कि वह मेरा फोन टैप करा रहे हैं। उन्होंने फिर बहस की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि मेरे साथ आमने-सामने की बातचीत के बाद मोदी पीएम पद पर नहीं रहेंगे। पिछले 12 दिन में यह सातवीं बार है, जब राहुल ने पीएम मोदी को बहस के लिए बोला है।

ट्रंप ने ईरान शांति वार्ता से जेडी वेंस को हटाया

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को ईरान के साथ शांति वार्ता से अलग कर दिया है। ट्रंप ने वीरवार को सोशल मीडिया पर कहा कि वेंस अब अमेरिका के डेमोक्रेटिक पार्टी शासित राज्यों और शहरों में भ्रष्टाचार और अपराध की जांच पर ध्यान देंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका को अब ईरान के साथ किसी समझौते की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने इस साल की शुरुआत में ईरान के साथ बातचीत की जिम्मेदारी वेंस को दी थी। वेंस इस युद्ध के पक्ष में नहीं थे। अप्रैल में उन्होंने पाकिस्तान जाकर ईरानी नेताओं से कई घंटे बातचीत भी की थी, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका।

अमेरिकी रक्षामंत्री को डांटने वाले सैनिक को किया सम्मानित

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने उस सैनिक को मेडल दिया, जिसने एक दिन पहले उन्हें और उनकी टीम को चुप रहने के लिए कहा था। दरअसल, 11 नवंबर को वेटरन्स डे के मौके पर हेगसेथ और उनकी टीम के कुछ लोग युद्ध स्मारक के पास आपस में बात कर रहे थे और हंस रहे थे। यह देखकर वहां ड्यूटी पर तैनात सैनिक थॉमस इग्लेसियस ने उन्हें चुप रहने को कहा। इसके अगले दिन यानी गुरुवार को हेगसेथ ने थॉमस को पेंटागन बुलाया और उन्हें 'जॉइंट सर्विस कमेंडेशन मेडल' देकर सम्मानित किया। उन्होंने इस सम्मान समारोह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी शेयर कीं। हेगसेथ ने लिखा, 'हम अपने सैनिकों से प्यार करते हैं। हमें अनुशासन और नियमों का पालन पसंद है। शाबाश स्पेशलिस्ट, अपना काम करते रहो।'

दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान का अलर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली। देशभर में बदलते मौसम के कारण एक तरफ जहां अलग-अलग क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं, वहीं दूसरी तरफ दिल्ली-एनसीआर में दिन-ब-दिन धुंध और कोहरा बढ़ने का अनुमान है। इसके अलावा मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने दबाव के क्षेत्र के एक 'चक्रवाती तूफान' में तब्दील होकर और अधिक तीव्र होने की प्रबल संभावना है। आईएमडी के मुताबिक दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र 14 नवंबर को 'सुस्पष्ट कम दबाव' में बदल सकता है। इसके बाद इसके उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और 16 नवंबर की शाम के आसपास मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक 'चक्रवाती तूफान' में और अधिक तीव्र होने की प्रबल संभावना है।

हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक में 'मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार' योजना सहित कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी

3.50 लाख महिलाओं को हर माह 1500 रुपए

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता, परिवारों को बिजली राहत, युवाओं को रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में सुक्खू सरकार ने कई अहम फैसले लिए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना शुरू करने सहित जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके तहत 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी और पात्र परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का प्रावधान किया गया है। सरकार ने इस योजना के लिए 3.50 लाख पात्र महिलाओं की पहचान की है। इससे पहले 59 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की मासिक आर्थिक सहायता भी 1050 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए की जा चुकी है।



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

स्वास्थ्य विभाग में 1000 रोगी मित्रों सहित सैकड़ों पद भरने को भी मिली मंजूरी

कैबिनेट ने प्रदेश के सभी 12 जिलों में खेलो हिमाचल चिट्टा मुक्त अभियान-2026 शुरू करने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग में 1000 रोगी मित्र नियुक्त करने का फैसला लिया गया है। सरकारी मेडिकल और डेंटल कॉलेजों तथा चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली लागू करने के लिए 561 कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी) पद सृजित कर भरने की मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग में डाटा एंट्री ऑपरेटर भी लगाए जाएंगे। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में आउटसोर्स आधार पर कार्यरत परफ्यूजनिस्ट का मासिक मानदेय 25 हजार से बढ़ाकर 45 हजार रुपये कर दिया गया है। आईजीएमसी शिमला, टांडा मेडिकल कॉलेज और नेरचौक मेडिकल कॉलेज में वृद्धावस्था चिकित्सा विभाग स्थापित करने के साथ आवश्यक पदों और वरिष्ठ रेजिडेंट पदों के सृजन को भी मंजूरी मिली है।

मंत्रिमंडल ने रोजगार और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े कई अन्य फैसले भी लिए हैं। नूरपुर सिविल अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल विंग के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न श्रेणियों के पद सृजित होंगे। हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में आठ सहायक आचार्य और एक सह आचार्य का पद भरा जाएगा। पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा इस बार ऑफलाइन करवाने के लिए भर्ती नियमों में एकमुश्त छूट दी गई है। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग को अगले छह महीनों में ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा गया है। ग्रामीण विकास विभाग में 20 कनिष्ठ कार्यालय सहायक, प्रदेश की विभिन्न अदालतों में 15 स्टेनोग्राफर ग्रेड-तीन और कोषागार, लेखा एवं लॉटरी विभाग में चार कनिष्ठ कार्यालय सहायक तथा एक मल्टी टास्क वर्कर के पद सृजित कर भरे जाएंगे। युवा सेवाएं एवं खेल विभाग में दिव्यांगजन के चार प्रतिशत आरक्षण के तहत तीन पद भरे जाएंगे।

30 से बढ़ाकर 40 रुपए किया अदरक का समर्थन मूल्य

प्राकृतिक रूप से उगाए जाने वाले अदरक का न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति किलो कर दिया गया है। वहीं, बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत सी-ग्रेड सेब की खरीद दर 12 रुपए से बढ़ाकर 13 रुपए प्रति किलो करने को मंजूरी दी गई है। ऊर्जा क्षेत्र में भी बड़े बदलाव करते हुए स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति-2021 में संशोधन किया गया है। इसके तहत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की चालू परियोजनाओं के 40 वर्ष पूरे होने के बाद अगले दस वर्षों तक 50 प्रतिशत मुफ्त बिजली रॉयल्टी मिलेगी। परियोजनाएं 50 वर्ष पूरे होने पर बिना किसी लागत के राज्य सरकार को हस्तांतरित होंगी।

राष्ट्रपति ने 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से नवाजा

एजेंसी, नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 प्रदान किए। शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख और विदित गुजराती, एथलीट तेजस्विन शंकर तथा बैडमिंटन खिलाड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद सहित 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से अलंकृत किया गया। फुटबॉल खिलाड़ी इसायाह अरुमनायगम को अर्जुन पुरस्कार की लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी में सम्मानित किया गया। वहीं, तीन प्रशिक्षकों को नियमित श्रेणी और दो प्रशिक्षकों को लाइफटाइम श्रेणी में द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किए गए।

भारतीय सेना के पैरा खेल केंद्र पुणे को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। इस बार किसी भी खिलाड़ी को देश का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार नहीं मिला। वर्ष 2014 के बाद यह पहला अवसर है, जब किसी खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया गया है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में एथलेटिक्स कोच परवीर सिंह, मुक्केबाजी कोच छोटे लाल यादव और निशानेबाजी कोच नेहा नंदकुमार चव्हाण को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया गया।

वहीं, कुश्ती कोच वीरेंद्र कुमार और मुक्केबाजी कोच धर्मेंद्र सिंह यादव को द्रोणाचार्य पुरस्कार की लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी में सम्मानित किया गया। इसके अलावा पुणे स्थित आर्मी पैरालंपिक नोड को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल दलजीत सिंह ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

लाहौल पुलिस ने बर्फबारी में फंसे 15 पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाला

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। लाहौल-स्पीति के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हो रही भारी बर्फबारी के बीच जिला पुलिस ने मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की एक अनूठी मिसाल पेश की है। पुलिस स्टेशन सिस्सू की टीम ने विषम परिस्थितियों और कड़ाके की ठंड की परवाह किए बिना, बर्फ में फंसे 15 पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकालकर एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन सफल बनाया है। पुलिस जानकारी के अनुसार, अचानक हुई भारी बर्फ़बारी के कारण कई पर्यटक रास्ते में ही फंस गए थे। इस आपात स्थिति की सूचना मिलते ही सिस्सू पुलिस थाने के जवान तुरंत हरकत में आए। पुलिस टीम ने अपने निजी व विभागीय वाहनों की मदद से फंसे हुए सभी पर्यटकों तक पहुंच बनाई।

उधर, डीएसपी केलांग केडी शर्मा ने बताया कि इस रेस्क्यू अभियान के दौरान कुल 15 पर्यटकों को सुरक्षित निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। बचाए गए इन पर्यटकों में 12 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं। खराब मौसम और बर्फ की मोटी चादर के बीच पुलिस



जवानों द्वारा दिखाई गई इस तत्परता और समर्पण की स्थानीय लोगों और पर्यटकों द्वारा बेहद सराहना की जा रही है। इस सफल अभियान ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि खाकी का संकल्प हर परिस्थिति में लोगों की सुरक्षा करना है।

बता दें कि शुक्रवार सुबह हिमाचल के कुछ भागों में बारिश और बर्फबारी होती रही। लाहौल-स्पीति में रोहतांग, शिंकुला और बारालाचा पास में एक फीट तक ताजा हिमपात हो चुका है। इससे तीनों दर्रों के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

हिमाचल में पोस्ट मानसून भी रूठा, सामान्य से 10 फीसदी कम बरसे बादल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बेरुखी के बाद अब पोस्ट मानसून सीजन ने भी किसानों की चिंता बढ़ा दी है। आसमान से राहत की उम्मीद लगाए बैठे किसानों को अभी तक मायूसी ही हाथ लगी है। प्रदेश में एक अक्टूबर से शुरू हुए पोस्ट मानसून सीजन के दौरान 12 नवंबर तक सामान्य से 10 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में प्रदेश में महज 29 मिलीमीटर बारिश हुई है, जबकि सामान्य तौर पर 32.2 मिलीमीटर बारिश होती है। बारिश की कमी का सीधा असर खेतों की नमी पर पड़ रहा है और कई क्षेत्रों में गेहूं सहित अन्य रबी फसलों की बिजाई का काम प्रभावित हो रहा है। नवंबर का महीना खेती के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में समय पर बारिश नहीं होने से किसानों को फसल उत्पादन प्रभावित होने की आशंका सताने लगी है। हालांकि, आगामी चार दिन प्रदेश के किसानों के लिए राहत की उम्मीद लेकर आ सकते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है।

युएई में बेकाबू ट्रक ने 23 वाहनों को मारी टक्कर, तीन भारतीयों समेत 14 की मौत

मृतकों में केरल राज्य के जुड़वा भाई और बहन भी शामिल

एजेंसी, दुबई

संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह में वीरवार देर रात एक बेकाबू ट्रक ने 23 वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन भारतीयों समेत 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हुए हैं। मरने वाले भारतीय केरल के मलप्पुरम जिले के एक ही परिवार के थे। इनमें जुड़वा भाई-बहन भी शामिल हैं। टक्कर के बाद कई गाड़ियों में आग लग गई। कुछ शव बुरी तरह जल गए हैं, इसलिए मृतकों की पहचान के लिए डीएनए जांच कराई जा रही है। यूएई के गृह मंत्रालय के मुताबिक, हादसा फुजैराह शहर के एंट्री रूट पर आधी रात से कुछ समय पहले हुआ। सड़क पर ट्रैफिक धीमी गति से चल रहा था। इसी दौरान एक ट्रक के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। ट्रक पहले एक वाहन से टकराया और फिर पलटकर सड़क पर धीमी रफ्तार से चल रहे या रुके हुए वाहनों से जा भिड़ा। टक्कर के बाद लगी आग तेजी से आसपास की गाड़ियों में फैल गई। हादसे में कुल 23 वाहन शामिल थे, जिनमें 18 कारें और 5 ट्रक थे।



हादसे में मरने वालों में 7 देशों के नागरिक

युएई के गृह मंत्रालय के मुताबिक, हादसे में मारे गए लोगों में यूएई, ओमान, भारत, ब्राजील, पाकिस्तान, जॉर्डन और मिस्र के नागरिक शामिल हैं। हादसे में घायल 30 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया था। इनमें से करीब आधे लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

पीड़ित परिवार की मदद करने के आदेश

हादसे में जान गंवाने वाले तीनों भारतीय की पहचान मुहम्मद अस्मिल, उनकी जुड़वा बहन मिस्ना जुबिन और मुहम्मद फैज के रूप में हुई है। केरल के मुख्यमंत्री वीडी. सतीशन ने पीड़ित परिवार की मदद के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने परिवार को जरूरी सहायता उपलब्ध कराने को कहा है। दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भी भारतीय नागरिकों की मौत की पुष्टि की है।

लाहौर को पीछे छोड़ दिल्ली बना दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, एक्यूआई 478 पहुंचा

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली शुक्रवार को पाकिस्तान के लाहौर को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के आसपास एक्यूआई 478 और आईटीओ इलाके में 455 दर्ज किया गया।

स्विस संस्था आईक्यूएयर के मुताबिक, दिल्ली का एक्यूआई 334 दर्ज हुआ। यह खतरनाक श्रेणी में आता है। इसके मुताबिक, दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर पाकिस्तान का लाहौर है, जिसका एक्यूआई 197 दर्ज हुआ।

देश के 18 शहरों में हवा बहुत खराब



देश के 18 शहरों में औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 301 से 400 के बीच दर्ज किया गया। इनमें हरियाणा के 9, उत्तर प्रदेश के 5, राजस्थान, पंजाब, तमिलनाडु का 1-1 और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली शामिल है। गुरुग्राम का पंचगांव सबसे प्रदूषित रहा। दरअसल, दिल्ली-एनसीआर में जमीन से आसमान में करीब 1000 मीटर तक प्रदूषण की परत बनी हुई है। हरियाणा में 23 शहरों में हवा का स्तर 'बहुत खराब' या 'खराब' रहा।

माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम ठप दिल्ली में 3 फ्लाइट रद्द

एजेंसी, शिकागो। माइक्रोसॉफ्ट में तकनीकी खराबी का असर भारत की हवाई सेवाओं पर भी पड़ा है। शुक्रवार सुबह स्पाइसजेट ने दिल्ली से उड़ान भरने वाली 3 फ्लाइट्स रद्द कर दीं, जबकि दरभंगा और मुंबई जाने वाली 2 फ्लाइट्स लेट हुईं। इसके अलावा हॉन्गकॉन्ग की बैंकिंग सेवाओं, ऑस्ट्रेलिया की खुफिया सर्विस, जापान के सरकारी सिस्टम और फिलीपींस की अदालतों के कामकाज पर भी असर पड़ा है। वहीं, 15 घंटे तक ईमल मीटिंग सेवा बंद रही। दिल्ली एयरपोर्ट ने भी यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले फ्लाइट का स्टेटस चेक करने को कहा गया है। इंडिगो और अकासा एयर ने भी यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

15 घंटे तक ईमेल मीटिंग सर्विस बंद

असम में बस-ट्रक की भिड़ंत में 23 की मौत

मरने वालों में ज्यादातर स्टूडेंट,गाड़ी काटकर शव निकाले

एजेंसी, कांजीरंगा

असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार मिनी बस और कंटेनर ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई। हालांकि, न्यूज एजेंसी पीटीआई ने 12 मौतों की पुष्टि की है। मरने वालों में ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। टक्कर के बाद मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कई यात्री बस के अंदर फंस गए। रेस्क्यू टीम ने बस काटकर शवों को बाहर निकाला। बस में कुल कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है। लोकल मीडिया के मुताबिक, हादसे का शिकार हुई गाड़ी के 12 चालान कट चुके थे। इनमें से 38,500 रुपए का जुर्माना भरा जा चुका था, जबकि 4,000 रुपए का एक चालान अब भी बकाया था। कमर्शियल गाड़ी की ओवरस्पीडिंग पर यह जुर्माना लगता है। गोलाघाट के एसएसपी स्वप्निल डेका ने पीटीआई को बताया कि मिनी बस बोकाखाट से नगांव जा रही थी। शुरुआती जांच के मुताबिक, ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



सियासत मुख्यमंत्री सुक्खू के गृह जिले में भाजपाइयों के बीच अजीबो-गरीब ऊहापोह, चाहबानों की नजर गुटबाजी पर

इधर सरकार के 4 साल का जश्न, उधर पार्टी टिकट पर नजरें

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह जिले में 11 दिसंबर को सरकार 4 साल की सत्ता का जश्न मनाने के लिए तैयारी में जुटी है, जबकि दूसरी ओर विपक्ष में बैठी भाजपा के भीतर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी अपनी दावेदारी को मजबूत करने की खातिर मशक्कत भी शुरू हो रही है। चाहवानों के लिए अलग तरह का माहौल तैयार हो रहा है।

गुटबाजी के ऐसे भंवर में इस जिले में भाजपा का कुनबा अपनी-अपनी ताकत का रूप दिखाने के लिए नए-नए ढंग अख्तियार कर रहा है। एक वर्ग ऐसा भी है, जो मौजूदा सत्ता के साथ सटा-सटा महसूस करता है, जबकि एक ग्रुप कांग्रेस की सत्ता से जूझ रहा है। पार्टी के कार्यक्रमों में इसकी झलक साफ तौर पर दिखती है। अब यह जिला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल का प्रभाव काफी लंबे समय से दिखता आया है। अब सांसद अनुराग ठाकुर इस परिवार से हैं, इसलिए पार्टी का ढांचा किसी नए अंदाज में कितना सरदार होगा इस पर भी चर्चा तो हर कार्यक्रम में रहती है, क्योंकि मौजूदा सुक्खू सरकार के शुरुआती समय में जो कुछ हुआ था, उसी को लेकर तीन बड़े नेता हमीरपुर जिला के भाजपा में पिरोए गए थे। बस वही, इस जिला की पार्टी की सूरत-ए-हाल में नया-नवेला ढांचा तैयार करने में शुरू से ही जुटे रहे हैं।

अब क्योंकि अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं के दरमियान जो लकीर खींची हुई है, उसका प्रभाव निश्चित रूप में चुनावी वर्ष के शुरुआत से ही असर न दिखाए, ऐसा कैसे हो सकता है। दोनों अपने-अपने ढंग से तैयारी में जुटे हुए हैं अपने-अपने कार्यक्रमों का ढांचा तैयार कर रहे हैं। इसी ढांचे के आधार पर उनकी विधानसभा चुनावों की राह तैयार होगी।

सभी विस क्षेत्रों में टिकट के तलबगार

हमीरपुर सदर: विधायक आशीष शर्मा हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन उनकी चुनौतियां भी यहां कोई कम नहीं हैं। हालांकि उनका अंदाज मौजूदा समय में विरोधियों के लिए परेशान करने वाला है। क्योंकि उन्होंने नई भाजपा का भी यहां पर ढांचा तैयार करने में कोई कोर का असर नहीं छोड़ी है। पार्टी के भीतर के नेता परंपरागत या पार्टी के संरचनात्मक ढांचे के द्वारा आगे बढ़े हों, उनकी संख्या भी कोई काम नहीं है, लेकिन बदली परिस्थितियों में वे भी इस समय टिकट की 'चाह' में बेबसी का शिकार हैं।

सुजानपुर: यहां पूर्व विधायक राजेंद्र राणा की मौजूदगी के आगे फिलहाल बाकी कोई भी नई 'चमक' दिखा पाएगा? ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा। हालांकि यह वह विधानसभा क्षेत्र है, जहां उलट-फेर हमेशा होते रहे हैं। बड़े-बड़े राजनीतिक धमाके भी यहां दोनों तरफ हुए हैं। मौजूदा विधायक कैप्टन रंजीत सिंह राणा का कांग्रेस के टिकट पर विधायक बनना और पूर्व में प्रेम कुमार धूमल की चुनावी हार इसकी मिसाल रहे हैं।

बड़सर: इस क्षेत्र में भी पार्टी की भीतरी राजनीति में कई कुछ घटित हो चुका है। पार्टी इस समय जिस इंद्र दत्त लखनपाल के नए भरोसे पर सवार है। वह क्षेत्र की पार्टी राजनीति के लिए कोई मामूली बात नहीं है। 'ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर' की नीति पर सवार विधायक इंद्र दत्त लखनपाल अब आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के भीतर अलग तरह का माहौल बनाए हुए हैं। वे खेमेबाजी में एक तरफा नहीं, थोड़ा इधर-थोड़ा उधर, यानि मेल-मिलाप बनाकर ही आगे बढ़ने के लिए रणनीति बनाए हुए हैं।

भोरंज: भोरंज विधानसभा क्षेत्र में टिकट की चाहत पालने वालों की संख्या के हिसाब से जो अंदरूनी माहौल इस वक्त सार्वजनिक हो चुका है, वह सबसे ज्यादा यहीं है। इस वक्त सुर्खियों में जा नाम हैं, उनमें पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान, जिला परिषद सदस्य पवन कुमार के अलावा नरेश दर्जी का नाम शामिल है। सोशल मीडिया पर चाहे जिला परिषद सदस्य पवन कुमार हूं या फिर जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश दर्जी। अपने-अपने अंदाज में समाजसेवी के अंदाज में चुनावी बिसात बिछाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। इसे चाहे बदलाव की भाषा में परिवर्तित कर लें या फिर नया अंदाज? जो भी हो भोरंज में यही अंदाज चर्चा में है।

नादौन: यहां पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री सबसे मजबूत दावेदार माने जाते रहे हैं। कुछ और नाम भी चर्चा में यहां रहे हैं। लेकिन मौजूदा परिस्थितियां जिस पार्टी के ढांचे पर सवार है, लगता नहीं, कोई बड़ा फेरबदल यहां होने की गुंजाइश पहले हुए हैं। कुल मिलाकर जिला में भाजपा के अंदरुनी हिस्से के कुनबे में अजीबोगरीब स्थिति दिखती हुई नजर आती है। पार्टी हाई कमान अंदरूनी तौर पर सर्वे भी करवा रही है लेकिन इस सर्वे को लेकर कोई भी पुख्ता तौर पर जानकारी देने की स्थिति में नहीं हैं।

मणिपुरः उग्रवादियों की फायरिंग में चार लोगों की गई जान

एजेंसी, इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को उग्रवादियों ने दो गाड़ियों पर गोलीबारी की। इसमें दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना इम्फाल-उखरुल रोड के न्यू हेवन इलाके में हुई। हथियारबंद हमलावरों ने दोनों चार पहिया वाहनों पर गोलियां चलाईं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों गाड़ियों में सफर कर रहे दो पुरुष और दो महिलाएं मौके पर ही मारे गए। वाहनों की विंडशील्ड पर गोलियों के निशान मिले हैं। यह घटना कांगपोकपी के ताफोउ कुकी गांव और पड़ोसी सेनापति जिले के कैलेंगजांग के पास हुई गोलीबारी के एक दिन बाद हुई है। उस घटना में 42 साल की कुकी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दो पुरुष घायल हुए थे। इस साल फरवरी से कुकी और नगा समुदायों के बीच हुई झड़पों में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं।

चिट्टा तस्करों की 92 करोड़ की अवैध संपत्ति सीज : सीएम सुक्खू

मंडी में एंटी चिट्टा वॉकाथॉन से नशे के सौदागरों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का किया ऐलान, बोले- नशे के सौदागरों को नहीं बख्शेंगे

अनंत ज्ञान

अनिल शर्मा, मंडी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चिट्टा तस्करों के खिलाफ सरकार के कड़े रुख को दोहराते हुए साफ किया कि युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले नशे के सौदागरों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा पीढ़ी को नशे के जाल से बचाने के लिए सरकार पूरी मजबूती से कार्रवाई कर रही है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को मंडी में आयोजित एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकाथॉन का नेतृत्व कर रहे थे। वॉकाथॉन पड्डल मैदान से शुरू होकर बस स्टैंड और सेरी मंच तक पहुंची तथा वापस पड्डल मैदान में संपन्न हुई। इसमें जिलेभर से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और आम लोगों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को एंटी चिट्टा शपथ दिलाकर नशे के खिलाफ इस मुहिम में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया। पड्डल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चिट्टे का कारोबार करने वाले लोग केवल



कानून ही नहीं तोड़ रहे, बल्कि पैसों के लिए युवाओं की जिंदगी और परिवारों का भविष्य तबाह कर रहे हैं।

ऐसे लोगों के लिए हिमाचल में कोई जगह नहीं है। सरकार और पुलिस इनके नेटवर्क को तोड़ने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सरकारी भूमि पर बनी 22 संपत्तियों को खाली करवाकर ध्वस्त किया गया है, जबकि नशा तस्करों की अवैध कमाई से बनाई गई 92 करोड़ रुपए की संपत्ति सीज की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिट्टा तस्करी के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस और सरकार के भरोसे नहीं जीती जा सकती। इसके लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगा। हर मां-बाप, शिक्षक, पंचायत, महिला मंडल और युवा मंडल को इस मुहिम का हिस्सा बनना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के युवाओं को भी इस लड़ाई की जिम्मेदारी उठानी होगी।

सूचना देने वाले का नाम रहेगा गुप्त

सीएम ने युवाओं से अपील की कि चिट्टे की बिक्री या नशे से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी मिलने पर चुप्पी न साधें। ऐसी सूचनाएं आपातकालीन टोल फ्री नंबर 112 के माध्यम से अधिकारियों के साथ विश्वसनीय जानकारी साझा करें। सूचना देने वालों की जानकारी गुप्त रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नशा तस्करों के खिलाफ सटीक जानकारी देने वालों को पुरस्कृत करने का प्रावधान भी किया है।

6 करोड़ के पुस्तकालय का किया शिलान्यास

सीएम ने दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंडी में छह करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से बनने वाले जिला पुस्तकालय भवन का शिलान्यास भी किया।

ये रहे उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा, चंद्रशेखर और सुरेश कुमार, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, रंगीला राम राव और प्रकाश चौधरी, पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल, एससी सेल कांग्रेस के अध्यक्ष नरेश चौहान, जिला अध्यक्ष चम्पा ठाकुर, पीसीसी उपाध्यक्ष जीवन ठाकुर, महासचिव पवन ठाकुर, धर्मवीर धामी, दीपक शर्मा, रेगुलेटरी कमीशन के सदस्य विजय पाल, जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष शशि शर्मा, एचपीएमसी बोर्ड निर्देशक सदस्य जोगिंदर गुलेरिया, नशा निवारण बोर्ड के उप समन्वयक संजय भारद्वाज, सदस्य नरेश कुमार ठाकुर, सराज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगदीश रेडडी, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, उपायुक्त अपूर्व देवगन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

लवी मेले में जीवंत होती है हिमालय की सदियों पुरानी व्यापारिक विरासत

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक नगरी रामपुर बुशहर में आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय लवी मेला केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हिमालय की सदियों पुरानी व्यापारिक परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और आपसी सौहार्द का जीवंत दस्तावेज है।

सतलुज नदी के किनारे बसे रामपुर की पहचान इस मेले के कारण देश-दुनिया में अलग स्थान रखती है। सदियों से चली आ रही इस परंपरा ने रामपुर को तिब्बत, किन्नौर और दूसरे हिमालयी क्षेत्रों के साथ व्यापारिक संबंधों का प्रमुख केंद्र बनाया। कभी ऊनी वस्त्रों, पश्मीना, नमक, सूखे मेवों और पारंपरिक उत्पादों के आदान-प्रदान से शुरू हुई यह परंपरा आज भी अपनी ऐतिहासिक गरिमा के साथ आगे बढ़ रही है।

लवी मेले का इतिहास बुशहर रियासत के समय से जुड़ा हुआ है। इस मेले को हिमाचल के सबसे पुराने और विशिष्ट व्यापारिक मेलों में गिना जाता है। इसकी विशेषता यह रही है कि यहां व्यापार केवल सामान की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं था, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक रिश्तों को भी मजबूत करता था। समय के साथ मेले का स्वरूप बदला है, मगर इसकी मूल आत्मा आज भी कायम है। यहां पहुंचने वाले व्यापारी, दस्तकार, किसान और पर्यटक हिमाचल की लोकसंस्कृति, पारंपरिक उत्पादों, हस्तशिल्प और पहाड़ी खानपान से रू-ब-रू होते हैं।

आज अंतरराष्ट्रीय लवी मेला रामपुर बुशहर की सांस्कृतिक पहचान और हिमाचल प्रदेश के पर्यटन का महत्वपूर्ण आकर्षण बन चुका है। मेले में सजने वाले व्यापारिक स्टॉल, पारंपरिक वस्तुओं की खरीदारी, लोकनृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्थानीय उत्पादों की रौनक इस आयोजन को खास बनाती है। यह मेला नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, इतिहास और पूर्वजों की व्यापारिक दूरदर्शिता से जोड़ने का अवसर भी देता है। बदलते दौर में लवी मेले का संरक्षण केवल एक परंपरा को जीवित रखना नहीं, बल्कि हिमाचल की ऐतिहासिक अस्मिता, सांस्कृतिक गौरव और सदियों पुराने अंतरक्षेत्रीय संबंधों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सराहे हिमाचल के शिक्षा प्रयास

ओंकार शर्मा और सोनाक्षी तोमर राष्ट्रपति भवन में सम्मानित, एकलव्य विद्यालयों की उपलब्धियों को मिली राष्ट्रीय पहचान

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष समारोह में हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा और किन्नौर की उपायुक्त सोनाक्षी तोमर को सम्मानित किया।

जनजातीय गौरव पखवाड़ा-2026 के तहत आयोजित कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के उत्कृष्ट कार्यों और जनजातीय विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की गई। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण



शिक्षा और बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में देशभर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के 146 मेधावी विद्यार्थी और पूर्व विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें दसवीं और बारहवीं के टॉपर विद्यार्थियों के अलावा आईआईटी, एनआईटी, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पाने वाले युवा भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी उपलब्धियों और संघर्षों की सराहना की। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा के जनजातीय कल्याण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

हिमाचल के दो वरिष्ठ अधिकारियों को मिला यह सम्मान जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

कांग्रेस की फर्जी गारंटियों ने हिमाचल को कर्ज में डुबोया : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

◆ **कहा- प्रदेश पर 1.12 लाख करोड़ का कर्ज, 2027 में भाजपा करेगी सत्ता में वापसी**

ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला के शताब्दी समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के गौरवशाली इतिहास और पूर्व विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की। साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला।



अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की कथित फर्जी गारंटियों ने हिमाचल को आर्थिक संकट में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पर 1.12 लाख करोड़ रुपए का कर्ज हो चुका है और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बीबीएमबी में हिमाचल के 7.19 प्रतिशत हिस्से का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भाजपा ने प्रदेश के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया है। उन्होंने केंद्र सरकार की किसान नीतियों और न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी का भी उल्लेख किया। ठाकुर ने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस को जवाब देगी और भाजपा दोबारा सत्ता में आएगी।

हिमाचल में भांग से बनेंगी जीवनरक्षक दवाएं

बद्दी की दो और पांवटा साहिब की एक फार्मा कंपनी को मिला लाइसेंस

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में पारंपरिक खेती के साथ अब औषधीय खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने नियंत्रित तरीके से औषधीय भांग की खेती और उससे दवाओं के निर्माण का रास्ता खोल दिया है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ने और फार्मा उद्योग में नए निवेश की उम्मीद जगी है।

प्रदेश में बद्दी की दो और पांवटा साहिब की एक फार्मा कंपनी को भांग से दवाएं बनाने के लाइसेंस जारी किए गए हैं। वहीं, कुल्लू, मंडी और शिमला जिले के करीब 24 किसानों ने भी नियंत्रित खेती के लिए लाइसेंस हासिल किए हैं। सरकार किसानों को खेती के लिए प्रमाणित बीज उपलब्ध करवाने की तैयारी कर रही है। इस योजना के तहत लाइसेंस शुल्क में भी राहत दी गई है। पहले किसानों को प्रति बीघा तीन लाख रुपए वार्षिक शुल्क देना पड़ता था, जिसे घटाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है। इसी तरह प्रसंस्करण और विनिर्माण इकाइयों का लाइसेंस शुल्क दो करोड़ से घटाकर एक करोड़ रुपए वार्षिक किया गया है। ये बदलाव राज्य कर एवं आबकारी विभाग के दूसरे संशोधन नियम, 2026 के तहत किए गए हैं।

औषधीय भांग में पाए जाने वाले कैनाबिनॉइड तत्वों का इस्तेमाल कुछ विशेष दवाओं के निर्माण में किया जाता है। इन दवाओं का उपयोग कैंसर मरीजों में कीमोथेरेपी के दौरान होने वाली उल्टी, दर्द और भूख संबंधी समस्याओं को कम करने में किया जाता है। आबकारी विभाग के सचिव डॉ. यूनुस के अनुसार, अधिसूचित नीति के तहत पंजीकरण प्रक्रिया जारी है।

बिना लाइसेंस खेती करना अपराध

औषधीय भांग की खेती, भंडारण, परिवहन और प्रसंस्करण निर्धारित कानूनी नियमों के तहत ही किया जा सकेगा। बिना लाइसेंस खेती और अवैध कारोबार कानूनन अपराध है। सरकार के सामने अब पारदर्शी क्रियान्वयन, किसानों को तकनीकी सहायता और तैयार उत्पादों के लिए बाजार विकसित करने की चुनौती होगी।

संपत्तियों पर सवालों से बच रही सरकार, सच है तो तथ्य करें सार्वजनिक : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर प्रदेश की संपत्तियों को लेकर पारदर्शिता न बरतने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से सवाल किया कि यदि सरकार ने हिमाचल की संपत्तियां नहीं बेची हैं तो तथ्यों को सार्वजनिक करने से परहेज क्यों किया जा रहा है। फागू में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि एचपीटीडीसी के पुराने होटलों, पीटरहॉफ और हिमाचल निकेतन को लेकर क्या योजना बनाई गई है और इन्हें किसे सौंपा जा रहा है। पीपीपी मॉडल के तहत अपनाई गई प्रक्रिया और उससे प्रदेश को होने वाले लाभ की जानकारी भी जनता के सामने रखी जानी चाहिए।

उन्होंने वाइल्ड फ्लावर हॉल की नीलामी में पारदर्शिता पर भी सवाल उठाए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर जानकारी सार्वजनिक करने के बजाय तथ्यों को छिपाने में लगी है। प्रदेश में लगातार नए टैक्स और सेस लगाकर जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।



◆ **पीपीपी मॉडल, हिमाचल निकेतन और पीटरहॉफ को लेकर सीएम से मांगा जवाब**

जयराम ने नशे के बढ़ते प्रचलन को लेकर सरकार की कार्यप्रणाली पर निशाना साधते हुए कहा कि चिट्टे के खिलाफ लड़ाई केवल आयोजनों और प्रचार तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। टी-शर्ट पर मुख्यमंत्री की तस्वीर छपवाने से नशा खत्म नहीं होगा, इसके लिए ईमानदारी से सख्त कार्रवाई और प्रभावी रणनीति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवा नशे की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहे हैं और कई मौतें तो सरकारी रिकॉर्ड तक में दर्ज नहीं हो पातीं। सरकार को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे कार्यक्रमों में शामिल लोगों की पृष्ठभूमि पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने 18 अगस्त को पुलिस की ओर से छह करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़े जाने के मामले का उल्लेख करते हुए सवाल उठाया कि जब पुलिस मुख्य सप्लायर को पकड़ने का दावा कर रही है तो शिमला में इसकी खेप मंगवाने वाले व्यक्ति तक जांच क्यों नहीं पहुंच पा रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सुक्खू सरकार का यह आखिरी शीतकालीन विधानसभा सत्र है और उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस बार विपक्ष के सवालों का ईमानदारी से जवाब देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों से सरकार सवालों से बचने, जनता पर टैक्स और सेस का बोझ डालने तथा सुविधाएं छीनने की नीति पर चल रही है। सूचना एकत्र करने के नाम पर सदन में सवालों के जवाब टालना उचित नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश ने पहली बार ऐसा मुख्यमंत्री देखा है, जिस पर सदन को गुमराह करने के आरोप लग रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस बार प्रतिशोध की भावना छोड़कर रचनात्मक सोच के साथ काम करेगी और विधानसभा की गरिमा बनाए रखते हुए विपक्ष के सवालों का स्पष्ट जवाब देगी।

ईएमआरएसएसटी-2027 की चयन परीक्षा 15 को: डॉ. राजेश शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा (ईएमआरएसएसटी)-2027 का आयोजन 15 नवंबर, 2026 को प्रदेशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। यह परीक्षा प्रदेश के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आयोजित की जा रही है।



डॉ. शर्मा ने बताया कि उक्त चयन परीक्षा अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। इसके अतिरिक्त, निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले अन्य वर्गों के ऐसे बच्चे, जिन्होंने कोविड-19, बीमारी अथवा अन्य कारणों से अपने माता-पिता को खो दिया है, दिव्यांग अभिभावकों के बच्चे, भूमि दान करने वाले परिवारों के बच्चे तथा अनाथ बच्चे भी इस परीक्षा में शामिल होने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 5 नवंबर, 2026 को ही बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं किए हैं, वे हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर जाकर अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करें। बोर्ड अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि वे परीक्षा से पूर्व अपने प्रवेश पत्र में अंकित रोल नंबर, परीक्षा केंद्र एवं अन्य विवरण ध्यानपूर्वक जांच लें तथा परीक्षा के दिन निर्धारित समय से पूर्व अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। साथ ही, परीक्षा के दौरान बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

रूट परमिट वैध होने के बावजूद बीमा कंपनी ने खारिज किया क्लेम, अब ब्याज समेत देने होंगे 23 हजार रुपए

अनंत ज्ञान

◆ **जिला उपभोक्ता आयोग धर्मशाला ने माना सेवा में कमी, 5 हजार रुपए मुआवजा और 7500 रुपए मुकदमे का खर्च भी देने के आदेश**

ब्यूरो, धर्मशाला। वाहन का रूट परमिट वैध होने के बावजूद बीमा क्लेम खारिज करना बीमा कंपनी को महंगा पड़ गया है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग कांगड़ा स्थित धर्मशाला ने बीमा कंपनी की कार्रवाई को अनुचित मानते हुए उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग ने कंपनी को 23,020 रुपए 33 पैसे की बीमा राशि नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा मानसिक परेशानी और सेवा में कमी के लिए पांच हजार रुपये मुआवजा तथा 7500 रुपए मुकदमे और वकील की फीस के रूप में देने को कहा है।

मामले के अनुसार, धर्मशाला तहसील के अपर छतेहर निवासी विष्ण दास ने मारुति टूर-एच1 यात्री कार स्वरोजगार के उद्देश्य से खरीदी थी। वाहन का नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से 16 फरवरी 2023 से 15 फरवरी 2024 तक बीमा करवाया गया था। 14 अगस्त 2023 को उनका बेटा कार लेकर कांगड़ा से लौट रहा था। घुरकरी के पास आगे चल रही निजी बस के अचानक ब्रेक लगाने से उसके पीछे चल रही ऑल्टो कार ने भी ब्रेक लगा दिए। इस दौरान विष्ण दास की कार ऑल्टो से टकरा गई, जिससे वाहन के बंपर, लाइट, एसी और बोनट को नुकसान पहुंचा। इसके बाद कार की मरम्मत कांगड़ा व्हीकल्स वर्कशॉप में करवाई गई, जिस पर 25,935 रुपए खर्च हुए। शिकायतकर्ता ने यह राशि नकद चुकाई, लेकिन बीमा कंपनी ने रूट परमिट वैध न होने का हवाला देकर क्लेम खारिज कर दिया। इसके बाद वाहन मालिक ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दायर की।

सुनवाई के दौरान आयोग ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय धर्मशाला/कांगड़ा से रिकॉर्ड तलब किया। इसमें सामने आया कि वाहन को 12 जुलाई 2023 को ही अनुबंध कैरिज परमिट जारी किया गया था, जो दुर्घटना के दिन 14 अगस्त 2023 को पूरी तरह वैध था। ऐसे में आयोग ने माना कि बीमा कंपनी ने उचित जांच किए बिना क्लेम खारिज किया, जो सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार है।

आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा तथा सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की पीठ ने 12 नवंबर 2026 को शिकायत स्वीकार करते हुए बीमा कंपनी को उक्त आदेश जारी किए। बीमा क्लेम की राशि पर शिकायत दायर करने की तारीख से वास्तविक भुगतान तक नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

ऊना पुलिस ने नशा तस्करों की 2 .25 करोड़ की अवैध संपत्ति की फ्रीज

अनंत ज्ञान

◆ **2026 में अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 90 मामले दर्ज 152 आरोपी गिरफ्तार**

◆ **सात आरोपियों पर पीआईटी-एनडीपीएस के तहत कार्रवाई**

ऊना। जिला पुलिस ऊना ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए उनके अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों पर बड़ा प्रहार किया है। वर्ष 2026 में अब तक पुलिस ने चार मामलों में 2 करोड़ 25 लाख 74 हजार 339 रुपए की संपत्तियां फ्रीज की हैं। इनमें आरोपियों और उनके परिजनों की संपत्तियों, बैंक खातों तथा सावधि जमा को भी शामिल किया गया है।

पुलिस थाना अंब के तहत दिसंबर 2025 में दर्ज एक मामले में आरोपी अंकुश पराशर उर्फ अंकु से 2,330 ट्रामाडोल टैबलेट (233 ग्राम) और 24 लाख 34 हजार 540 रुपए नकद बरामद किए गए थे। मामले की वित्तीय जांच में आरोपी, उसके पिता और पांच अन्य सगे रिश्तेदारों की कुल 68 लाख 71 हजार 961 रुपए की संपत्ति फ्रीज की गई है। वहीं, पुलिस थाना सदर ऊना में दर्ज अभियोग संख्या 148/26 में आरोपी बलविंद्र कुमार और उसकी पत्नी के नाम फ्रीज की गई 19.21 लाख रुपए की संपत्ति में से 16 लाख रुपए की संपत्ति को सक्षम प्राधिकारी ने जब्त करने की पुष्टि कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पूर्व में भेजे गए तीन मामलों में 1 करोड़ 57 लाख 2 हजार 432 रुपए की संपत्तियों में से 1 करोड़ 1 लाख 77 हजार 12 रुपए की संपत्ति फ्रीज करने के आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा पुष्टि किए जा चुके हैं। नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत वर्ष 2026 में अब तक एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत 90 मामले दर्ज कर 152 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस ने 1.663 किलोग्राम हेरोइन, 494.114 किलोग्राम भुक्की, 6.163 किलोग्राम चरस, 9.09 किलोग्राम गांजा, 196 ग्राम अफीम और 9 लाख 73 हजार 200 रुपए नकद बरामद किए हैं।

इसके अलावा नशे की सप्लाई चेन तोड़ने के लिए पुलिस बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज पर भी विशेष ध्यान दे रही है। हेरोइन के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ भेजे गए सात पीआईटी-एनडीपीएस प्रस्तावों को हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्वीकार किया है। इसके परिणामस्वरूप संबंधित व्यक्तियों को तीन माह के लिए निरुद्ध किया गया है।

जिला पुलिस ऊना ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करों के खिलाफ गिरफ्तारी और बरामदगी तक ही कार्रवाई सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उनके अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों की वित्तीय जांच कर उन्हें जब्त करने की प्रक्रिया भी लगातार जारी रहेगी। पुलिस का लक्ष्य नशा तस्करी के आर्थिक नेटवर्क को तोड़कर नशा मुक्त हिमाचल के संकल्प को साकार करना है।

धरोहर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली से जुड़ी हैं चाचा नेहरू की खास यादें

जब मनाली का यह शांत कोना बना देश की सियासत का पावर सेंटर

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू। पर्यटन नगरी मनाली सिर्फ एक खूबसूरत हिल स्टेशन ही नहीं, बल्कि एक दौर में देश की सियासत का पावर सेंटर भी रहा है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का मनाली से गहरा और अनूठा रिश्ता रहा है। यहीं की शांत वादियों में उन्होंने देश के भविष्य का ताना-बाना बुनने के साथ-साथ 'पंचशील समझौते' की भी नींव रखी थी।

परिधि गृह (जंगली साहब की कोठी) से जुड़ी नेहरू की ये यादें आज भी इस ऐतिहासिक धरोहर में जीवंत हैं। मनाली के मध्य में स्थित परिधि गृह इस बात का गवाह है कि जब देश के पहले प्रधानमंत्री पहली बार यहां आए थे, तो वे इसी भवन में ठहरे थे। उनके उपयोग में लाया गया चांदी का टी-सेट, चम्मच और अन्य बर्तन आज भी यहां एक सुरक्षित अलमारी में संभालकर रखे गए हैं। समय के साथ भवन के स्वरूप में कुछ आधुनिक बदलाव जरूर किए गए हैं, लेकिन इसके मूल ढांचे से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। पं. नेहरू का कुल्लू-मनाली के चप्पे-चप्पे से लगाव था। विश्व धरोहर गांव नग्गर में उनका नियमित आना-जाना था और वे अक्सर वहां स्थित प्रसिद्ध आर्ट गैलरी घूमने जाया करते थे। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार जब नेहरू लाहौल-स्पीति के दौरे पर जाते थे तो वे कोठी स्थित इसी रेस्ट हाउस में ठहरते थे और वहां से घोड़ों पर सवार होकर आगे की यात्रा तय करते थे। वर्ष 1958 में वे लगभग एक महीने के लंबे प्रवास पर मनाली आए थे, जिनकी मेहमाननवाजी के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। लिहाजा, भले ही समय बदल गया हो, लेकिन मनाली की आबोहवा आज भी देश के पहले प्रधानमंत्री के उन ऐतिहासिक पलों और राजनीतिक परिपक्वता की अनमोल दास्तान बयां करती है।



पर्यटन नगरी मनाली में परिधि गृह जहां पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू रहे थे तथा परिधि गृह में रखे पुराने बर्तन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पैशल

क्रिप्स मिशन की मायूसी और 'पंचशील' का वैचारिक ताना-बाना

इतिहास के पन्नों के अनुसार कुल्लू-मनाली की इन शांत वादियों में ही भारत-चीन के बीच हुए ऐतिहासिक 'पंचशील समझौते' की वैचारिक नींव पड़ी थी। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' (पृष्ठ 364) में नेहरू ने जिक्र किया है कि क्रिप्स मिशन की विफलता से जब वे बेहद परेशान और मायूस थे, तब उन्होंने नग्गर की शांत वादियों को अपने चिंतन और कर्मक्षेत्र के रूप में चुना था। उनका स्पष्ट मानना था कि प्रकृति की एकांतस्थली में ही बड़ी योजनाओं को सही दिशा और आत्मिक शांति मिलती है।

सादगी की मिसाल और सुरक्षा के अनूठे किस्से

नेहरू जी की सादगी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे अपने सुरक्षा कर्मियों को हमेशा खुद से दूर रहने की सख्त हिदायत देते थे। वे तत्कालीन कांगड़ा के डीसी एन खोसला के साथ बिना किसी प्रोटोकॉल के खुलकर मनाली की वादियों का आनंद लेते थे। नतीजतन, सुरक्षाकर्मियों को गुपचुप तरीके से जंगलों के रास्तों से सुरक्षा घेरा बनाना पड़ता था। मनाली के बारे में उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था 'यहां साकार मूक वास्तविकता का अनुभव होता है। उनके आगमन से पूर्व मनाली में शौचालय में आधुनिक शीट नहीं होते थे। प्रधानमंत्री की व्यवस्था के लिए फर्नीचर व शीट लगवाने के लिए अमृतसर से अधीक्षण अभियंता बसंत सिंह विशेष रूप से मनाली आए थे।



अंतरराष्ट्रीय लवी मेला-2026

लवी रामपुर बुशहर

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई





आभार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रति अपना विश्वास, स्नेह और सहयोग बनाए रखने वाले सभी सम्मानित विज्ञापनदाताओं का हृदय की गहराइयों से आभार। आपका सहयोग हमारी पत्रकारिता की यात्रा को निरंतर मजबूती और नई ऊर्जा प्रदान करता है। आपके विश्वास के लिए हम सदैव कृतज्ञ रहेंगे।

आत्मा सिंह, विशेष संवाददाता
रामपुर बुशहर/कुमारसैन
मो. 9817603840







अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2026
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

NAVKIRAN EYE HOSPITAL

Cataract Surgery
Glaucoma Surgery
Cornea Transplant

NH-5 NIRSU, TEH. RAMPUR
DISTT. SHIMLA (H.P) 172001
+91 70183 11931, +91 77460 00094


अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2026
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2026
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

राज कुमार गौतम
पूर्व प्रधान
ग्राम पंचायत शिंगला (रामपुर बुशहर)

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2026
की हार्दिक शुभकामनाएं



BOXING TRAINING - JOIN NOW
LKG to 10th - All Classes | Discipline • Power • Confidence
Physically & Mentally Strong with Studies | Special Coaching by Expert Coach

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 2026
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ

SPRINGDALE SCHOOL
RAMPUR BUSHAHR, H.P.

DREAM BIGGER.
PREPARE BETTER.

NEW BOARDING CAMPUS
WITH PW COACHING

JEE • NEET • FOUNDATION



ADMISSIONS OPEN
2027–28
CLASS KG TO 12th

BOARDING · ONLY 70 SEATS
HOSTEL
CLASS 3rd TO 12th

CALL FOR ADMISSION
98160 77066 80917 45229
springdalerampur.in
@springdalerampur

सनशाइन स्कूल रामपुर बुशहर
की तरफ से सभी को
अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक मेल
लवी की
हार्दिक शुभकामनाएं

SUNSHINE SCHOOL
RAMPUR BUSHAHR



श्रीमती सुषमा मखेक जी
सनशाइन स्कूल रामपुर बुशहर

मेला लवी हमारी संस्कृति, परंपरा और समृद्धि का प्रतीक है। आइए, इस पावन अवसर पर सभी मिलकर मेले की शोभा बढ़ाएं और इसकी गरिमा को और ऊँचा करें।

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2026
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

THE MAHESH REGENCY



Special Arrangement for Marriage & Parties

NEW NIRSU, RAMPUR BUSHAHR, DISTT. SHIMLA (H.P.)
Mob.: 94592-02255, 92185-44255, 92186-44255
E-mail: maheshregencynirsu09@gmail.com
Website: www.maheshregency.com



Hotel MAHESH

BAR, RESTAURANT & BANQUET HALL
JHAKRI, RAMPUR BUSHAHR (SITUATED ON NH-5)
Mob.: 98572-76928, 88943-20255,
92185-44255, 92186-44255, 94180-75355,
E-mail: dushudev@gmail.com

Sarvpalli Radhakrishnan
B Ed/M.Ed and Degree College

Courses
B.Ed/M.Ed
B.A., B.Sc, B.Com

The College is affiliated to H.P. University & Recognized by the NCTE
NOGLI (BALNA), RAMPUR BSR, DISTT. SHIMLA (H.P.)



Founder cum Chairman
Dr Mukesh Kumar
(Gold Medalist)
Contact No. 94180 33691,
98167 02200

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 2026
की सर्वपल्ली राधाकृष्णन परिवार की तरफ से
सभी प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

Principal
Dr Seema Bhardwaj
Contact No. +91 98162 04932

Email: sarvpalli.com | sprkite@gmail.com | rsarvpalli@gmail.com

बुशहर बी.एड. संस्थान नोगली (कलना)

की तरफ से
समस्त प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय लवी मेले
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



पवन आनंद
अध्यक्ष

हितेन्द्र गुप्ता
कोषाध्यक्ष

ई. राजीव शर्मा
सचिव

डॉ. तिलक राज भारद्वाज
प्राचार्य

अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला -2026

के शुभअवसर पर

मेहता स्टोन क्रशर रामपुर

की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं



O.P Mehta
prop.

न्यूज ब्रीफ

पीओ सेल ने ज्वालामुखी में दबोचा भगोड़ा अपराधी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। जिला पुलिस हमीरपुर की पीओ सेल ने फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत घोषित अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान राजेश कुमार निवासी गांव बस्ती कोहाला, तहसील ज्वालामुखी के रूप में हुई है। आरोपी नादौन में दर्ज शिकायत संख्या 64/2023 के तहत धारा 138 एनआई एक्ट (चेक बाउंस) के मामले में वांछित था। एसीजेएम नादौन ने 3 जनवरी 2026 को उसे घोषित अपराधी करार दिया था। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। 13 नवंबर को एएसआई मनोज कुमार और एचएचसी रमेश की टीम ने लगातार प्रयासों और तकनीकी निगरानी के बाद आरोपी को ज्वालामुखी के नजदीक सलोह से गिरफ्तार कर लिया। हमीरपुर पुलिस ने कहा कि फरार और घोषित अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पीएम श्री स्कूल नादौन में धूमधाम से मनाया बाल दिवस, लोकगीतों पर झूमे विद्यार्थी और शिक्षक



अनंत ज्ञान, नादौन। पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यालय के संस्कृत अध्यापक आचार्य नरेश मलोटिया ने बताया कि छात्राओं ने नृत्य, लोकगीत, समूहगान और विभिन्न नाटकों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम की तैयारियों में अध्यापिकाओं अनु बाला और रजनी बाला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रधानाचार्य स्वरूप चंद चौधरी का छात्राओं के साथ लोकगीतों पर नृत्य करना रहा। बच्चों के आग्रह पर विद्यालय के अन्य शिक्षक भी उनके साथ झूमे। प्रधानाचार्य ने कहा कि बाल दिवस बच्चों का विशेष दिन है और इसे उनकी खुशी एवं इच्छाओं के अनुसार मनाया जाना चाहिए। बच्चों का उत्साह और मुस्कान ही इस आयोजन की वास्तविक सार्थकता है।

सुखी परिवार योजना के लाभार्थियों का सत्यापन, 242 पंचायतों में होंगी ग्राम सभाएं

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। मुख्यमंत्री अपना परिवार, सुखी परिवार योजना के तहत चिन्हित परिवारों के अंतिम सत्यापन के लिए हमीरपुर जिला की सभी 242 ग्राम पंचायतों में



विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त गंधर्व राठौड़ ने इसके लिए 16 से 18 नवंबर तक की तिथियां निर्धारित कर दी हैं। इस संबंध में जारी आदेशों के अनुसार जिला के सभी छह विकास खंडों की पंचायतों में अलग-अलग दिन ग्राम सभाएं होंगी। इन बैठकों में योजना के नौ चरणों के तहत चिन्हित परिवारों की पात्रता का अंतिम सत्यापन किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी पंचायतवासियों से निर्धारित तिथियों पर ग्राम सभा में भाग लेने की अपील की है, ताकि योजना के तहत वास्तविक पात्र परिवारों को लाभ मिल सके।

सुजानपुर बस स्टैंड से भाजपा का फ्लेक्स हटाने पर भड़के नेता, पुलिस में शिकायत की चेतावनी

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर बस स्टैंड के पास लगाए गए भाजपा के प्रचार फ्लेक्स को हटाने पर पार्टी नेताओं ने कड़ी नाराजगी जताई है। सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवंत सिंह और बमसन मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा ने प्रेस वार्ता कर इसे भाजपा के



खिलाफ साजिश करार दिया। दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि फ्लेक्स लगाने की अनुमति 31 दिसंबर तक थी, इसके बावजूद इसे बीच में ही हटा दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि वैध अनुमति होने के बावजूद फ्लेक्स हटाने का आदेश किसने दिया। भाजपा नेताओं ने कहा कि यदि किसी को फ्लेक्स से आपत्ति थी तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए थी। बिना सूचना दिए प्रचार सामग्री हटाना उचित नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस मामले में जल्द पुलिस में शिकायत दर्ज करवाकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। इस दौरान नेताओं ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा और विकास कार्यों को लेकर सवाल उठाए।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए हमीरपुर में 21 को होंगे ऑडिशन, 15 से 29 वर्ष के युवा लें भाग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राज्य स्तरीय युवा उत्सव-2027 के लिए जिला हमीरपुर के प्रतिभागियों का चयन 21 नवंबर को किया जाएगा। युवा सेवाएं एवं खेल विभाग की ओर से सुबह 9 बजे सलासी स्थित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय एवं संस्कृति सदन में ऑडिशन आयोजित होंगे। जिला युवा अधिकारी सन्नी कुमार ने बताया कि उत्सव के लिए समूह लोक नृत्य, समूह लोक गायन, नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन और चित्रकारी की पांच प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों का चयन होगा। इन सभी प्रतियोगिताओं का विषय 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' रहेगा। इनमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। लोक नृत्य और लोक गायन के लिए 10 प्रतिभागियों का दल जरूरी है। वहीं, नुक्कड़ नाटक में अधिकतम 10 प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। कविता लेखन में दो प्रतिभागियों को मौका मिलेगा। इच्छुक युवा निर्धारित आवेदन प्रपत्र के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, आयु प्रमाण पत्र और उपलब्धियों के प्रमाण पत्र संलग्न कर जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। आवेदन ईमेल के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं।

सीएम के गृह जिले में 6 माह से बदहाल सड़क, गड्ढों और धूल से लोग परेशान

जल शक्ति विभाग ने पाइपलाइन के लिए उखाड़ी थी बिझड़ी-मैहरे वाया गारली बाहिना सड़क

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। बिझड़ी से मैहरे बाया गारली बाहिना के समीप सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब बनी हुई है। करीब छह महीने पहले जल शक्ति विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए इस सड़क मार्ग को उखाड़ा गया था, लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। हालत यह है कि अब सड़क कम और गड्ढे ज्यादा नजर आ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क को ठीक करवाने के लिए कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सड़क से वाहन गुजरने पर धूल-मिट्टी उड़कर आसपास के घरों तक पहुंच रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



इस सड़क से रोजाना स्कूली बच्चे भी आवाजाही करते हैं। धूल के कारण बच्चों की स्कूल ड्रेस तक गंदी हो जाती है। कई बार बच्चे इस परेशानी के चलते स्कूल जाने से भी मना कर देते हैं। वहीं, सड़क पर पड़े गड्ढों और बिखरी मिट्टी के कारण स्कूटर व मोटरसाइकिल चालक भी कई बार फिसलकर गिर चुके हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की खस्ताहालत से न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि उड़ती धूल से लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क को उखाड़ा गया था, तो काम पूरा होने के बाद इसकी मरम्मत करवाना भी विभाग की जिम्मेदारी थी।

हैरानी की बात है कि मुख्यमंत्री के गृह जिले की सड़क की हालत पिछले छह महीनों से ऐसी बनी हुई है। सड़क की मौजूदा तस्वीरें ही इसकी बदहाली की कहानी बयां कर रही हैं। अब स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत करवाने की मांग उठाई है। लोगों का सवाल है कि आखिर इस सड़क की सुध कब ली जाएगी और उन्हें इस परेशानी से कब निजात मिलेगी?

इस संदर्भ में है जब कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा मामला ध्यान में है। वहां पर पेपर ब्लॉक लगने हैं। सारे दस्तावेज बनाकर उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दिए हैं। टेंडर लगाना मेरे अधिकार के क्षेत्र में नहीं है।

एक्सईएन नहीं उठाते फोन: कई बार एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को मोबाइल के माध्यम से फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

शादी से पहले अंकिता ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। बेटियां शादी के बाद भले ही ससुराल चली जाएं, लेकिन मायके में उनके हाथों लगाया पौधा हमेशा उनकी यादों को ताजा रखेगा। इसी भावनात्मक सोच के साथ जनसेवक सुशील ठाकुर की 'एक पौधा बेटी के नाम' मुहिम जन-जन तक पहुंच रही है।

इस पहल के तहत मैड़ क्षेत्र की अंकिता ने भी शादी से पहले मायके की बगिया में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अंकिता ने कहा कि यह पौधा उन्हें हमेशा अपनी जड़ों और मायके से जोड़े रखेगा। बड़ा होकर यह पेड़ फल व छाया देने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा। इस अवसर पर उनके पिता महेंद्र सिंह, माता ममता, जनसेवक सुशील ठाकुर और जगजीत ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सुशील ठाकुर ने अंकिता को शगुन भेंट कर सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

◆ **जनसेवक सुशील की 'एक पौधा बेटी के नाम' मुहिम को मिल रहा जनसहयोग**

गौरतलब है कि सुशील ठाकुर वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चला रहे हैं। अब तक दर्जनों पंचायतों में एक लाख से अधिक पौधे वितरित किए जा चुके हैं। इस मुहिम का उद्देश्य बेटियों को मायके की यादों के साथ प्रकृति संरक्षण से भी जोड़ना है।

हिम अकादमी में नन्हे विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया दम



अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर में बाल दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका कंचन लखनपाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों के आकर्षक मार्च पास्ट से हुआ। इसके बाद दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग लेजियम ड्रिल प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान नन्हे विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों और दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। लेमन एंड स्पून रेस और बैलेंस रनिंग रेस बच्चों के लिए विशेष आकर्षण रहीं। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन शिक्षिकाओं सुमन, पूनम और अनुकूल सर के मार्गदर्शन में किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग, सामूहिक भावना और खेल भावना को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और यादगार पलों के साथ संपन्न हुआ।

पूर्व सैनिकों की आउटसोर्स नियुक्तियों के लिए 18 नवंबर से जिलावार स्क्रीनिंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर आउटसोर्स आधार पर भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्तियों के लिए हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम (हिमपैस्को) 18 नवंबर से जिलावार चयन प्रक्रिया शुरू करेगा। यह प्रक्रिया 28 नवंबर तक चलेगी। हिमपैस्को के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कर्नल (सेवानिवृत्त) मनीष कुमार ने बताया कि 18 नवंबर को हमीरपुर और चंबा, 19 व 20 नवंबर को कांगड़ा, 21 को मंडी और बिलासपुर, 23 को ऊना, शिमला और किन्नौर तथा 25 नवंबर को सोलन, कुल्लू, सिरमौर और लाहौल-स्पीति के अन्य रैंकों के पूर्व सैनिकों की स्क्रीनिंग होगी।

जेसीओ श्रेणी की स्क्रीनिंग 26 से 28 नवंबर तक होगी। इसके तहत 26 नवंबर को हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर और सोलन, 27 को कांगड़ा, चंबा और सिरमौर तथा 28 को मंडी, शिमला, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल-स्पीति के अभ्यर्थियों का चयन होगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे हिमपैस्को मुख्यालय में मूल डिस्चार्ज बुक और उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति लेकर पहुंचना होगा। पिछले वर्ष चयनित और प्रतीक्षा सूची में शामिल सैनिकों को दोबारा स्क्रीनिंग देने की आवश्यकता नहीं है। जेसीओ के लिए अधिकतम आयु 54 वर्ष और अन्य रैंकों के लिए 55 वर्ष निर्धारित की गई है। आयु की गणना एक जनवरी 2027 के आधार पर होगी। चयन संबंधी विस्तृत नियम एवं शर्तें हिमपैस्को की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में सिमरन ने मारी बाजी

निर्वाचन विभाग ने भोरंज में किया प्रतियोगिताओं का आयोजन

अनंत ज्ञान



भोरंज। निर्वाचन विभाग ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र 36-भोरंज के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थानों के मतदाता साक्षरता क्लबों (ईएलसी) के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में आयोजित इन दोनों प्रतियोगिताओं में क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमरोह की सिमरन ने पहला, मनोह स्कूल की नैंसी ने दूसरा, महल स्कूल की वंशिका अग्निहोत्री ने तीसरा, बाहनवीं के आदित्य भारद्वाज ने चौथा, बधाणी की अंशिका ने पांचवां, भोरंज की पलक ने छठा, अमरोह के कृष्ण शर्मा ने सातवां, चंबोह की कृतिका शर्मा ने आठवां, भरेड़ी की राधिका शर्मा ने नौंवां और बधाणी के आर्यन केशव ने दसवां स्थान हासिल किया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में महल स्कूल की वंशिका अग्निहोत्री प्रथम, बाहनवीं की तनवी द्वितीय, चंबोह की दिया शर्मा तृतीय, मनोह की महक चतुर्थ, अमरोह की शिवानी पंचम, लदरौर की शगुन छठे, भोरंज की मुस्कान सातवें, मुंडखर की शिवानी आठवें, भरेड़ी के कृपाल सिंह नौंवें और बगवाड़ा की पल्लवी चौहान दसवें स्थान पर रहीं। एसडीएम एवं भोरंज विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी स्वाति डोगरा ने इन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने बताया कि दोनों प्रतियोगिताओं में पहले दस स्थानों पर रहे ये प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भोरंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का संचालन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के प्रधानाचार्य जसवीर चंदेल के नेतृत्व में किया गया। सहायक नोडल अधिकारियों एवं मूल्यांकनकर्ताओं, सभी शिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारियों, अन्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों, निर्वाचन कानूनगो टिंकल ठाकुर और अन्य कर्मचारियों ने भी प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन एवं संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

मेहनत, लगन से लक्ष्य हासिल करें विद्यार्थी: आरती



अनंत ज्ञान

सोनल, नादौन। भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में 14 बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने भाषणों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में बच्चों ने अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस मनाया जाता है। पंडित नेहरू को बच्चों से विशेष स्नेह था। बच्चे भी उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहकर पुकारते थे।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आरती कटोच ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों से कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों को देश का उज्ज्वल भविष्य मानते थे। वे चाहते थे कि प्रत्येक बच्चा शिक्षित, संस्कारी, आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार नागरिक बने। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने तथा देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

कैफेटेरिया के संचालन के लिए ईओआई आमंत्रित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर के परिसर में स्थित रेन शैल्टर को एक कैफेटेरिया के रूप में विकसित एवं संचालित करने के लिए इच्छुक एवं अनुभवी उद्यमियों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित किए गए हैं। कैफेटेरिया को विकसित एवं संचालित करने से संबंधित नियमों एवं शर्तों की जानकारी प्राप्त करने के लिए उपायुक्त के सहायक आयुक्त कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। उपायुक्त के सहायक आयुक्त एवं जिला बचत विकास एवं सेवा समिति के सचिव संजीत सिंह ने यह जानकारी दी।

थाई गांव में खड़ी ढांक बनी ग्रामीणों की मुसीबत, एक साल से रास्ता बंद

अनंत ज्ञान



हमीरपुर। जिला हमीरपुर की तहसील नादौन के अंतर्गत गांव थाई (डाकघर जोल सप्पड़) में सड़क निर्माण कार्य के दौरान की गई कटाई ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। सड़क किनारे कटाई के चलते खड़ी ढांक बन गई है, जिससे ग्रामीणों का पैदल आना-जाना और वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले करीब एक वर्ष से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग ने आज तक इसे ठीक करवाने की जहमत नहीं उठाई।

गांव के निवासी राजिंद्र कुमार, विक्रम सिंह, रणजीत सिंह, सुरिंद्र सिंह और राकेश कुमार सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान की गई कटाई के बाद रास्ते पर खड़ी ढांक बन गई है। इसके कारण गांव के लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, एक वर्ष बीत जाने के बावजूद रास्ते की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

◆ **विभाग को शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं**

ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के संबंध में संबंधित विभाग को भी अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। इससे लोगों में विभाग के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से मांग उठाई है कि खड़ी ढांक को जल्द समतल करवाया जाए, ताकि गांव के लोगों की आवाजाही और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल हो सके।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उन्हें मजबूर अपनी परेशानी को लेकर आवाज बुलंद करनी पड़ेगी। यह मामला लोक निर्माण विभाग डिवीजन नादौन के कार्यक्षेत्र से संबंधित है। ग्रामीण कई बार जिला प्रशासन को भी इस बारे समस्या हल करने को मिल चुके हैं।

महर्षि दयानंद की 202वीं जयंती पर हमीरपुर में निकाली भव्य शोभायात्रा



अनंत ज्ञान

हमीरपुर। महर्षि दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती के उपलक्ष्य में आर्य समाज हमीरपुर की ओर से तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को पहले दिन हवन-यज्ञ, भजन और ध्वजारोहण के बाद शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा स्वामी दयानंद चौक से आर्य समाज भवन तक निकाली गई। इसमें डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों, आर्य समाज के सदस्यों और शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने नारों और झांकी के माध्यम से स्वामी दयानंद के विचारों

◆ **आर्य समाज के वार्षिक उत्सव का आगाज**

का संदेश दिया। आर्य समाज हमीरपुर के महासचिव योगराज नंदा ने बताया कि तीन दिवसीय उत्सव में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भजन और प्रवचन होंगे। इसमें भजन उपदेशिका ज्योति आर्य, आचार्य नारायण सिंह और भजनोपदेशक वीरी सिंह आर्य विशेष रूप से शामिल होंगे।

डीएवी हमीरपुर के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि डीएवी संस्थान आर्य समाज और महर्षि दयानंद सरस्वती के आदर्शों पर चलते हुए शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

जायजा सीएम करेंगे राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा का शुभारंभ, तीन दिवसीय आयोजन 15 दिसंबर से

नादौन में जुटेंगे देशभर के बिजली बोर्ड पहलवान

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन की टीम ने नादौन स्थित नवनिर्मित खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। टीम ने आगामी 23वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं 48वीं अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड कुश्ती प्रतियोगिता की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण दल की अध्यक्षता डॉ. मदन गोपाल शर्मा, निदेशक (तकनीकी/परिचालन)-सह-उपाध्यक्ष ने की। टीम ने 12 नवंबर को लोक निर्माण विभाग एवं जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ स्टेडियम का दौरा किया।

इस दौरान निरीक्षण दल में मुख्य अभियंता (परिचालन) हमीरपुर जोन इंजीनियर परवीन धीमान, अधीक्षण अभियंता (परिचालन) हमीरपुर सर्कल इंजीनियर आशीष कपूर, आयोजन सचिव इंजीनियर सुरिंदर मेहता, अवर सचिव मदन शर्मा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

टीम ने स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओं, आधारभूत ढांचे, निर्माण कार्यों की स्थिति तथा खिलाड़ियों एवं आयोजन से जुड़े अधिकारियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पीडब्ल्यूडी एवं आईपीएच के अधिकारियों के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा शेष कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने पर बल दिया गया। डॉ. मदन गोपाल शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ शेष तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ प्रतियोगिताओं का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि इन दोनों खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 15 से 17 दिसंबर तक नादौन, जिला हमीरपुर में किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के उद्घाटन समारोह के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश ने 15 दिसंबर को अपनी सहमति प्रदान की है। उद्घाटन समारोह नादौन स्थित नवनिर्मित खेल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री धूमल मेरे राजनीतिक गुरु उनसे मिलने जाता रहता हूं: रंजीत राणा

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत राणा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल उनके राजनीतिक गुरु हैं और वह उनसे मिलने जाते रहते हैं। जो लोग उनसे मिलने नहीं जाते, वे शायद खुद को उनसे बड़ा समझते हैं। उन्होंने यह बात सुजानपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

धूमल से मुलाकात को लेकर पूछे गए सवाल पर विधायक ने कहा कि उनके साथ राजनीतिक और व्यक्तिगत संबंध हमेशा अच्छे रहे हैं। वह उनका सम्मान करते हैं और गुरु-शिष्य की परंपरा में विश्वास रखते हैं।

उन्होंने बताया कि विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री का सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान क्षेत्र में विकास कार्यों की घोषणाएं और शिलान्यास होने की उम्मीद है।

टिकट के सवाल पर उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों ने उन्हें टिकट दिया है और उनका काम अच्छा रहेगा तो आगे भी टिकट मिलेगा।

पूर्व विधायक पर साधा निशाना, विकास कार्य देखने की दी नसीहत

कैप्टन रंजीत राणा ने पूर्व विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका काम केवल फोटो खिंचवाना और



वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालना रह गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पूर्व विधायक को काला चश्मा उतारकर क्षेत्र का विकास देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं विकास कार्य सही नहीं हो रहा है तो पूर्व विधायक उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि पूर्व विधायक को हमीरपुर जिले से मुख्यमंत्री होने पर आपत्ति क्यों है। उनकी प्राथमिकता क्षेत्र का विकास है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल सुविधाओं को मजबूत करने के प्रयास जारी हैं।

न्यूज ब्रीफ

स्वास्थ्य जांच शिविर में 77 लोगों के हुए चेस्ट एक्सरे



अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। ग्राम पंचायत महादेव में आयुष्मान आरोग्य मंदिर संकल्प के तहत आयुष्मान आरोग्य एवं गैर-संचारी रोग जांच शिविर आयोजित किया गया। पीएचसी चौक, ब्लॉक रोहांडा के अंतर्गत आयोजित शिविर में लोगों के बीपी और ब्लड शुगर की जांच की गई। शिविर में कुल 77 लोगों के चेस्ट एक्सरे किए गए। जांच में 19 लोगों की एक्सरे रिपोर्ट असामान्य पाई गई। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। असामान्य रिपोर्ट वाले लोगों को आगे की चिकित्सकीय जांच करवाने की सलाह दी गई।

15 को 22 केवी कोटली फीडर रहेगा बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उपमंडल साईगलू के सहायक अभियंता ई. विनित कुमार ने बताया कि 15 नवंबर को 22 केवी कोटली फीडर को आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते आंशिक रूप से बंद रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कारण 15 नवंबर को विद्युत उपमंडल साईगलू के अंतर्गत कोटली बाजार, अरनयाना, धन्यारा, सलेतर, डणढाल, चलहर, फागला, समराहण, सक्सवाल, बलाहार, हारट, गुजरा, रोपड़ू तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

मंडी में 16 से 18 नवंबर तक होंगी विशेष ग्राम सभाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना के तहत चिह्नित परिवारों की समेकित सूची के अंतिम सत्यापन के लिए जिला मंडी की सभी ग्राम पंचायतों में 16, 17 और 18 नवंबर को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुपालन में जिला की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रातः 11 बजे विशेष ग्राम सभा की बैठकें आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य योजना के तहत चिह्नित परिवारों की समेकित सूची का अंतिम सत्यापन सुनिश्चित करना है, ताकि पात्र परिवारों से संबंधित जानकारी की पुष्टि की जा सके। विशेष ग्राम सभा में समेकित सूची को सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सूची के संबंध में लोगों से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे तथा प्राप्त आपत्तियों का विधिवत अभिलेखन किया जाएगा। इसके बाद क्षेत्र स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा तथा सत्यापित सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

झुंगी में 15 को लगेगा निशुल्क नेत्र जांच शिविर

अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ने वाली पंचायत झुंगी में 15 नवंबर रविवार को नाचन जनकल्याण पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आठवें निशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन झुंगी में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में स्वास्थ्य सेवा के रूप में निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श, सामान्य रोगों की जांच एवं परामर्श किया जाएगा।नाचन जनकल्याण पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के चैयरमैन डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि ट्रस्ट जनकल्याणकारी कार्य में अपना पूर्ण सहयोग दे रहा तथा अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक इस शिविर में निशुल्क जांच की जांच की जायेगी। इस शिविर लगभग 1500 बाशिंदों के भाग लेने की संभावना है। इस शिविर का उद्देश्य स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देना है। इस शिविर से पहले सात हजार लोगों के स्वास्थ्य की जांच हो चुकी है। 2300 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किये जा चुके हैं तथा 275 लोगों के निशुल्क नेत्र आप्रेशन करवाये जा चुके हैं।

संधोल में नेत्र जांच शिविर 15 नवंबर को

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। कृष्णा एवं बेली राम बरवाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट संधोल तथा पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन की ओर से रोटरी क्लब ऑफ धौलाधार पालमपुर के सहयोग से 15 नवंबर रविवार को नागरिक अस्पताल संधोल में विशाल निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के डायरेक्टर नरेंद्र बरवाल ने बताया कि शिविर सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चलेगा। इसमें सभी आयु वर्ग के लोगों की आंखों की निशुल्क जांच की जाएगी तथा जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त उपचार की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। शिविर में आने वाले मरीज अपने साथ आधार कार्ड और आंखों से संबंधित पुराने मेडिकल दस्तावेज अवश्य लेकर आएं।

सिया हत्याकांड की अगली सुनवाई 27 को

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। बहुचर्चित सिया हत्याकांड में 13 नवंबर को होने वाली सुनवाई के दौरान आरोपी की सजा को लेकर लोगों की निगाहें अदालत के फैसले पर टिकी थीं, लेकिन आवश्यक रिपोर्टें कोर्ट में पेश न होने के कारण मामले में फैसला नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार, मेडिकल बोर्ड और जेल वेलफेयर ऑफिसर की ओर से आरोपी की मेडिकल स्थिति तथा जेल में अब तक उसके व्यवहार से संबंधित रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत की जानी थी। हालांकि, निर्धारित तिथि तक ये रिपोर्टें कोर्ट को प्राप्त नहीं हो पाईं। रिपोर्टें पेश न होने के चलते अब मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को निर्धारित की गई है। इस दिन इन रिपोर्टों के अदालत में पेश होने की उम्मीद है। रिपोर्टों का अवलोकन करने के बाद ही आरोपी की सजा को लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया और बहस होगी। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि अगली सुनवाई पर ही सजा को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सामने आ सकता है। सिया हत्याकांड को लेकर क्षेत्र के लोगों की निगाहें अब 27 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

जुखाला में 21वीं राज्य स्तरीय सीनियर खो-खो चैंपियनशिप आज से: अभिषेक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ द्वारा 21वीं राज्य स्तरीय सीनियर खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन करवाया जाएगा, जो शनिवार 14 नवंबर को बिलासपुर जिला के जुखाला में शुरू होगी। यह प्रतियोगिता 14 व 15 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुखाला के खेल मैदान में खेली जाएगी, जिसमें प्रदेशभर के 300 से अधिक महिला व पुरुष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को जल शक्ति विभाग से सेवानिवृत अधिशासी अभियंता राम सिंह करेंगे। हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन झारखंड के रांची में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।



चिट्टे के खिलाफ लड़ाई में राजनीति को रखें दूर : मुख्यमंत्री

बोले-जिला मंडी के सभी विधायकों को वॉकथॉन में होना चाहिए था शामिल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को मंडी में आयोजित एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन के दौरान स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ इस अभियान का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। यह किसी पार्टी विशेष का कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं का भविष्य बचाने के लिए शुरू की गई सामाजिक मुहिम है। उन्होंने कहा कि जिला मंडी के सभी विधायकों को इस आयोजन में शामिल होना चाहिए था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिट्टे का बढ़ता प्रचलन पूरे समाज के लिए गंभीर चुनौती है। ऐसे मुद्दे पर राजनीतिक विचारधाराओं और दलगत मतभेदों को बीच में नहीं लाना चाहिए। युवाओं को नशे से बचाने की जिम्मेदारी सभी जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रत्येक वर्ग की है। पड्डल मैदान से शुरू हुई वॉकथॉन में सदर विधायक अनिल शर्मा भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री के इस बयान को कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और नशे के खिलाफ सामूहिक जिम्मेदारी के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



भाजपा में जयराम ठाकुर की कुर्सी पर संकट! कुछ नेता उन्हें हटाने की फिराक में : सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी और नेतृत्व को लेकर खींचतान पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के कुछ नेता नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को उनके पद से हटाना चाहते हैं और इसके लिए अंदरखाते प्रयास भी किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम को लेकर उनके पास पूरी जानकारी है। शुक्रवार को मंडी में आयोजित एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकाथॉन के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश भाजपा की संगठनात्मक स्थिति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल भाजपा इस समय पांच अलग-अलग गुटों में बंटी हुई है। पार्टी के भीतर एकजुटता की कमी है और अलग-अलग खेमों में अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की होड़ मची हुई है। मुख्यमंत्री के अनुसार भाजपा के कुछ नेता जयराम ठाकुर को नेता प्रतिपक्ष के पद पर बनाए रखने के पक्ष में नहीं हैं। इसी कारण उन्हें इस जिम्मेदारी से हटाने को लेकर राजनीतिक गतिविधियां चल रही हैं। उन्होंने संकेत दिया कि पार्टी के भीतर चल रही यह उठापटक केवल सामान्य मतभेद तक सीमित नहीं है, बल्कि नेतृत्व को लेकर भी असहमति सामने आ रही है। सुक्खू के इस बयान को प्रदेश भाजपा की अंदरूनी राजनीति पर सीधा हमला माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने जिस तरह पांच गुटों में बंटवारे और जयराम ठाकुर को पद से हटाने की कोशिशों का जिक्र किया है, उससे प्रदेश की सियासत में नई चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि, जयराम ठाकुर को हटाने के कथित प्रयासों को लेकर भाजपा की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आना बाकी है।

सियासी दूरियां छोड़ एक मंच पर दिखे कौल सिंह और अनिल शर्मा



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। मंडी की राजनीति में आपसी मतभेदों को लेकर चर्चा में रहने वाले पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर और सदर विधायक अनिल शर्मा शुक्रवार को एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन के दौरान एक अलग अंदाज में नजर आए।

कार्यक्रम में पहुंचे विधायक अनिल शर्मा का पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने हाथ थामकर गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच दिखी इस आत्मीयता ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के कई वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसी दौरान कौल सिंह ठाकुर और अनिल शर्मा की यह मुलाकात लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। राजनीतिक हलकों में दोनों नेताओं के बीच पुराने मतभेदों और इस मुलाकात को जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, दोनों नेताओं की इस गर्मजोशी भरी मुलाकात को किसी राजनीतिक बदलाव से जोड़ना जल्दबाजी होगी, लेकिन सार्वजनिक मंच पर एक-दूसरे के प्रति दिखाए गए सम्मान ने यह जरूर संकेत दिया कि राजनीतिक मतभेदों के बीच भी आपसी सौहार्द की गुंजाइश बनी हुई है।

सामान्य ज्ञान स्पर्धा में शिवांश, रिया और नमन की टीम ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। शिक्षा खंड द्रंग-प्रथम की राजकीय प्राथमिक पाठशाला छापंग स्थित घरोन में शुक्रवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य पर अनेक स्पर्धाएं आयोजित की गई। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नौनिहालों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसमें शिवांश, रिया, नमन व कुसल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

वहीं, परिधि, वान्या, अभिनाश व हर्षिता की टीम दूसरे स्थान पर रही। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश सहित देश-विदेश, वायुमंडल व अन्य विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका नौनिहालों ने बड़ी बेबाकी से जवाब दिया। इसके अलावा म्यूजिकल चेयर गेम का आयोजन किया गया, जिसमें वान्या ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस दौरान फन गेम्ज भी करवाई गई, जिनका नौनिहालों ने खूब लुत्फ उठाया। शिक्षक प्यार चंद सकलानी ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का संचालन करने के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। प्यार चंद सकलानी ने बताया कि स्कूल में समय - समय पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है, जिससे नौनिहालों के सामान्य ज्ञान में बढ़ोत्तरी हो रही है।



किसानों को स्वयं सहायता समूहों के सुदृढ़ीकरण का दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में जायका परियोजना के तहत किसानों के लिए स्वयं सहायता समूहों के सुदृढ़ीकरण एवं प्रोत्साहन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ समन्वयक डॉ. सुधीर ने किया।

प्रशिक्षण में केंद्र के प्रधानाचार्य डॉ. ओम प्रकाश बंसल ने स्वयं सहायता समूहों के उद्देश्य और महत्व की जानकारी दी। सेवानिवृत्त उपनिदेशक कृषि डॉ. रवि शर्मा ने समूह गठन, सदस्यों की जिम्मेदारियों और बैठकों की कार्यप्रणाली समझाई।

सेवानिवृत्त विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. अनिल शर्मा ने समूहों के संचालन और लेखा-जोखा रखने की जानकारी दी। वहीं, डॉ. नरेश कुमार ने आजीविका संवर्धन, आय सृजन और विपणन गतिविधियों के बारे में बताया। डॉ. अमर सिंह कौंडल ने सरकारी योजनाओं, डिजिटलीकरण और बैंकिंग संस्थानों से जुड़ने के तरीकों की जानकारी साझा की।

प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित, आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाना रहा। समापन पर डॉ. ओम प्रकाश बंसल ने सभी विशेषज्ञों और प्रतिभागियों का आभार जताया।



◆ सुंदरनगर में जायका परियोजना के तहत दो दिवसीय कार्यशाला, आय बढ़ाने के बताए उपाय

सीएम सुक्खू से मिला टीजीटी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल, 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश सर्व टीजीटी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य प्रधान सुनील ठाकुर की अध्यक्षता में मंडी हेलीपैड पर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान महासंघ की ओर से मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और हिमाचली टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष 15 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें टीजीटी शिक्षकों के वेतनमान, वरिष्ठता, सेवा संबंधी विसंगतियों सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगें शामिल रहीं। इन मुद्दों पर मुख्यमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में राज्य संरक्षक योगेश कुमार, जिला प्रधान जगदीश शर्मा, जिला महासचिव स्मृति ठाकुर, राज्य उपप्रधान प्रमिला ठाकुर और राजेश कुमार शर्मा, राज्य प्रेस सचिव अनिल कुमार तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश कुमार और तेज सिंह ठाकुर मौजूद रहे।

महासंघ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि संगठन के प्रतिनिधिमंडल को शीघ्र वार्ता के लिए आमंत्रित किया जाए, ताकि लंबित मांगों को विस्तारपूर्वक रखते हुए उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।



नगर निगम कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। नगर निगम कर्मचारी संघ मंडी के अध्यक्ष हरीश कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन ठाकुर के संयुक्त नेतृत्व में कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने सेरी मंच पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपकर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश सरकार ने 17 अप्रैल और 4 मई 2023 को जारी अधिसूचनाओं के माध्यम से सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का निर्णय लिया था, लेकिन नगर निगमों और अन्य स्थानीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों को अभी तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है। इससे सैकड़ों कर्मचारी पुरानी पेंशन के लाभ से वंचित हैं।संघ ने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि विभिन्न मंचों से स्थानीय निकायों के कर्मचारियों को भी ओपीएस के दायरे में लाने की घोषणाएं की गई हैं।

कर्मचारी संघ ने इन घोषणाओं को शीघ्र अमलीजामा पहनाने और नगर निगमों सहित अन्य स्थानीय निकायों में पुरानी पेंशन योजना लागू करने का आग्रह किया, ताकि कर्मचारियों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

◆ मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन स्थानीय निकायों के कर्मचारियों को भी ओपीएस के दायरे में लाने का आग्रह

पेंशनरों की देनदारियां जल्द चुकाए सरकार : हरीश शर्मा

अनंत ज्ञान

नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बालीचौकी खंड इकाई की बैठक शुक्रवार को खंड प्रधान होशियार सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनरों की लंबित समस्याओं और संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की गई। एसोसिएशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मंडी जिला प्रधान हरीश शर्मा ने पेंशनरों से संगठन की मजबूती के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मंडी जिला की 15 खंड इकाइयों के करीब 15 हजार पेंशनर संगठन की ताकत हैं।

उन्होंने प्रदेश सरकार से वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभ जल्द जारी करने की मांग की। साथ ही मेडिकल बिलों, महंगाई भत्ते की बकाया किस्तों और अन्य वित्तीय देनदारियों का शीघ्र भुगतान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन किसी राजनीतिक दल, जाति या धर्म से जुड़ा संगठन नहीं, बल्कि पेंशनरों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई लड़ने वाला साझा मंच है। प्रदेश मीडिया प्रमुख एवं बल्ह खंड प्रधान कुलदीप गुलेरिया ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी और सदस्यों से चिट्टे जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

खंड प्रधान होशियार सिंह ठाकुर ने सदस्यों का स्वागत किया, जबकि सचिव चंद्रमणि ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। बैठक में कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।



◆ बालीचौकी में पेंशनर्स एसो. की बैठक, एकजुटता पर दिया जोर

वॉकथॉन से नहीं टूटेगा चिट्टा माफिया का नेटवर्क : जम्वाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। भाजपा हिमाचल प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने मंडी में आयोजित एंटी चिट्टा वॉकथॉन को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि रैलियां निकालने और भाषण देने से नशे का कारोबार खत्म नहीं होगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बताएं कि अब तक कितने बड़े नशा तस्करों की संपत्तियां अटैच की गई हैं और कितने तस्करी नेटवर्क ध्वस्त किए गए हैं। जम्वाल ने आरोप लगाया कि सरकार धरातल पर कार्रवाई करने के बजाय आयोजनों के माध्यम से अपनी सक्रियता दिखा रही है।

उन्होंने कहा कि वॉकथॉन में विद्यार्थियों की अनिवार्य भागीदारी के लिए शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए गए। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के 9 नवंबर के नोटिस में अनुपस्थित रहने पर 25 रुपए जुर्माने का भी उल्लेख था। विद्यार्थियों को नाश्ता, भोजन, कैप और टी-शर्ट देने की बात कही गई, लेकिन कार्यक्रम में पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिलने की शिकायतें सामने आईं। उन्होंने कहा कि चिट्टा माफिया पर प्रहार करने के लिए सप्लाई नेटवर्क तोड़ना, अवैध संपत्तियां जब्त करना और तस्करों के आर्थिक स्रोतों पर कार्रवाई जरूरी है। सरकार को आयोजनों की तस्वीरें दिखाने के बजाय कार्रवाई का परिणाम जनता के सामने रखना चाहिए। युवाओं का भविष्य बचाने के लिए भाषण नहीं, ठोस कदम उठाने होंगे।



◆ बोले-विद्यार्थियों को बुलाकर भीड़ जुटाने के बजाय तस्करों की आर्थिक ताकत तोड़े सरकार

रखोह, कांगो दा गलू और चोलथरा के लोगों को मिलेगी सीधी बस सुविधा

सरकाघाट से चंडीगढ़ के लिए सुबह पांच बजे बस चलाने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेश महासचिव रमेश चंद भारद्वाज ने दिव्यांगों की मांगों और क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता एवं कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन राम चंद्र पठानिया के माध्यम से मुख्यमंत्री और भोरंज विधायक सुरेश कुमार को पुन: अवगत करवाया है।

उन्होंने मांग की है कि अवाहदेवी से सुबह 5:30 बजे चंडीगढ़ जाने वाली बस को सरकाघाट से सुबह 5 बजे वाया रखोह, कांगो दा गलू और चोलथरा होकर चलाया जाए। इन क्षेत्रों से सुबह चंडीगढ़ के लिए सीधी बस सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा टिहरा और अवाहदेवी से शाम 4:30 बजे के बाद सरकाघाट आने के लिए भी कोई बस नहीं मिलती। बस सेवा का विस्तार होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। राम चंद्र पठानिया टाउन भराड़ी लदरौर में हिमाचल संस्कृत अकादमी के विद्वत सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे थे। विधायक सुरेश कुमार अचानक शिमला जाने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।



◆ शाम को टिहरा-अवाहदेवी से सरकाघाट के लिए भी बस चलाने का आग्रह

विद्यार्थियों ने निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से मतदान के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में शुक्रवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में उपमंडल स्तरीय निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 102 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा एवं भावी मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया, लोकतांत्रिक व्यवस्था और उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता में 45 विद्यार्थियों ने निबंध लेखन और 57 ने प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लिया। सरकाघाट क्षेत्र के दो महाविद्यालयों, दो आईटीआई और 24 स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। एसडीएम ने दोनों प्रतियोगिताओं के शीर्ष 10 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों को भी सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

बेहतर जिंदगी का रास्ता बेहतर किताबों से होकर जाता है।
-शिल्पायन

संपादकीय

सिमटते क्षेत्रीय दल

भारतीय राजनीति लंबे समय तक विविधताओं और क्षेत्रीय आकांक्षाओं की राजनीति के लिए जानी जाती रही है। एक समय था जब देश के कई राज्यों में क्षेत्रीय दल न केवल सत्ता के केंद्र में थे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने की क्षमता भी रखते थे। केंद्र में सरकार बनाने के लिए राष्ट्रीय दलों को इन क्षेत्रीय शक्तियों का सहयोग लेना पड़ता था, लेकिन पिछले एक दशक में राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदला है। आज यह सवाल गंभीरता से पूछा जा रहा है कि क्या भारत में क्षेत्रीय दलों की राजनीति अपने प्रभाव के क्षरण के दौर से गुजर रही है? इस परिवर्तन को समझने के लिए भारतीय जनता पार्टी के विस्तार को देखना होगा। 1980 में स्थापित भाजपा ने अपने शुरुआती वर्षों में संघर्ष का लंबा दौर देखा। 1984 के लोकसभा चुनाव में पार्टी केवल दो सीटों तक सिमट गई थी। उस समय शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि यही पार्टी एक दिन देश की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक शक्ति बन जाएगी। भाजपा का उदय भारतीय राजनीति के चरित्र में आए बदलाव का संकेत है।

1989 के बाद गठबंधन राजनीति का दौर शुरू हुआ। 1990 के दशक में अनेक क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गए। उत्तर प्रदेश में समाजवादी राजनीति, बिहार में मंडल राजनीति, पश्चिम बंगाल में वामपंथ, ओडिशा में क्षेत्रीय नेतृत्व, तमिलनाडु में द्रविड़ दल और आंध्र प्रदेश में क्षेत्रीय अस्मिता की राजनीति प्रभावी थी। इसी दौर में भाजपा ने वैचारिक मुद्दों, संगठनात्मक विस्तार और मजबूत नेतृत्व के आधार पर अपनी पहचान बनाई। राम जन्मभूमि आंदोलन ने पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी। 1996 में वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और अटल बिहारी वाजपेयी पहली बार प्रधानमंत्री बने। हालांकि सरकार केवल 13 दिन चली, लेकिन यह भाजपा के राष्ट्रीय विस्तार का महत्वपूर्ण पड़ाव था। 1998 और 1999 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेतृत्व में भाजपा ने गठबंधन राजनीति की नई परिभाषा दी। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पार्टी ने न केवल सत्ता प्राप्त की, बल्कि एक स्थिर सरकार भी दी। इसके बावजूद उस समय भाजपा को कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों पर निर्भर रहना पड़ता था।

असल बदलाव 2014 के बाद दिखाई दिया। गुजरात में सीएम पद की सफलतापूर्वक जिम्मेदारी निभाने के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने केंद्र में पहली बार अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल किया। इसके बाद पार्टी ने राज्यों में भी आक्रामक विस्तार की रणनीति अपनाई। जिन राज्यों में कभी भाजपा की उपस्थिति नगण्य थी, वहां भी उसने अपनी राजनीतिक जमीन तैयार की। आज भाजपा और उसके सहयोगी देश के अधिकांश राज्यों में सत्ता का हिस्सा हैं। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य, जो लंबे समय तक भाजपा के लिए चुनौती माने जाते थे, वहां भी पार्टी ने उल्लेखनीय राजनीतिक विस्तार दर्ज किया। पूर्वोत्तर भारत में भी भाजपा ने अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित की है। यह स्थिति दर्शाती है कि पार्टी अब केवल हिंदी पट्टी तक सीमित नहीं रही, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आधार तैयार कर चुकी है। दूसरी ओर, कई क्षेत्रीय दल लगातार कमजोर होते दिखाई दे रहे हैं। इसके पीछे कई कारण हैं। पहला, अधिकांश क्षेत्रीय दल नेतृत्व के केंद्रीकरण और वंशवादी राजनीति की समस्या से जूझ रहे हैं। यही वजह है कि उन्हें कोई बड़ा नेता नहीं मिल पा रहा है।


दूसरी पीढ़ी के नेतृत्व को जनता से वैसा जुड़ाव नहीं मिल पाया जैसा संस्थापक नेताओं को मिला था। दूसरा, क्षेत्रीय दल अक्सर स्थानीय मुद्दों तक सीमित रह गए, जबकि भाजपा ने राष्ट्रीय पहचान, राष्ट्रवाद, विकास और मजबूत नेतृत्व को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में रखा। तीसरा कारण विपक्ष की एकजुटता का अभाव है। कई राज्यों में क्षेत्रीय दल आपसी प्रतिस्पर्धा में इतने उलझे रहे कि वे भाजपा के सामने प्रभावी चुनौती खड़ी नहीं कर पाए। नतीजा यह हुआ कि भाजपा ने राजनीतिक रिक्तता का लाभ उठाकर अपना आधार बढ़ाया। हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि क्षेत्रीय राजनीति पूरी तरह समाप्त हो रही है। तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब और कुछ अन्य राज्यों में क्षेत्रीय दल अभी भी मजबूत हैं। भारत की सामाजिक, भाषाई और सांस्कृतिक विविधता क्षेत्रीय राजनीति को पूरी तरह खत्म होने नहीं देगी लेकिन यह भी सच है कि क्षेत्रीय दलों की राष्ट्रीय प्रभाव क्षमता पहले की तुलना में कम हुई है। लोकतंत्र की दृष्टि से यह स्थिति अवसर और चुनौती दोनों प्रस्तुत करती है।

एक ओर मजबूत राष्ट्रीय दल राजनीतिक स्थिरता प्रदान कर सकता है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय दल स्थानीय आकांक्षाओं और विविधताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए दोनों के बीच संतुलन आवश्यक है। आज भारतीय राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां राष्ट्रीय राजनीति का केंद्र पहले की तुलना में अधिक मजबूत दिखाई देता है। भाजपा का विस्तार और क्षेत्रीय दलों का अपेक्षाकृत कमजोर होना इसी बदलाव की कहानी है। आने वाले वर्षों में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्रीय दल नए राजनीतिक विमर्श और नेतृत्व के साथ अपनी प्रासंगिकता बनाए रख पाते हैं या भारतीय राजनीति और अधिक केंद्रीकृत होती जाती है। फिलहाल इतना स्पष्ट है कि भारतीय राजनीति में शक्ति संतुलन बदल रहा है और इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिला है। कुल मिलाकर, यह कहना गलत नहीं होगा कि क्षेत्रीय दलों के बिखराव और भाजपा के विस्तार ने देश की राजनीतिक संरचना को एक नए दौर में पहुंचा दिया है।

आज की प्रमुख हस्ती

टीवी जगत में हिबा का सफर

भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री हिबा नवाब का जन्म 14 नवंबर 1996 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ था। बचपन से ही अभिनय में रुचि रखने वाली हिबा ने कम उम्र में ही मनोरंजन जगत में कदम रख दिया था। उन्होंने वर्ष 2008 में बाल कलाकार के रूप में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। धीरे-धीरे अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर उन्होंने टेलीविजन की दुनिया में पहचान बनाई। हिबा ने अपने करियर में कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं, जिनमें हास्य, पारिवारिक और भावनात्मक भूमिकाएं शामिल हैं।



हिबा नवाब
जन्म : 14 नवंबर 1996

हिबा नवाब को सबसे अधिक लोकप्रियता धारावाहिक 'जीजाजी छत पर हैं' में इलायची बंसल खुराना के किरदार से मिली। इस भूमिका में उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसके लिए उन्हें इंडियन टेली पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा 'तेरे शहर में', 'मेरी सासू मां', 'भाग बकूल भाग' और 'वो तो है अलबेला' जैसे धारावाहिकों में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। धारावाहिक 'झनक' में झनक रैना भानुशाली बोस का किरदार निभाकर भी उन्होंने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। हिबा की खासियत यह है कि उन्होंने अपने अभिनय सफर में एक ही तरह की भूमिकाओं तक खुद को सीमित नहीं रखा।



कविता

ओलम (अनंत प्रेम)

डॉ. राजीव डोगरा, (हिंदी अध्यापक)
गांव जनयानकड़ (कांगड़ा)

जी रहा हूं जीवन बड़ी ही शिद्दत से
क्या मेरी पीड़ा का, कारण बन तुम
मुझे शून्य करोगे?
हारा तो कभी था ही नहीं मैं
पर क्या छेड़ मेरे जज्बातों की तरंगों को
मुझे तुम अधूरा करोगे?
मानता हूं तुम्हें भेजा है उस खुदा ने
स्वयं मेरे पास, क्या छेड़ प्रेम का राग
मुझे हीरा करोगे?

राजनीति से ऊपर हैं भगवान श्रीराम के आदर्श



संजय गोस्वामी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अयोध्या को लेकर सियासी बयानबाजी के बीच भगवान श्रीराम के आदर्शों और माता सीता के त्याग का प्रसंग एक बार फिर चर्चा में है। तृणमूल कांग्रेस सांसद कीर्ति आजाद के राम मंदिर नहीं जाने और भगवान श्रीराम के निर्णय पर सवाल उठाने वाले बयान के बाद राजनीतिक बहस तेज हो गई है। हालांकि, भगवान श्रीराम के जीवन और उनके त्याग को केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से देखना उचित नहीं है। उनके जीवन का प्रत्येक प्रसंग मर्यादा, त्याग, धर्म और कर्तव्य की सीख देता है। माता सीता के वनवास का प्रसंग भी इसी दृष्टि से समझने की आवश्यकता है। जब भगवान श्रीराम अयोध्या के राजा बने तो माता सीता के चरित्र को लेकर समाज में लोकापवाद फैलने लगा। ऐसे में उन्होंने व्यक्तिगत भावनाओं से ऊपर उठकर राजधर्म को महत्व दिया। उन्होंने लक्ष्मण जी को माता सीता को महर्षि वाल्मीकि के आश्रम के निकट वन में छोड़ने का आदेश दिया। यह निर्णय कितना पीड़ादायक रहा होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। लेकिन राजा के रूप में भगवान श्रीराम ने प्रजा की भावनाओं और अपने कर्तव्य को प्राथमिकता दी। रामायण के इस प्रसंग पर विचार करते समय यह समझना जरूरी है कि भगवान श्रीराम का जीवन केवल पारिवारिक संबंधों तक सीमित नहीं था, बल्कि वह संपूर्ण समाज के लिए आदर्श स्थापित करने का माध्यम था।

भगवान श्रीराम ने माता सीता को वापस लाने के लिए जिस प्रकार संघर्ष किया, वह उनके प्रेम, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। माता सीता के हरण के बाद उन्होंने जंगल-जंगल भटककर उनकी खोज की और अनेक लोगों से सहायता मांगी। रावण की शक्ति के भय से कई लोग सामने आने का साहस नहीं कर पाए, लेकिन जटायु ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना रावण का मुकाबला किया। उसने माता सीता को बचाने का प्रयास किया और घायल अवस्था में भगवान श्रीराम को उनके हरण की जानकारी दी। भगवान श्रीराम ने जटायु को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी और उसे मोक्ष प्रदान किया। इससे यह संदेश मिलता है कि जो भी अन्याय के विरुद्ध खड़ा होता है, उसका योगदान कभी व्यर्थ नहीं जाता। हनुमान जी ने भी माता सीता की खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुग्रीव से मित्रता कराकर उन्होंने भगवान श्रीराम को वानर सेना का सहयोग दिलाया। इसके बाद समुद्र पर रामसेतु का निर्माण हुआ और लंका तक पहुंचने का मार्ग बना। यह प्रसंग विश्वास, सहयोग और



सामूहिक प्रयास की शक्ति को दर्शाता है।

भगवान श्रीराम के जीवन में बाली वध का प्रसंग भी महत्वपूर्ण है। बाली को उसके कर्मों और अधर्म के लिए दंड मिला। मृत्यु के समय उसका अहंकार समाप्त हुआ और उसे जीवन की वास्तविकता का बोध हुआ। इसी प्रकार अहिल्या उद्धार का प्रसंग भगवान श्रीराम की करुणा और मानवता के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है। शबरी के प्रति उनका स्नेह भी बताता है कि उनके लिए किसी व्यक्ति का पद, प्रतिष्ठा या सामाजिक स्थिति महत्वपूर्ण नहीं थी। उनके लिए प्रेम, भक्ति और समर्पण ही सबसे बड़ा मूल्य था। इसलिए भगवान श्रीराम को नारी विरोधी कहना उनके जीवन के व्यापक आदर्शों को नजरअंदाज करना होगा। उन्होंने माता सीता के सम्मान के लिए रावण से युद्ध किया और अधर्म के विरुद्ध खड़े होकर संसार को न्याय का संदेश दिया।

यह भी समझना आवश्यक है कि भगवान श्रीराम के जीवन से मिलने वाली सीख केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है। उन्होंने लोगों को मर्यादा में रहना, कठिन परिस्थितियों में धैर्य रखना, अहंकार त्यागना और अपने कर्तव्यों का पालन करना सिखाया। उनके आदर्श बताते हैं कि सत्ता और सुविधाओं से ऊपर मानवता, न्याय और धर्म का स्थान होना चाहिए। व्यक्ति को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहिए, लेकिन किसी के साथ अन्याय नहीं करना चाहिए। यदि किसी की सहायता नहीं कर सकते तो कम से कम उसका नुकसान भी नहीं करना चाहिए। जीवन में सुख-दुख, हानि-लाभ और उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। ऐसे समय में घबराने के बजाय साहस और आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए।

राजनीति में किसी भी धार्मिक व्यक्तित्व को लेकर बयान देने से पहले उसके जीवन और विचारों का गंभीर अध्ययन जरूरी है। भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। उनके आदर्शों को राजनीतिक लाभ या विरोध का विषय बनाने के बजाय समाज को उनसे मिलने वाली शिक्षा पर विचार करना चाहिए। रामायण का प्रत्येक प्रसंग त्याग, सेवा, सत्य, कर्तव्य और मर्यादा का संदेश देता है। भगवान श्रीराम ने अपने जीवन से बताया कि राजा का कर्तव्य प्रजा के प्रति उत्तरदायी होना है और व्यक्ति को अपने अहंकार से ऊपर उठकर समाज के हित में सोचना चाहिए। अंततः मनुष्य अपने साथ धन-संपत्ति या सत्ता लेकर नहीं जाता, बल्कि उसके कर्म और व्यवहार ही उसकी पहचान बनते हैं। इसलिए भगवान श्रीराम के नाम पर विवाद खड़ा करने के बजाय उनके आदर्शों को जीवन में उतारना अधिक महत्वपूर्ण है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि मानवता की रक्षा करें, जरूरतमंदों की सहायता करें, अहंकार से दूर रहें और अन्याय के सामने कभी न झुकें। यही भगवान श्रीराम के प्रति सच्ची श्रद्धा और उनके आदर्शों का वास्तविक सम्मान है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

विकसित भारत की राह में बहुत बड़ी बाधा है भ्रष्टाचार



केशव शर्मा 'रसिक'
कोटला, घुमारवीं, बिलासपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत आज विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। देश तकनीक, आधारभूत ढांचे, शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है। सरकार का लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण है, अर्थात ऐसा भारत जो आर्थिक रूप से मजबूत, सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली हो लेकिन इस सपने को साकार करने की राह में यदि कोई सबसे बड़ी बाधा है, तो वह भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि यह समाज, व्यवस्था और लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाली गंभीर समस्या है।

भ्रष्टाचार का अर्थ है अपने पद, अधिकार या शक्ति का अनुचित लाभ लेकर निजी स्वार्थ की पूर्ति करना। रिश्वतखोरी, भाई-भतीजावाद, घोटाले, सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी, फर्जी बिल, अवैध कमीशन, पद का दुरुपयोग आदि इसके प्रमुख रूप हैं। यह समस्या केवल सरकारी दफ्तरों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग रूपों में दिखाई देती है।

यदि किसी राष्ट्र को विकसित बनना है तो उसकी आर्थिक व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए लेकिन भ्रष्टाचार विकास की गति को बाधित करता है। सरकार द्वारा सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, बिजली, रोजगार या कल्याणकारी योजनाओं के लिए जो धन आवंटित किया जाता है, उसका एक बड़ा हिस्सा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। परिणामस्वरूप योजनाएं कागजों में सफल दिखाई देती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पाता। इससे सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग होता है और विकास की प्रक्रिया कमजोर पड़ जाती है।

शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रष्टाचार का असर और भी गंभीर होता है। यदि स्कूलों, अस्पतालों या



सार्वजनिक सेवाओं में गुणवत्ता के बजाय पैसे और सिफारिश का महत्व बढ़ जाए, तो समाज की बुनियाद कमजोर हो जाती है। एक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं अनिवार्य हैं, लेकिन भ्रष्टाचार इन दोनों क्षेत्रों को प्रभावित करता है।

भ्रष्टाचार निवेश और व्यापारिक माहौल को भी नुकसान पहुंचाता है। जब किसी देश में पारदर्शिता की कमी होती है और काम करवाने के लिए रिश्वत या अनुचित प्रभाव की जरूरत पड़ती है, तो निवेशकों का विश्वास कम होता है। उद्योगों की वृद्धि प्रभावित होती है और रोजगार के अवसर घटते हैं। इससे आर्थिक विकास की गति धीमी पड़ सकती है। इसके अतिरिक्त भ्रष्टाचार सामाजिक असमानता को भी बढ़ाता है। जो व्यक्ति आर्थिक रूप से सक्षम है या प्रभावशाली है, वह कई बार व्यवस्था का अनुचित लाभ उठा लेता है, जबकि गरीब और सामान्य नागरिक अपने अधिकारों से वंचित रह जाता है। इससे समाज में अन्याय, असंतोष और व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ता है। लोकतंत्र की असली ताकत समान अवसर और न्याय में निहित होती है, लेकिन भ्रष्टाचार इस भावना को कमजोर कर देता है।

हालांकि भारत में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन सेवाएं, ई-गवर्नेंस, पारदर्शी निविदा प्रणाली, आधार आधारित सेवाएं, जनधन खाते और शिकायत निवारण तंत्र जैसे प्रयासों से कई क्षेत्रों में सुधार देखने को मिला है। तकनीक ने मानवीय हस्तक्षेप को कम कर पारदर्शिता बढ़ाने में मदद की है। फिर भी केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं; समाज की भागीदारी भी आवश्यक है।

विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा जब भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इसके लिए पारदर्शी प्रशासन, मजबूत जवाबदेही, नैतिक शिक्षा और जागरूक नागरिकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामूहिक प्रयास ही सुशासन को मजबूत करेंगे और देश को तेज, समावेशी तथा सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

उम्रदराज समाज के लिए मजबूत देखभाल तंत्र की जरूरत



डॉ. बलदेव सिंह नेगी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

विश्व वर्तमान में एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसमें वृद्धजन आबादी तेजी से बढ़ रही है। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तथा जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के कारण लोगों की औसत आयु लगातार बढ़ रही है। भारत भी इस परिवर्तन से प्रभावित है और आने वाले वर्षों में वृद्धजनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। वर्ष 2011 में भारत में 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों की संख्या लगभग 10.4 करोड़ थी, जो भविष्य में और बढ़ेगी। इसके साथ ही देश की औसत आयु भी निरंतर बढ़ रही है।

वृद्धजन आबादी में वृद्धि से स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, आय संरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य तथा देखभाल संबंधी सेवाओं की मांग बढ़ेगी। वृद्धावस्था निर्भरता अनुपात में वृद्धि कार्यशील आयु वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक और सामाजिक दायित्व डालेगी। इसलिए वृद्धावस्था को केवल सामाजिक कल्याण का विषय न मानकर विकास, नीति-निर्माण और सामाजिक नियोजन के महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में देखा जाना चाहिए। वृद्धजनों के सम्मानपूर्ण, सुरक्षित और सक्रिय जीवन हेतु प्रभावी नीतियों का निर्माण समय की आवश्यकता है।

भारत की तुलनात्मक स्थिति : जापान विश्व के सबसे वृद्ध देशों में से एक है, जहां 65 वर्ष से अधिक आयु की जनसंख्या लगभग एक-तिहाई है। वहां सरकार ने दीर्घकालिक देखभाल, सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा तथा वृद्ध-अनुकूल अवसंरचना का प्रभावी विकास किया है। इसके विपरीत भारत अभी अपेक्षाकृत युवा देश है, किंतु तीव्र गति से वृद्ध समाज की ओर बढ़ रहा है। नगरीकरण, प्रवासन और एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण पारंपरिक पारिवारिक सहारा कमजोर पड़ रहा है। विशेष रूप से वृद्ध महिलाएं स्वास्थ्य, संपत्ति अधिकार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अनेक चुनौतियों का सामना



करती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, फ्रांस में वृद्धजन आबादी के अनुपात में वृद्धि होने में लगभग 150 वर्ष लगे, जबकि भारत में यही परिवर्तन 20-25 वर्षों में होने की संभावना है। इससे भारत के सामने स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा और देखभाल तंत्र के विकास की चुनौती अधिक गंभीर हो जाती है। इन चुनौतियों से निपटने हेतु भारत सरकार ने राष्ट्रीय वृद्धजन नीति, वरिष्ठ नागरिक कल्याण अधिनियम, अटल वयो अभ्युदय योजना तथा आयुष्मान भारत जैसी पहलें शुरू की हैं। फिर भी पेंशन की अपर्याप्तता, सीमित स्वास्थ्य सुविधाएं, मानसिक स्वास्थ्य, अकेलापन, डिजिटल बहिष्करण और वृद्धजन उत्पीड़न जैसी समस्याएं अभी भी प्रभावी समाधान की प्रतीक्षा कर रही हैं।

वृद्धजन उत्पीड़न : वृद्धजन उत्पीड़न आज एक गंभीर सामाजिक चुनौती बनकर उभर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, यह किसी विश्वासपूर्ण संबंध में किया गया ऐसा कार्य या उपेक्षा है, जिससे वृद्ध व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक या सामाजिक हानि पहुंचती है। यह समस्या परिवार, समुदाय तथा देखभाल संस्थानों में देखी जा सकती है। वैश्विक स्तर पर प्रत्येक छह में से एक वृद्ध व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के उत्पीड़न का शिकार होता है। भारत में संपत्ति विवाद, आर्थिक निर्भरता, अकेलापन, पारिवारिक तनाव और सामाजिक अलगाव इसके प्रमुख कारण हैं। इस समस्या के समाधान हेतु केवल कानूनी उपाय पर्याप्त नहीं हैं। समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सहानुभूति का विकास आवश्यक है। आयु-आधारित भेदभाव को समाप्त करने, जागरूकता बढ़ाने, प्रभावी सहायता तंत्र विकसित करने तथा परिवार एवं समुदाय आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। हेल्पलाइन, परामर्श सेवाएं और स्थानीय संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी भी वृद्धजनों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। **हिमाचल प्रदेश में वृद्धजन :** अवसर और चुनौतियां : हिमाचल प्रदेश में लगभग 10 प्रतिशत जनसंख्या, यानी करीब 7 लाख लोग, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग में आते हैं। राज्य की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां, युवाओं का पलायन तथा दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं की सीमित उपलब्धता वृद्धजनों की चुनौतियों को बढ़ाती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

तालियों की गूंज में गुम होती सामाजिक जिम्मेदारी



अजय कुमार
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

गुरुग्राम के एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में 370 रुपए की बिरयानी की कीमत एक महिला की अस्मिता से लगाने वाले दर्शक का वीडियो और उस पर ताली पीटते कॉमेडियन प्रणीत मोरे का ठहाका सिर्फ एक तात्कालिक विवाद नहीं, बल्कि भारतीय स्टैंडअप कॉमेडी के उस गहरे नैतिक और वैचारिक पतन का दस्तावेज है, जो पिछले एक दशक से धीरे-धीरे हमारे समाज में पैठ बना रहा था। यह घटना साफ तौर पर रेखांकित करती है कि व्यूज, लाइक्स और वायरल क्लिप्स की अंधी दौड़ में हास्य और अश्लीलता के बीच का अंतर पूरी तरह समाप्त हो चुका है।

जहां दर्शक हिमांशु जांगड़ा की नौकरी चली गई, वहीं प्रणीत मोरे को अपना सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर माफी मांगनी पड़ी। वहीं, दिवंगत अभिनेता इरफान खान की पत्नी सुतापा सिकदर से लेकर अभिनेत्री रश्मि देसाई तक ने इस खोखली माफी को सिरे से खारिज कर दिया। विवाद केवल यहीं नहीं थमा; इसी शो की एक अन्य क्लिप में एक महिला मेडिकल छात्रा ने मेडिकल कॉलेज में 'डेड बॉडी' के प्राइवेट पार्ट्स पर मजाक बनाने की बात गर्व से कबूल की, जिसने चिकित्सा जगत की नैतिकता और देहदान करने वाले परिवारों की भावनाओं को बुरी तरह झकझोर कर रख दिया। यह अराजकता किसी एक मंच की नहीं, बल्कि उस 'क्राउडवर्क' फॉर्मेट की देन है, जहां बिना स्क्रिप्ट, बिना सेंसर और बिना संपादन के केवल तात्कालिक भीड़ को हंसाने के लिए किसी भी हद तक जाने की खुली छूट ले ली गई है।

भारतीय स्टैंडअप कॉमेडी का इतिहास पिछले एक दशक में जितनी तेजी से व्यावसायिक रूप से समृद्ध हुआ है, वैचारिक और सामाजिक रूप से वह उतना ही सतही और खोखला होता गया है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का पूरा एल्गोरिदम रचनात्मकता से ज्यादा 'शॉक वैल्यू' और विवाद को बढ़ावा देता है। जब कलाकार को



पता होता है कि जितना तीखा, अभद्र या विवादास्पद कंटेंट होगा, रील्स और शॉर्ट्स पर उतने ही मिलियन व्यूज मिलेंगे, तो वह सामाजिक मर्यादाओं को ताक पर रख देता है। अभिनेत्री रश्मि देसाई और आयशा खान का यह सवाल बेहद मौजूं है कि जब एक महिला की गरिमा को मंच पर तार-तार किया जा रहा था, तब उस हॉल में बैठे सैकड़ों लोगों में से एक भी व्यक्ति ऐसा क्यों नहीं था, जो उठकर इसका विरोध करता? सामूहिक हंसी अक्सर व्यक्तिगत विवेक को सुला देती है और यही इस डिजिटल इकॉनॉमी का सबसे खतरनाक पहलू है। जब हास्य का पैमाना केवल भीड़ का ठहाका बन जाए, तो वह कला नहीं, बल्कि एक अनियंत्रित तमाशा बन जाती है।

स्टैंडअप कॉमेडी का उद्देश्य समाज को आईना दिखाना और स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करना है, न कि किसी व्यक्ति, समुदाय या संवेदनशील विषय की गरिमा को ठेस पहुंचाना। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की महत्वपूर्ण शक्ति है, लेकिन इसके साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। व्यंग्य और अश्लीलता, आलोचना और अपमान के बीच की रेखा जितनी कलाकारों को समझनी होगी, उतनी ही दर्शकों को भी। कानून और सेंसरशिप इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकते।

वास्तविक नियंत्रण समाज और दर्शकों के विवेक से ही आएगा। यदि दर्शक केवल सनसनी, अभद्रता और विवाद को ही प्रोत्साहित करेंगे, तो डिजिटल मंचों पर मर्यादाओं का क्षरण जारी रहेगा। दूसरी ओर, यदि गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील हास्य को समर्थन मिलेगा, तो मनोरंजन का स्तर भी बेहतर होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

ठियोग में कार से छह ग्राम चिट्टा बरामद, तीन गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला जिला में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में ठियोग उपमंडल की डिटेक्शन सेल टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ठियोग-हाटकोटी मार्ग पर भुई-हुल्ली के समीप एक कार से करीब छह ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। पुलिस ने कार की तलाशी के दौरान अगली यात्री सीट के नीचे छिपाकर रखा गया पारदर्शी प्लास्टिक पैकेट बरामद किया। इसमें चिट्टा पाया गया। मौके पर ही कार सवार तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान कोटखाई निवासी गुलशन (27), रितेश (36) और उज्ज्वल (31) के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ ठियोग थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत प्राथमिकी संख्या 171/2026 दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी चिट्टा कहां से लेकर आए थे और इसकी आपूर्ति किसे की जानी थी। साथ ही नशे के इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और संभावित नेटवर्क का पता लगाने के लिए भी जांच तेज कर दी गई है।



शिक्षा से राष्ट्र सेवा को मिले प्राथमिकता : राज्यपाल

अनंत ज्ञान, सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि शिक्षा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व युवाओं के जीवन के प्रमुख मार्गदर्शक सिद्धांत होने चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना और रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिकता का विकास करना भी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत@2047 के संकल्प को साकार करने में युवा शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। युवाओं को अपनी प्रतिभा, कौशल, नवाचार और परिश्रम के दम पर देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। राज्यपाल शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सुनील उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। 'शिक्षा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व में युवाओं की भूमिका' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सुनील उपाध्याय के जीवन, संघर्ष, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देती है। देश को ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले उद्यमी और नवाचारी बनें। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त समाज, भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था, सामाजिक सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष अनुसंधान, डिजिटल विकास, खेल और उद्यमिता के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस विकास यात्रा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए युवाओं को आधुनिक ज्ञान और तकनीक के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़े रहना होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि देवदत्त जोशी, अध्यक्ष अमित आर्य, सुनील उपाध्याय मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार गुप्ता और सचिव प्रो. सुरेंद्र शर्मा सहित राज्यपाल के सचिव संदीप भारद्वाज, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



दूध के दामों में फिर लगी महंगाई की आग, वेरका ने भी बढ़ाए दाम

दो से चार रुपए तक बढ़ी कीमतें, 13 नवंबर से नई दरें लागू

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। महंगाई से पहले ही परेशान आम जनता की रसोई का बजट अब दूध की कीमतों में बढ़ोतरी से और बिगड़ने वाला है। अमूल और मदर डेयरी के बाद अब प्रमुख डेयरी ब्रांड वेरका ने भी दूध के दाम बढ़ाकर उपभोक्ताओं को झटका दिया है। कंपनी ने दूध की विभिन्न श्रेणियों में दो से चार रुपए प्रति लीटर तक की वृद्धि की है। नई दरें शुक्रवार, 13 नवंबर से लागू हो गई हैं।

इसका असर हिमाचल प्रदेश के उन उपभोक्ताओं पर भी पड़ सकता है, जो बाजार में उपलब्ध वेरका और अन्य पैकेटबंद दूध का इस्तेमाल करते हैं। सुबह की चाय से लेकर बच्चों के नाश्ते और घरों की रोजमर्रा की जरूरतों तक दूध की अहमियत को देखते हुए यह बढ़ोतरी आम परिवारों के मासिक



खर्च में इजाफा करेगी। जानकारी के अनुसार वेरका की नई दरों के अनुसार फुल क्रीम दूध अब 72 रुपए के बजाय 76 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। स्टैंडर्ड दूध की कीमत 66 से बढ़ाकर 70 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है, जबकि कुछ क्षेत्रों में इसकी कीमत 69 रुपए रहेगी। लो-फैट दूध भी 54 से बढ़कर 58 रुपए प्रति लीटर हो गया है। टोंड और डबल टोंड दूध के दामों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। यानी दूध की श्रेणी के अनुसार उपभोक्ताओं को अब हर लीटर पर अतिरिक्त राशि चुकानी होगी। हालांकि, कंपनी ने फिलहाल लस्सी, दही, पनीर और देसी घी सहित अन्य डेयरी उत्पादों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

देवभूमि के संदर्भ में इस बढ़ोतरी का असर विशेष रूप से शिमला और सोलन सहित उन क्षेत्रों में देखने को मिल सकता है, जहां वेरका की आपूर्ति होती है। इस बार जारी मूल्य संशोधन में शिमला, सोलन, बद्दी, परवाणू और नालागढ़ के लिए प्रति लीटर दो रुपये अतिरिक्त ओवरप्रिंटिंग शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं बिलासपुर, नाहन और पांवटा साहिब के आपूर्ति मार्गों के लिए यह अतिरिक्त शुल्क चार रुपये प्रति लीटर रखा गया है। इससे स्पष्ट है कि पहाड़ी क्षेत्रों तक दूध पहुंचाने की लागत भी उपभोक्ताओं की जेब पर असर डाल रही है। हालांकि, पूरे हिमाचल में वेरका की प्रतिदिन खपत या बाजार हिस्सेदारी का कोई प्रमाणित सार्वजनिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। प्रदेश की अपनी दुग्ध अर्थव्यवस्था भी इस चर्चा को महत्वपूर्ण बनाती है।

चाय-ढाबों और होटलों पर भी पड़ेगी महंगाई की मार


दूध की कीमतें बढ़ने से घरेलू बजट के साथ चाय की दुकानों, ढाबों, मिठाई कारोबार और होटलों की लागत भी बढ़ेगी। कारोबारियों को बढ़ी लागत का बोझ ग्राहकों पर डालना पड़ सकता है। ऐसे में चाय, कॉफी और दूध से बनने वाले खाद्य पदार्थ भी महंगे हो सकते हैं। पहले से महंगाई से जूझ रहे परिवारों के लिए यह एक और आर्थिक झटका है।

विक्रमादित्य की पोस्ट से हिमाचल की सियासत में मची हलचल

अनंत ज्ञान

◆ कहा-स्वाभिमान और इज्जत का सौदा नहीं होता वचन ही सबसे बड़ा धर्म

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की सोशल मीडिया पोस्ट ने हिमाचल की सियासत में नई चर्चा छेड़ दी है। पोस्ट में उन्होंने स्वाभिमान, सम्मान और वचनबद्धता को अपनी पहचान बताते हुए लिखा कि स्वाभिमान और इज्जत का सौदा नहीं होता, राजपूत की जुबान कभी बदली नहीं जाती और उनके लिए वचन ही सबसे बड़ा धर्म है।



मंत्री की इस पोस्ट में किसी व्यक्ति, संगठन या राजनीतिक घटनाक्रम का सीधा उल्लेख नहीं है, लेकिन इसके शब्दों को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। समर्थक इसे उनके आत्मसम्मान और सिद्धांतों पर अडिग रहने का संदेश बता रहे हैं।

वहीं, राजनीतिक विश्लेषक इसे प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और कांग्रेस संगठन के भीतर चल रही गतिविधियों के संदर्भ में भी देख रहे हैं। हालांकि, विक्रमादित्य सिंह ने किसी विवाद या राजनीतिक रणनीति को लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है।

दूसरी ओर, आलोचकों का कहना है कि सार्वजनिक पद पर बैठे जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी प्रतिबद्धता संविधान, प्रदेश की जनता और जनकल्याण के प्रति होनी चाहिए। उनके अनुसार स्वाभिमान और वचनबद्धता की असली पहचान जनता के प्रति जवाबदेही और विकास कार्यों से होती है।

फिलहाल मंत्री की पोस्ट ने सियासी चर्चाओं को जरूर तेज कर दिया है। इसके पीछे कोई राजनीतिक संदेश है या व्यक्तिगत विचारों की अभिव्यक्ति, यह स्पष्ट नहीं है। आने वाले दिनों में उनके रुख से ही तस्वीर साफ हो सकेगी।

छलंडा-पीरन सड़क पर गड्ढों का राज, विभाग बेखबर

ढांक और कैंची के खतरनाक मोड़ों पर 30 साल से क्रैश बैरियर नहीं

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। जुग्गा तहसील की छलंडा-पीरन सड़क की बदहाल हालत से ग्रामीण परेशान हैं। आंजी से पीरन और खालटू तक करीब 10 किलोमीटर सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। वहीं, नारिगा पुल से जघेड़ तक खतरनाक ढांक और तीखे मोड़ों पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं।

स्थानीय निवासी राजीव शर्मा, प्रीतम सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह ठाकुर और दया राम वर्मा ने बताया कि पिछले तीन से चार वर्षों से सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। गड्ढों के कारण छोटे वाहनों के चैंबर और अन्य पुर्जे क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार नारिगा पुल से जघेड़ तक



करीब 30 वर्षों से क्रैश बैरियर और पैरापिट नहीं लगाए गए हैं। इस मार्ग से टमाटर और अन्य सब्जियों से लदे वाहन गुजरते हैं। चढ़ाई वाले हिस्से में वाहन फंसने से भी परेशानी बढ़ती है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क की मरम्मत और खतरनाक मोड़ों पर सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है। उधर, लोक निर्माण विभाग जुग्गा के कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बजट के अभाव में सड़क पक्की नहीं हो सकी है। नारिगा पुल के समीप क्रैश बैरियर लगाने के लिए करीब तीन वर्ष पहले 30 लाख रुपए का एस्टीमेट सरकार को भेजा गया था, लेकिन अभी तक बजट उपलब्ध नहीं हुआ है।

एचआरटीसी पेंशनर्स ने निगम मुख्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। लंबित मांगें पूरी न होने से नाराज एचआरटीसी पेंशनर्स ने शुक्रवार को शिमला स्थित निगम मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ रोष जताते हुए मांगों के शीघ्र समाधान की आवाज उठाई। एचआरटीसी पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के महासचिव राजेन्द्र ठाकुर ने कहा कि कर्मचारियों ने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष निगम की सेवा में लगाए हैं, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्हें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर पेंशन और वित्तीय लाभ मिलना बुजुर्ग कर्मचारियों की जरूरत है। समिति ने सरकार और निगम प्रबंधन से लंबित मांगों पर जल्द ठोस निर्णय लेने की मांग की। पेंशनर्स का कहना है कि समस्याओं को आश्वासनों तक सीमित रखने के बजाय उनका समयबद्ध समाधान किया जाना चाहिए।

हिमाचल निकेतन के निजीकरण की तैयारी पर भड़की भाजपा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। दिल्ली के द्वारका स्थित 107 कमरों वाले हिमाचल निकेतन के संचालन का जिम्मा निजी एजेंसी को सौंपने की तैयारी पर भाजपा ने सुक्खू सरकार को घेरा है। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने आरोप लगाया कि सरकार प्रदेश की बेशकीमती सार्वजनिक संपत्तियों का निजीकरण कर रही है।



◆ जम्वाल बोले-जनसुविधा की संपत्तियों का न हो व्यावसायीकरण

जम्वाल ने कहा कि हिमाचल निकेतन का निर्माण विद्यार्थियों, मरीजों, तीमारदारों और दिल्ली जाने वाले प्रदेशवासियों को सस्ती आवास सुविधा देने के उद्देश्य से किया गया था। अब इसके संचालन और रखरखाव के लिए निजी एजेंसी के चयन को लेकर निविदा जारी करना सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि भवन के करीब 70 फीसदी हिस्से का प्रबंधन निजी एजेंसी को देने की तैयारी है। इससे आम हिमाचलियों को मिलने वाली रियायती सुविधाएं प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल भवन, हिमाचल सदन और हिमाचल निकेतन प्रदेश की जनता की संपत्तियां हैं, इन्हें कमाई का जरिया नहीं बनाया जाना चाहिए। भाजपा नेता ने पीटरहॉफ, वाइल्डफ्लावर हॉल और पर्यटन विकास निगम के आठ होटलों के निजी संचालन से जुड़े मुद्दे भी उठाए। उन्होंने सवाल किया कि निजी एजेंसी के संचालन के बावजूद मरीजों और विद्यार्थियों को रियायती दरों पर कमरे कैसे मिलेंगे। साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की व्यवस्था स्पष्ट करने की मांग की।

डेंटल कॉलेज को चमियाणा ले जाना तर्कसंगत नहीं : कर्ण नंदा

अनंत ज्ञान



◆ मरीजों और तीमारदारों की बढ़ेंगी मुश्किलें

ब्यूरो, शिमला। राजीव गांधी राजकीय दंत महाविद्यालय एवं अस्पताल को शिमला से चमियाणा स्थानांतरित करने की प्रस्तावित योजना को लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के नाम पर आम जनता की मुश्किलें बढ़ाने वाले फैसले ले रही है।

उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 18 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि देने की घोषणा स्वागतयोग्य है, लेकिन वर्षों से शहर के बीच संचालित डेंटल कॉलेज को चमियाणा ले जाने की संभावना मरीजों की सुविधा के लिहाज से चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि पहले आईजीएमसी के सुपर स्पेशियलिटी विभागों को चमियाणा स्थानांतरित किया गया और अब डेंटल कॉलेज को भी वहां ले जाने पर विचार किया जा रहा है। इससे बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। यात्रा का खर्च और समय बढ़ने के साथ विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को भी आवागमन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

कर्ण नंदा ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग उपचार के लिए शिमला पहुंचते हैं और शहर में स्थित स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचना अपेक्षाकृत आसान रहता है। ऐसे में किसी बड़े चिकित्सा संस्थान को स्थानांतरित करने से पहले सड़क संपर्क, नियमित बस सेवा, आपातकालीन परिवहन और पार्किंग जैसी व्यवस्थाओं का आकलन जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, बेहतर उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के पक्ष में है, लेकिन विकास के नाम पर मरीजों को अतिरिक्त परेशानी में डालना उचित नहीं है। सरकार को नए स्वास्थ्य संस्थान विकसित करने के साथ मौजूदा संस्थानों को भी मजबूत करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि डेंटल कॉलेज के स्थानांतरण से जुड़े किसी भी निर्णय में सबसे पहले मरीजों की सुविधा और जनहित को प्राथमिकता दी जाए। स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार जनता को राहत देने के लिए होना चाहिए, न कि इलाज से पहले अस्पताल पहुंचने की चुनौती बढ़ाने के लिए।

स्टांप ड्यूटी में दस गुना तक बढ़ोतरी से जनता पर आर्थिक बोझ : अजय राणा

अनंत ज्ञान

◆ आर्थिक कुप्रबंधन का खामियाजा भुगत रही आम जनता

◆ 100 रुपए का शुल्क बढ़ाकर 1000 रुपए करना जनविरोधी फैसला

ब्यूरो, शिमला। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर स्टांप ड्यूटी की विभिन्न श्रेणियों में भारी बढ़ोतरी कर आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार अपनी आर्थिक चुनौतियों का समाधान बेहतर वित्तीय प्रबंधन और आय के नए स्रोत विकसित करने के बजाय सरकारी शुल्क बढ़ाकर कर रही है।

राणा ने कहा कि जिन दस्तावेजों और कानूनी प्रक्रियाओं के लिए पहले 100 रुपए का स्टांप शुल्क देना पड़ता था, उसे कुछ श्रेणियों में बढ़ाकर 1000 रुपए तक कर दिया गया है। यह दस गुना तक की वृद्धि है, जिसका सीधा असर शपथपत्र, समझौतों, संपत्ति संबंधी दस्तावेजों और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के लिए आम नागरिकों को चुकानी पड़ने वाली राशि पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से पहले ही परेशान जनता पर इस तरह का अतिरिक्त बोझ डालना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि प्रदेश की आर्थिक चुनौतियों का भार बार-बार आम जनता पर ही क्यों डाला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनावश्यक खर्चों में कटौती, वित्तीय संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और आय के वैकल्पिक स्रोत विकसित करने के बजाय सरकार शुल्क वृद्धि को राजस्व जुटाने का माध्यम बना रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी विधानसभा में विभिन्न शुल्कों में बढ़ोतरी का मुद्दा उठा चुके हैं। राणा ने प्रदेश सरकार से स्टांप ड्यूटी की विभिन्न श्रेणियों में की गई वृद्धि की तत्काल समीक्षा करने और आम नागरिकों से जुड़े दस्तावेजों पर बढ़ाए गए शुल्क वापस लेने की मांग की।

अदालती नोटिस

व अदालत नायब-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।

मुकदमा न. 8135232/2026

तारीख पेशीः 02.12.2026

अजय कुमार पुत्र रमेश चन्द, निवासी वार्ड न. 5 सिद्धपुर सरकारी, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।

बनाम आम जनता

प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मत्यू पंजीकरण अधिनियम, 1969

अजय कुमार पुत्र रमेश चन्द, निवासी वार्ड न. 5 सिद्धपुर सरकारी, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरे बेटी का जन्म गांव सिद्धपुर सरकारी, को दिनांक 19.08.2025 को हुआ है लेकिन सम्बन्धित पंचायत / MC पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है। अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्दमा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 02.12.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।

आज दिनांक 12.11.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।

व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एंव नायब तहसीलदार उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि. प्र.)।

किस्म मुकदमा नाम दरूस्ती

आगामी तारीख पेशी 13/12/2026

श्री रमेश चंद पुत्र श्री सोहन लाल वासी टीका डबरेहड़ा मौजा उगयालता उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर।

...प्रार्थीगण

बनाम आम जनता

नोटिस बनाम आम जनता- उपरोक्त अनवान वाला में आपको लिखा जाता है कि श्री रमेश चंद पुत्र श्री सोहन लाल वासी टीका डबरेहड़ा मौजा उगयालता उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर ने इस न्यायलय में प्रार्थना पत्र भूमि खाता न0 354 खतौनी 361 खसरा न0 246 तादादी 03 कनाल 00 मरले टीका डबरेहड़ा में या जहां कही भी पिता का नाम साहणू पुत्र शयामा हो की दरूस्ती वारे दिया है। जिसमें प्रार्थी ने अपने पिता का नाम को साहणू की बजाये सोहन लाल उर्फ साहणू नाम दर्ज करवाने वारे प्रार्थना की है। अतः आम जनता को बजरिया मुश्त्री मुन्यादी / अखबार इस्तहार सूचित किया जाता है कि उक्त नाम दरूस्ती वारे कोई उजर / एतराज है तो वह असालतन / वकालतन दिनांक 13/12/2026 को प्रातः 10:00 बजे हाजिर न्यायालय आकर उजर कर सकता है अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 13/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एंव नायब तहसीलदार उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि. प्र.)

व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0

मुकदमा न0:- 7099154/2026

किस्म मुकदमा तकसीम

तारीख पेशी 12.11.2026

विवेक मरैना बनाम दीपिका शर्मा आदि

नोटिस बनामः- 1. श्रीमति दीपिका शर्मा पुत्री विनोद कुमार 2. तुलसी राम पुत्र दीना 3. रेखा देवी पुत्री दीना 4. सरोज देवी पुत्री दीना 5. श्रीमति मीनाक्षी पुत्री विजय कुमारी सभी निवासीयान गा0 पुरानी पलम, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

भूमि खाता न0 192 खतौनी न0 328 खसरा किता 02 रक्वातदादी 00-48-04 है0 स्थित महाल पुरानी पलम तह0 पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

अखबारी ईश्तहार- उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परन्त तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार महाल में नहीं रहते है। प्रार्थी कौसल ने पता देने में असमर्थता व्यक्त कि तथा ब्यान किया कि अखबारी ईश्तहार जारी कर तलब किया जाए। अतः मुस् अखबारी ईश्तहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 12.11.2026 का अद्योहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन. हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 27.10.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0

व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, तहसील रे जिला कांगड़ा हि.प्र.

गामा दीमम पुत्र नूर जमाल, गांव रे St.तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176058

... प्रार्थी

बनाम

आम जनता, St रे, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश *...प्रतिवादी*

विषयः हिमाचल प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम 1954 की धारा 37 और 38 के अंतर्गत प्रार्थना-पत्र, प्रार्थी की जाति एवं उप-जाति राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु।

श्री गामा दीन पुत्र श्री नूर जमाल निवासी महाल व उप तहसील रे जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ने अदालत हजा में एक प्रार्थना पत्र वावत जाति दरुस्ती/दर्ज हेतु गुजारा है कि प्रार्थी का परिवार महाल व उप तहसील रे जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के पुश्तैनी निवासी है। प्रार्थी के नाम कहीं भी भूमि न थी। सरकार द्वारा 3/2 विस्वा आवंटन भूमि उसे आवंटित की गई है, जिसके अनुसार उसकी जाति व उप जाति राजस्व रिकॉर्ड महाल रे में दर्ज नहीं है। यह की उसके भाई यकूब अली की शजरा रिपोर्ट के मुताबिक उसके परिवार की जाति मुसलमान गुजर व उप जाति टिन्डे है, जो की मेरी व मेरे परिवार की भी जाति है। यह की राजस्व रिकॉर्ड महाल रे में उसके परिवार की जाति मुसलमान गुजर व उप जाति टिन्डे दर्ज की जाए। अतः सर्व साधारण को इस ईश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी उक्त के जाति को दरस्त/दर्ज करने बारे कोई आपति है तो वह दिनांक 15.12.2026 को प्रातः 10 बजे असालतन या बकालतन हाजिर होकर अपना एतराज लिखित रुप में पेश कर सकता है। एतराज पेश न होने की सूरत में जाती दरुस्ती/दर्ज के आदेश पारित कर दिए जाएंगे। इसके उपरान्त कोई भी एतराज कावले समायतन न होगा।

सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी रे, जिला कागंडा (हि.प्र.)

व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, तहसील रे जिला कांगड़ा हि.प्र.

यश पाल पुत्र फकीर चंद गांव नंगल St. रे तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176058 *... प्रार्थी*

बनाम

आम जनता, गांव नंगल St रे, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश *...प्रतिवादी*

विषयः विषयः- भू-राजस्व अधिनियम 1954 की धारा 38 के अंतर्गत प्रार्थना-पत्र, राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धि हेतु।

श्री यश पाल पुत्र श्री फकीर चंद निवासी महाल नंगल व उप तहसील रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ने अदालत हजा में एक प्रार्थना पत्र वावत नाम दरुस्ती हेतु गुजारा है कि प्रार्थी का नाम उसके आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि में उसका नाम यश पाल दर्ज है जो कि सही है। परन्तु राजस्व राजस्व रिकार्ड महाल नंगल में उसका नाम जसपाल दर्ज है, जो कि गलत है।, जिसे प्रार्थी यश पाल सही दरुस्त करवाना चाहता है। अतः सर्व साधारण को इस ईश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी उक्त के नाम को दरुस्त करने बारे कोई आपति है तो वह दिनांक 15.12.2026 को प्रातः 10 बजे असालतन या बकालतन हाजिर होकर अपना एतराज लिखित रुप में पेश कर सकता है। एतराज पेश न होने की सूरत में नाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएंगे। इसके उपरान्त कोई भी एतराज कावले समायतन न होगा।

सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी रे, जिला कागंडा (हि.प्र.)

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, चिंता देवी (20 वर्ष) पुत्री श्री ओम प्रकाश, गांव तान्दी, डाकघर थाची, उप-तहसील थाची, जिला मण्डी, (हि.प्र.) घोषणा करती हूँ कि स्कूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम CHINTA DEVI लिखा गया है, और परिवार नकल, जन्म प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत थाची के रिकॉर्ड में मेरा नाम CHINTA लिखा गया है। मैं घोषणा करती हूँ कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात CHINTA DEVI (वास्तविक नाम) के हैं। मेरा वास्तविक नाम CHINTA DEVI है।

नाम परिवर्तन

मैं, राजीव कुमार (41 वर्ष) पुत्र श्री लेख राज, निवासी गांव टीका बनी, डाकघर योल कैंट, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हि.प्र., घोषणा करता हूँ कि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड में राजीव कुमार के स्थान पर राम कुमार दर्ज हो गया है। राम कुमार और राजीव कुमार एक ही व्यक्ति हैं। मेरा सही नाम राजीव कुमार है। सभी संबंधित नोट करें।

लवी मेले में स्प्रिंगडेल स्कूल के विद्यार्थियों ने बिखेरी प्रतिभा

अनंत ज्ञान



आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। अंतरराष्ट्रीय लवी मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने मंच पर पूरे आत्मविश्वास, उत्साह और कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम को यादगार बना दिया। उनकी आकर्षक प्रस्तुतियों ने मेले की सांस्कृतिक रौनक में चार चांद लगाए और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ नन्हे कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

लवी मेले के मंच पर विद्यार्थियों की सहभागिता ने यह भी दर्शाया कि यह ऐतिहासिक आयोजन केवल व्यापारिक गतिविधियों और पारंपरिक मेल-मिलाप तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला और संस्कृति प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करता है। स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की प्रस्तुति तीसरी सांस्कृतिक संध्या के आकर्षण का हिस्सा रही। हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बीच युवा प्रतिभाओं की ऐसी भागीदारी ने अंतरराष्ट्रीय लवी मेले की परंपरा और सांस्कृतिक महत्त्व को और अधिक जीवंत बना दिया।

पोस्ट की भाषा और ऐतिहासिक संदर्भों पर जताई आपत्ति

कंगना रनौत की सोशल मीडिया पोस्ट पर विवाद, डीजीपी से शिकायत

अनंत ज्ञान

◆ कैप्टन अतुल शर्मा ने एफआईआर दर्ज करने की उठाई मांग

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत की सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर राज्य में विवाद गहरा

देव मिलन के साक्षी बने सैकड़ों श्रद्धालु देवभूमि में उमड़ा आस्था का सैलाब



- वलाधी गांव में देवता थान जी के नए भंडार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न
- चौहकी महादेव और पटाधी लक्ष्मी नारायण सहित कई देवी-देवताओं ने दर्ज करवाई उपस्थिति

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। मणिकर्ण घाटी के वलाधी गांव में देवता थान जी के नव निर्मित भंडार की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक रीति-रिवाजों और पारंपरिक देव परंपराओं के अनुसार संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के कई देवी-देवताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर आयोजन की शोभा बढ़ाई।

धार्मिक समारोह में चौहकी महादेव और पटाधी लक्ष्मी नारायण विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा क्षेत्र के अन्य देवी-देवताओं ने भी देवता थान जी के नव निर्मित भंडार में हाजिरी भरी। इस दौरान देवी-देवताओं के भव्य देव मिलन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण मौजूद रहे। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे वलाधी गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ देव आयोजन में भाग लिया और देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह आयोजन क्षेत्र की समृद्ध देव संस्कृति, आस्था और सदियों पुरानी परंपराओं के संरक्षण का प्रतीक बना।

कुल्लू व लाहुल-स्पीति में मौसम का बदला मिजाज

ऊंची चोटियों पर हुआ हिमपात; प्रशासन ने बढ़ाई चौकसी, रोहतांग और शिंकुला समेत कई मार्ग बंद

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति और कुल्लू जिला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम ने करवट लेते ही सर्दियों ने दस्तक दे दी है। बीती रात से शिंकुला पास, बारालाचा पास, कुंजुम टॉप और रोहतांग दर्रे समेत तमाम उच्च पर्वतीय श्रृंखलाओं पर लगातार हिमपात हो रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर से ढक गया है।

बर्फबारी के बाद सड़कों पर जमी बर्फ और फिसलन के कारण सुरक्षा की स्थिति गंभीर हो गई है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी है। आम जनता और पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए दारचा पुलिस पोस्ट से शिंकुला टॉप एवं बारालाचा टॉप की ओर जाने वाले सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह लोसर चेक पोस्ट से कुंजुम टॉप की ओर तथा ग्राम्फू से छत्रू एवं कुंजुम टॉप की ओर जाने वाले मार्ग को भी एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है।



- शिंकुला, बारालाचा और कुंजुम टॉप पर बर्फबारी से थमी वाहनों की रफ्तार, पर्यटकों व स्थानीय लोगों के लिए सुरक्षा एडवाइजरी जारी

कुल्लू जिला पुलिस ने भी ताजा बर्फबारी और आगामी खराब मौसम की संभावना को भांपते हुए पर्यटकों व स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे गुलाबा से आगे रोहतांग की ओर यात्रा बिल्कुल न करें तथा अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी अनावश्यक आवाजाही से बचें। पुलिस व प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आपातकालीन परिस्थितियों में केवल उन्हीं फोर बाई फोर वाहनों को सड़क और मौसम की स्थिति की समीक्षा के बाद आवाजाही की अनुमति दी जा सकती है, जिनके टायरों में उचित 'स्नो चेन' अनिवार्य रूप से लगी हो। वहीं,स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लाहुल-स्पीति के डीएसपी के.डी. शर्मा ने कहा कि उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी और रास्तों पर बढ़ती फिसलन के कारण किसी भी बड़े हादसे को टालने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने पर्यटकों और चालकों से अपील की है कि वे मौसम के सामान्य होने का इंतजार करें और अनावश्यक जोखिम उठाने से बचें। उधर, एसपी कुल्लू अभिषेक सेकर ने अपने बयान में कहा कि जिले के ऊपरी इलाकों में हुई ताजा बर्फबारी और मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पर्यटक और स्थानीय नागरिक गुलाबा से आगे रोहतांग की तरफ न जाएं और आधिकारिक दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

दोनों जिलों के प्रशासन ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे यात्रा के दौरान पर्याप्त गर्म कपड़े अपने साथ रखें और पुलिस तथा प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली एडवाइजरी का सख्ती से पालन करें। सुरक्षा से कोई समझौता न करते हुए किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता के लिए पुलिस के आपातकालीन नंबर पर संपर्क करें।

निचले क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी का इंतजार

एक ओर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है, वहीं निचले क्षेत्रों में किसान और बागवान बारिश तथा बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं। लंबे समय से पर्याप्त बारिश न होने के कारण कई क्षेत्रों में सूखे जैसे हालात बनने लगे हैं। इससे कृषि और बागवानी से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ गई है। किसानों और बागवानों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव के साथ अच्छी बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होगी, जिससे सूखे की स्थिति से राहत मिल सकेगी।

न्यूज ब्रीफ

परी एंजल मॉडल स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस, बच्चों को बांटे उपहार

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलो में बाल दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं, मनोरंजक गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद किया गया। बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह के कारण उन्हें चाचा नेहरू के नाम से जाना जाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रोमिला ठाकुर ने विद्यार्थियों को जीवन में मेहनत, अनुशासन और अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी विद्यार्थियों को उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।



मतदाता जागरूकता के लिए 18 नवंबर को कुल्लू में होगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू में मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए 18 नवंबर को जिला स्तरीय निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता राजकीय डिग्री कॉलेज कुल्लू में सुबह 11 बजे होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, मतदाता पंजीकरण और मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता में मनाली, कुल्लू, बंजार और आनी विधानसभा क्षेत्रों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। निबंध एवं प्रश्नोत्तरी दोनों श्रेणियों में शीर्ष 20 विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने जिले के सभी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों से प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

ढालपुर में पेंशनर्स का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी, 17 नवंबर तक करेंगे प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को दूसरे दिन भी ढालपुर स्थित पार्क में धरना प्रदर्शन जारी रहा। यह धरना सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चला। प्रदेशभर में पेंशनर अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कुल्लू में यह धरना 17 नवंबर तक जारी रहेगा। शांतिपूर्ण धरने के माध्यम से पेंशनर लंबे समय से लंबित मांगों को प्रदेश सरकार के समक्ष उठाने का प्रयास कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष इंद्र दत्त शर्मा ने कहा कि धरने के दूसरे दिन विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों ने बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि कर्मचारी करीब 60 वर्ष की आयु तक सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त होते हैं, लेकिन इसके बाद उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। पेंशनरों की लंबित मांगों का समाधान नहीं होने से उनमें रोष है। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन में पेंशनरों के 18 संगठन शामिल हैं। सभी संगठन एकजुट होकर अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इंद्र दत्त शर्मा ने बताया कि 19 नवंबर को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में प्रदेशभर के पेंशनर एकत्रित होकर विरोध रैली निकालेंगे। इसके बाद विधानसभा का घेराव किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द समाधान करने का आग्रह किया।

ब्राह्मण सभा के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी कुल्लू से की शिष्टाचार भेंट

सनातन संस्कृति, संस्कार शिक्षण व अनुसंधान संस्थान खोलने के लिए भूमि उपलब्ध करवाने का उठाया मुद्दा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम की अध्यक्षता में सभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त कुल्लू डॉ. अमित कुमार शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशभर में ब्राह्मण सभा की ओर से संचालित किए जा रहे शास्त्र, धर्म, सनातन संस्कृति और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम ने उपायुक्त के समक्ष कुल्लू जिला ब्राह्मण जनकल्याण सभा की ओर से सनातन संस्कृति, संस्कार शिक्षण एवं प्रशिक्षण तथा अनुसंधान संस्थान स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध करवाने का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य से सभा की ओर से पहले ही आवेदन किया जा चुका है। उन्होंने आग्रह किया कि संस्थान की स्थापना के लिए प्रस्तावित भूमि कुल्लू जिला ब्राह्मण जनकल्याण सभा के नाम हस्तांतरित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए, ताकि इस संस्थान के माध्यम से सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं, संस्कारों और वैदिक ज्ञान के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के लिए व्यवस्थित कार्य किया जा सके।प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी सभा की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान की स्थापना से आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने में मदद मिलेगी।



इस मौके पर प्रदेश ब्राह्मण सभा के मुख्य सलाहकार पंडित देवराज, प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. केके शर्मा, लोक संपर्क अधिकारी डॉ. भूपिंदर गौतम और पंडित नूरम शर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

25 को कुल्लू में सजेगी 'पहाड़ी सांझ', सुरों के सरताज पीयूष राज बिखेरेंगे आवाज का जादू

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति, लोक संगीत और पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूत्रधार कला संगम कुल्लू 25 नवंबर को 'पहाड़ी सांझ' कार्यक्रम आयोजित करेगा। अटल सदन कुल्लू के विशाल सभागार में यह सांस्कृतिक संध्या शाम 5:30 बजे से रात 10 बजे तक सजेगी। कार्यक्रम में हिमाचल के सुप्रसिद्ध लोक, शास्त्रीय एवं गजल गायक पीयूष राज विशेष आकर्षण होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सूत्रधार भवन में कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

दिनेश सेन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश की समृद्ध लोक विरासत को मंच प्रदान करना और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। इसमें संस्था के अनुभवी और युवा कलाकारों के अलावा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आमंत्रित कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। इनमें प्रो. दीपक गौतम, धर्मेंद्र शर्मा, लाल सिंह, रोजी, ट्विंकल, जीवन बुडाल, संजय पुजारी, अर्पिता ठाकुर, अनुष्का, करिश्मा और विजय शामिल हैं।

चंबा जिला से संबंध रखने वाले पीयूष राज पहाड़ी लोकगीतों, शास्त्रीय संगीत और गजलों की विशेष प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने आकाशवाणी शिमला से अपने संगीत सफर की शुरुआत की थी। उनके लोकप्रिय गीतों में 'बहुत बुरे हैं', 'सायं-सायं मत कर राबिए' और 'तेरियां मोहब्बतां' शामिल हैं। उनका गायन इस सांस्कृतिक संध्या का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

आयोजन के लिए बनाई उपसमिति

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजन उपसमिति गठित की गई है। इसमें महासचिव अतुल गुप्ता, जोगिंदर ठाकुर, तिलक राज चौधरी, सुंदर श्याम महंत, धर्मेंद्र शर्मा, पं. विद्या सागर, निशांत गौतम, जीवन बुडाल, सनी और संजय पुजारी को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में पहाड़ी लोकगीतों, पारंपरिक धुनों और लोकनृत्यों के साथ बांसुरी व सितार की प्रस्तुतियां भी होंगी। संस्था के कलाकार लगभग छह मिनट का सामूहिक गीत प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा। संस्था अध्यक्ष ने सभी सदस्यों और कलाकारों से आयोजन को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय और सहयोग से कार्य करने का आह्वान किया।

- सूत्रधार कला संगम की 'पहाड़ी सांझ' में दिखेगी हिमाचली लोक संस्कृति की अनूठी झलक

तंबाकू मुक्त समाज का संदेश लेकर सड़कों पर उतरीं आशा कार्यकर्ता



अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और तंबाकू मुक्त समाज का संदेश देने के उद्देश्य से पतलीकूहल में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एएनएम आशा हेल्थ एजुकेटर ममता चौहान की अगुवाई में आयोजित इस रैली में करीब 75 से 80 आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।रैली की शुरुआत पतलीकूहल अस्पताल परिसर से हुई, जहां से आशा कार्यकर्ताओं ने हाथों में जागरूकता संदेश लेकर पतलीकूहल चौक तक रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों को तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य नुकसान के बारे में जागरूक किया तथा तंबाकू का सेवन छोड़ने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से लोगों को बताया गया कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इसके कारण मुंह का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग और सांस संबंधी कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ताओं ने आम जनता से अपील की कि वे स्वयं तंबाकू के सेवन से दूर रहें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए तंबाकू मुक्त वातावरण बनाना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज को नशामुक्त एवं स्वस्थ बनाने में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थी बैंक खातों की करवाएं आधार सीडिंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। तहसील कल्याण अधिकारी केलांग सुशील ने जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिप्र द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ ऑनलाईन माध्यम द्वारा लाभार्थियों के आधार सीडेड बैंक व डाकघर बचत खाते में किया जा रहा है। जिन पेंशनरों द्वारा अपने सामाजिक सुरक्षा पैंशन के डाकघर व बैंक बचत खाते को आधार सीडेड नहीं करवाया गया है, वे बचत खाते के साथ आधार सीडिंग करवाना सुनिश्चित करें ताकि लाभार्थियों को पोर्टल के माध्यम से पेंशन जारी की जा सके।

उन्होंने मुख्यमंत्री सहारा योजना के लाभार्थियों से भी आग्रह किया कि योजना का निरंतर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक वर्ष अप्रैल एवं सितंबर माह में निर्धारित आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। इसके अंतर्गत नवीनतम छह माह का जीवन प्रमाण-पत्र, बीपीएल प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित चिकित्सा प्रमाण-पत्र, जिसमें लाभार्थी के दीर्घकालीन उपचार का स्पष्ट उल्लेख हो, himparivar.hp.gov.in/ekalyan पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित लाभार्थियों से अपील की कि वे निर्धारित औपचारिकताएं समय रहते पूर्ण करें। अधिक जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन के लिए लाभार्थी जिला कल्याण अधिकारी अथवा तहसील कल्याण अधिकारी, लाहौल से संपर्क कर सकते हैं।

सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता : अनुराधा राणा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने ग्राम पंचायत सलग्रां व तिंदी के अंतर्गत आने वाले कुरचेड, धार, थनवानी, गरबूट, सलग्रां, लौहणी, अगाहर, बाडा, बरौड़, कैण, भुजुंड-1, भुजुंड-2 तथा कुठाड़ सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने देर रात तक ग्रामीणों के बीच रहकर उनसे सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं विकास संबंधी मांगों को गंभीरता से सुना। दौरे के दौरान विधायक ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने तथा स्वीकृत विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। जनसंवाद के दौरान विधायक ने क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए अब तक स्वीकृत एवं वितरित धनराशि की जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा की।

उन्होंने संबंधित विभागों से विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की तथा अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ गुणवत्ता के निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि लाहौल-स्पीति का समग्र विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमला ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल ठाकुर, आईटीआई चेयरमैन प्यारे लाल शर्मा, पंचायतों के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



- सलग्रां और तिंदी पंचायत के गांवों में पहुंचीं विधायक, विकास कार्यों का लिया जायजा

कुल्लू में ऑटो चालकों की मनमानी से जनता परेशान, सवारी को बैठाने से कर रहे इनकार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू में इन दिनों ऑटो रिक्शा चालकों की मनमानी से आम जनता का जीना मुहाल हो गया है। जहां शहर में कई ऑटो चालक यात्रियों को उनके इच्छित गंतव्य तक ले जाने से बेखौफ इनकार कर रहे हैं और बिना किसी ठोस वजह के 'मैं वहां नहीं जाऊंगा' कहकर यात्रियों को बीच रास्ते में ही छोड़ देना इनकी आदत बन गई है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले सैलानियों में भी भारी रोष व्याप्त है और सार्वजनिक परिवहन के रूप में पंजीकृत इन ऑटो द्वारा यात्रियों को ले जाने से मुंह मोड़ने के कारण वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, मरीजों, स्कूली विद्यार्थियों और पर्यटकों को विशेष रूप से भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है जो अपनी रोजमर्रा की जरूरतों और आवाजाही के लिए पूरी तरह स्थानीय ऑटो सेवा पर निर्भर हैं।

इस प्रकार की मनमानी और नियमों की अनदेखी पर रोक लगाने के लिए मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 74(2) के तहत परमिट की स्पष्ट शर्तें हैं जो चालकों को बिना किसी असाधारण परिस्थिति के सवारी ढोने से मना करने से रोकती हैं और इन नियमों की अवहेलना करने पर अधिनियम की धारा 86 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है, जिसके चलते कुल्लू के जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन व आरटीओ को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि सभी ऑटो चालकों द्वारा परमिट शर्तों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए, यात्रियों को ले जाने से मना करने वाले दोषियों के विरुद्ध त्वरित दंडात्मक कार्रवाई की जाए, सभी ऑटो स्टैंडों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर आरटीओ का शिकायत फोन नंबर प्रदर्शित किया जाए, प्रवर्तन कर्मचारियों के माध्यम से नियमित जांच व औचक निरीक्षण किया जाए तथा यात्रियों के लिए एक प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाए ताकि सार्वजनिक परिवहन के मूल उद्देश्य के तहत नागरिकों को सुलभ और सहज यात्रा सुविधा मिल सके और देवभूमि कुल्लू में किसी भी यात्री को असहाय स्थिति में न छोड़ना पड़े।



- 'वहां नहीं जाऊंगा' कहकर यात्रियों को लौटा रहे ऑटो चालक, आरटीओ से कार्रवाई की मांग

पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए सर्दी में पसीना बहा रहे अभ्यर्थी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू में पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2026 के तहत पुलिस लाइन बाशिंग में चल रही शारीरिक मानक परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा में कड़ाके की ठंड के बावजूद युवाओं का जोश कम नहीं हुआ है। पहले दो दिनों में ठंड के बीच पसीना बहाते हुए कुल 485 अभ्यर्थियों ने शारीरिक परीक्षण को सफलतापूर्वक पास कर लिया है। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ आयोजित की जा रही है।

भर्ती के पहले दिन (12 नवंबर) को कुल 1,500 पुरुष अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 1,138 ने परीक्षा में हिस्सा लिया और 362 अनुपस्थित रहे। पहले दिन कड़े शारीरिक मापदंडों के कारण 847 अभ्यर्थी अयोग्य घोषित हुए, जबकि 291 युवाओं ने बाजी मारते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की।इसके बाद दूसरे दिन (13 नवंबर 2026) भी 1,500 अभ्यर्थियों का लक्ष्य रखा गया, जिसमें 1,065 युवा उपस्थित हुए। दूसरे दिन के परीक्षण में 871 अभ्यर्थी असफल रहे, जबकि 194 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल कर आगामी चरण के लिए अपनी जगह पक्की की।

इस प्रकार, पहले दो दिनों में कुल 2,203 उपस्थित अभ्यर्थियों में से 485 ने अगले चरण के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है। उधर, एसपी कुल्लू अभिषेक सेकर ने भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि पूरी प्रक्रिया को बेहद पारदर्शिता, अनुशासन और तय मानकों के अनुसार पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठंड के बावजूद युवाओं का उत्साह सराहनीय है। पुलिस प्रशासन हर चरण में पूरी निष्पक्षता सुनिश्चित कर रहा है, और आने वाले दिनों में भी निर्धारित शेड्यूल के अनुसार यह प्रक्रिया जारी रहेगी। सफल अभ्यर्थियों को आगामी चरणों के लिए शुभकामनाएं दी।



- दो दिनों में 485 युवा शारीरिक परीक्षण में सफल
- ठंड में भी मैदान में डटे रहे अभ्यर्थी

सुखी परिवार योजना के सत्यापन को 16 से 18 तक विशेष ग्राम सभाएं

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। मुख्यमंत्री अपना सुखी परिवार योजना के तहत लाभार्थी परिवारों की सूचियों की चर्चा और सार्वजनिक सत्यापन के लिए जिला लाहौल-स्पीति की सभी 48 ग्राम पंचायतों में 16 से 18 नवंबर तक विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त निवेदिता नेगी ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 और संबंधित नियमों के तहत इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी किए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि लाहौल विकास खंड की 11 ग्राम पंचायतों खंगसर, मूलिंग, तांदी, वारपा, जोबरंग, जाहलमा, मूरिंग, जुंडा, उदयपुर, चिमरेट और शूलिंग में 16 नवंबर को ग्राम सभाएं होंगी। वहीं, 17 नवंबर को सिस्सू, गोंधला, गौशाल, यूरनाथ, बरबोग, कारदंग, नालडा, थिरोट, मड़ग्रां, तिंगरेट, किशोरी और मालंग पंचायतों में बैठकें आयोजित की जाएंगी। 18 नवंबर को दारचा, कोलोंग, केलांग, रानिका, शांशा, गोहरमा, त्रिलोकनाथ, शकोली, सलग्रां, तिंदी और कोकसर पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं होंगी। स्पीति विकास खंड में भी तीन दिनों तक ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें 16 नवंबर को ढंखर, काजा, डेमुल, लांगचा और खुरीक, 17 नवंबर को लल्लुंग, हल, ग्यू और ताबो तथा 18 नवंबर को लोसर, कुंगरी, सगनम, किब्बर और लारा पंचायत शामिल हैं।



इन बैठकों में योजना के सभी नौ चरणों में चिन्हित परिवारों की समेकित सूचियों पर विस्तार से चर्चा होगी और पात्रता का सार्वजनिक सत्यापन किया जाएगा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि विशेष ग्राम सभाओं के आयोजन के लिए कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और पंचायतों को निर्धारित तिथियों पर बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

न्यूज ब्रीफ

साई कॉलेज बधानी में मां भगवती का जागरण



अनंत ज्ञान, पठानकोट। साई पॉलिटेक्निक कॉलेज बधानी में हर वर्ष की भांति इस बार भी मां भगवती का जागरण श्रद्धा और भक्तिभाव से आयोजित किया गया। इसमें ग्रुप चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज, सीएमडी कंवर तुषार पुंज और वाइस प्रेसिडेंट रिया पुंज ने विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज की उन्नति, स्टाफ एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और क्षेत्र की सुख-शांति के लिए माता रानी से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में प्रिंसिपल मुकेश गुप्ता, नीरज शर्मा, राकेश कुमार सहित कॉलेज का स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

जिला कांगड़ा पेंशन संघ ने जताया शोक

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। जिला कांगड़ा पेंशन संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा महासचिव लेखराज गर्ग तथा वित्त सचिव खियाल चन्द तथा समस्त कार्यकारिणी ने जिला कांगड़ा पेंशन संघ के वरिष्ठ सदस्य चनोर इंदौरा निवासी मनोहर लाल की धर्म पत्नी सेवानिवृत खंड प्राथमिक अधिकारी सुदर्शना देवी की मृत्यु पर शोक प्रकट किया है तथा दिवंगत आत्मा की शान्ति के प्रार्थना की है तथा जिला कांगड़ा पेंशन संघ इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ है।

प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई, पेंशनर्स अपने हकों के लिए सड़कों पर : राकेश शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा और पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को जारी बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। कहीं गोलीबारी तो कहीं महिलाओं से छीना-झपटी की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं सरकार की 1500 रुपये देने की घोषणा पूरी होने का इंतजार कर रही हैं, जबकि सरकार होर्डिंग्स के जरिए योजनाओं का प्रचार कर रही है। राकेश शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारी पेंशन और अन्य वित्तीय लाभों के लिए परेशान हैं। सरकार की अनदेखी के कारण पेंशनर्स को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से इन समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की।

जागरूक मतदाता बनने के लिए किया प्रेरित

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पालमपुर में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत निर्वाचन साक्षरता प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें करीब 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. ओपी यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान प्रश्नोत्तरी और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गईं। डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रितु जामवाल ने सभी का आभार जताया और विद्यार्थियों से अपने परिवार एवं समाज को मतदान के प्रति जागरूक करने की अपील की।

कांगड़ा में ईएनटी चिकित्सा शिविर 22 को

अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की कांगड़ा शाखा एवं रिपुदमन चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 22 नवंबर को निःशुल्क ईएनटी चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे गोपाल बाग, गुरखड़ी, कांगड़ा में लगेगा। मरीजों को सुबह 9 बजे पहुंचकर पंजीकरण करवाने की अपील की गई है। शिविर में मैक्स ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के प्रिंसिपल डायरेक्टर (ईएनटी एवं हेड एंड नेक सर्जरी) डॉ. संजय सचदेवा मरीजों की जांच एवं उपचार करेंगे। शिविर में कान, नाक, गला, सिर और गर्दन से संबंधित बीमारियों की जांच की जाएगी।


विदेशी बाजार सुस्त, देसी ग्राहकों ने बढ़ाया धर्मशाला चाय का कारोबार

अब तक 1.43 लाख किलो चाय का उत्पादन, घरेलू बाजार में 1.05 लाख किलो की बिक्री

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। धर्मशाला चाय उद्योग में इस वर्ष चाय उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले वर्ष जहां चाय का उत्पादन करीब एक लाख 37 हजार किलोग्राम रहा था, वहीं इस वर्ष अब तक एक लाख 43 हजार किलोग्राम चाय का उत्पादन हो चुका है। चाय बनाने का कार्य अभी भी जारी है।

उद्योग प्रबंधन को उम्मीद है कि इस वर्ष उत्पादन का आंकड़ा डेढ़ लाख किलोग्राम तक पहुंच जाएगा।धर्मशाला चाय उद्योग के प्रोडक्शन मैनेजर सुजीत राय ने बताया कि इस बार विदेशों से धर्मशाला चाय की मांग कुछ खास नहीं रही, लेकिन घरेलू बाजार में चाय की अच्छी बिक्री हुई है। उद्योग



सुजीत राय

◆ इस साल उत्पादन डेढ़ लाख किलो तक पहुंचने की उम्मीद

प्रबंधन अब तक करीब एक लाख पांच हजार किलोग्राम चाय घरेलू बाजार में बेच चुका है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन को इस वर्ष उत्पादन एक लाख 60 हजार किलोग्राम से अधिक रहने की उम्मीद थी, लेकिन अगस्त माह में उत्पादन में आई कमी के कारण अब इसके डेढ़ लाख किलोग्राम तक पहुंचने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि चाय उत्पादन का कार्य पूरा होने के बाद दिसंबर, जनवरी और फरवरी माह में चाय बागानों के रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान धर्मशाला चाय उद्योग के उत्पादन में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

धर्मशाला चाय उद्योग का सालाना उत्पादन

वर्ष	उत्पादन (किलोग्राम)
2020	1,69,021
2021	**1,37,900**
2022	1,45,682
2023	**1,65,013**
2024	1,38,017
2025	**1,37,000**
2026	1,43,000 (अब तक)

फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर महिला को धमकाने वाला आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

◆ महिला की तस्वीरों पर अश्लील टिप्पणियां करने और धमकियां देने वाला आरोपी पुलिस के शिकंजे में

अशोक ठाकुर, इंदौरा। सोशल मीडिया पर फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर महिला और उसके परिवार को परेशान करने तथा जान से मारने की धमकियां देने के मामले में नूरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शाम लाल पुत्र जोगिन्द्र पाल निवासी शेरपुर चौक, लुधियाना (पंजाब) के रूप में हुई है।

एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना डमटाल में 26 अगस्त 2026 को अभियोग संख्या 141/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी उसके नाम से अलग-अलग फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसकी और परिवार की तस्वीरें अपलोड कर रहा था। इन तस्वीरों पर अश्लील एवं आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही थीं। आरोपी ने सोशल मीडिया पर उसका मोबाइल नंबर भी साझा कर दिया था, जिससे उसे अज्ञात नंबरों से फोन आने लगे। इसके अलावा व्हाट्सऐप कॉल के माध्यम से उसे और परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं।

पुलिस ने साइबर सेल की सहायता से फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक करवाए और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले में डिजिटल साक्ष्यों की जांच जारी है।

नूरपुर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट न बनाएं। ऑनलाइन उत्पीड़न होने पर स्क्रीनशॉट और प्रोफाइल लिंक सुरक्षित रखकर तुरंत पुलिस या साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवाएं। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कॉलेज छात्रा ने लगाया फंदा पुलिस को मिला सुसाइड नोट

अनंत ज्ञान

◆ परिजनों ने महिला पर लगाए प्रताड़ना के आरोप पुलिस जांच में जुटी

ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा जिला के धर्मशाला में कॉलेज छात्रा की आत्महत्या का मामला सामने आया है। पुलिस को एक सुसाइड नोट भी प्राप्त हुआ है, जिसे जांच का हिस्सा बनाया जा रहा है। वहीं, मृतका के परिजनों ने एक महिला पर उनकी बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों ने शिकायत देकर संबंधित महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

धर्मशाला में कॉलेज छात्रा की मौत के मामले में पुलिस जांच तेज हो गई है। पुलिस को सुसाइड नोट प्राप्त हुआ है। अब पुलिस सुसाइड नोट में लिखी बातों और परिजनों की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है। एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि परिजनों की शिकायत के अनुसार, छात्रा धर्मशाला कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। परिजनों का आरोप है कि पिछले कुछ समय से छात्रा मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी।

परिजनों के मुताबिक, 13 नवंबर की सुबह करीब सात बजे स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि शिव मंदिर रोड के पास एक छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। फिलहाल पुलिस को मिले सुसाइड नोट और परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस जांच में यह स्पष्ट होगा कि छात्रा की मौत के पीछे क्या परिस्थितियां रहीं और परिजनों की ओर से लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है।

30 ग्रामीण युवाओं को बनाया सोलर पैनल इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से मेहर चंद महाजन विद्यावती पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित सोलर पैनल इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का खनियारा स्थित मल्टी स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में समापन हुआ। समारोह में नाबार्ड हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. विवेक पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षण पूरा करने वाले 30 ग्रामीण युवाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए। डॉ. पठानिया ने कहा कि हरित ऊर्जा के क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवा इस तकनीकी कौशल का उपयोग कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे सकते हैं। इस आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवाओं को सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना, रखरखाव और तकनीकी बारीकियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक हिमांशु साहू और सहायक महाप्रबंधक ऋषभ सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।

शिक्षकों की पदोन्नति जल्द करे सरकार

टीजीटी को प्रवक्ता, जेबीटी और सीएंडवी शिक्षकों को टीजीटी बनने का इंतजार

अनंत ज्ञान

◆ राजकीय टीजीटी कला संघ ने इसी माह लंबित प्रमोशन क्लीयर करने की उठाई मांग

ब्यूरो, धर्मशाला। शिक्षा विभाग में करीब 1250 शिक्षक पदोन्नति की प्रतीक्षा में हैं जिसमें 749 टीजीटी को प्रवक्ता, 300 जेबीटी को टीजीटी और 200 सीएंडवी शिक्षकों को टीजीटी प्रमोशन का लंबे समय से इंतजार है। टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति के लिए डीपीसी कर गत वर्ष बनाया गया पैनल भी एक्सपायर हो गया है। ऐसे में टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति पैनल को दुरुस्त कर इसकी वैधता मार्च 2027 तक करते हुए लंबित प्रमोशन की जाए।

इस समय टीजीटी कैडर में करीब 590 पद रिक्त हैं। इन पर जेबीटी और सीएंडवी को प्रमोशन दी जाए और ये लंबित प्रमोशन इसी माह में क्लीयर की जाए। इसलिए शिक्षकों की लंबित प्रमोशन को पहली प्राथमिकता बनाया जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देश राज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, रीता बलयानी, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, महासचिव अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश, ज्ञान चंद आदि ने कहा कि ने कहा कि शिक्षकों की प्रमोशन के लिए डीपीसी होने के बाद भी 749 टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन लंबित है और जेबीटी तथा सीएंड वी से टीजीटी प्रमोशन भी तीन साल से लंबित है। इसलिए शिक्षक वर्ग कैबिनेट सब कमेटी से यह अपेक्षा करता है कि अब प्रमोशन के लिए भी उचित आदेश जारी किए जाएं ताकि हर वर्ग की जायज प्रमोशन मांग पूरी की जा सके। सीबीएसई शिक्षकों की नियुक्ति के चलते स्कूलों में हजारों शिक्षकों के पद भरे जाने के बाद प्रमोशन के लिए उपलब्ध पदों की संख्या कम होती जा रही है।

सरप्लस स्टाफ को भेजने और युक्तिकरण और 1500 स्कूल बंद होने के बाद पदों की संख्या में बड़ी गिरावट आ चुकी है। अनेकों सीबीएसई स्कूलों में प्रतिनियुक्ति के लिए भी पद शेष नहीं हैं और ऐसे में लंबित पदोन्नति तत्काल करना अपेक्षित है। इस बारे में संघ मुख्यमंत्री से शीघ्र ही विधानसभा में मिलेगा।

दैनिक वेतनभोगियों को नियमितीकरण का इंतजार

4 साल की अवधि घटाकर 3 साल करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

◆ एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर को सौंपा मांग पत्र

देशराज कश्यप, धरवाला। जिला चंबा के भरमौर क्षेत्र में विभिन्न पटवार वृत्तों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर आवाज बुलंद की है। कर्मचारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा और सरकार से मांग की कि दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की अवधि को 4 वर्ष से घटाकर 3 वर्ष किया जाए, ताकि लंबे समय से विभागों में सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को समय रहते नियमित होने का अवसर मिल सके।

प्रतिनिधिमंडल ने एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर को हिमाचली टोपी और शॉल पहनाकर सम्मानित भी किया। वहीं, ललित ठाकुर ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की जायज मांग को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष प्रमुखता से उठाकर उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा।

कई कर्मचारी 10 वर्षों से दे रहे सेवाएं



प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पटवार वृत्तों में कार्यरत कई कर्मचारी पिछले करीब 10 वर्षों से लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उनका भविष्य अस्थायी नौकरी के भरोसे चल रहा है। नियमितीकरण की नीति और प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता न होने के कारण कर्मचारियों में असुरक्षा का माहौल है। उनका कहना है कि क्षेत्र में ऐसे सैकड़ों कर्मचारी हैं, जिनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक हो चुकी है और उन्हें अब अपनी सेवानिवृत्ति के बाद की आर्थिक सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। ऐसे में अधिक आयु वाले कई कर्मचारी निर्धारित सेवा अवधि और नियमितीकरण की प्रक्रिया का लाभ लेने से पहले ही सेवानिवृत्ति की आयु तक पहुंच सकते हैं। इससे उन्हें पेंशन सहित सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले वित्तीय लाभों से वंचित रहने की आशंका है।

धुआंरहित फ्लेवरयुक्त तंबाकू की बिक्री पर रोक

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला दंडाधिकारी मुकेश रेपस्वाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत जिले में धुआंरहित फ्लेवरयुक्त तंबाकू उत्पादों के भंडारण, परिवहन, वितरण एवं बिक्री को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार ऐसे धुआं रहित तंबाकू उत्पाद जिनमें स्वाद, सुगंध, ठंडक अथवा सेवन को अधिक आकर्षक बनाने के उद्देश्य से फ्लेवरिंग एजेंट, मेंथॉल एवं अन्य एडिटिव्स का उपयोग किया जाता है, प्रतिबंध के दायरे में आएंगे। इनमें विशेष रूप से कूल-लिप फिल्टर तंबाकू भी शामिल है। जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं चिकित्सकीय विश्लेषण के अनुसार फ्लेवरयुक्त धुआंरहित तंबाकू उत्पादों में मिलाए जाने वाले मेंथोल एवं अन्य स्वादवर्धक तत्व इनके आकर्षण और सेवन की प्रवृत्ति को बढ़ाते हैं। ऐसे उत्पादों की सहज उपलब्धता से विशेषकर किशोरों एवं युवाओं में तंबाकू सेवन तथा निकोटीन की लत बढ़ने की आशंका रहती है। उत्पाद जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकते हैं।

चुराह की नेहा मेहता पीजीआई चंडीगढ़ में बनीं नर्सिंग ऑफिसर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। विधानसभा क्षेत्र चुराह के कोहली गांव की 25 वर्षीय बेटी नेहा मेहता ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से सफलता की नई इबारत लिखी है। नेहा का चयन देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान पीजीआई चंडीगढ़ में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से चुराह सहित पूरे जिला चंबा में खुशी और गर्व का माहौल है। एक मध्यमवर्गीय परिवार से निकलकर प्रतिष्ठित संस्थान तक पहुंची नेहा की सफलता क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी है।



नेहा अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और नाना-नानी के आशीर्वाद को देती हैं। वह विशेष रूप से अपनी माता नीता मेहता के योगदान को अपनी सफलता की सबसे बड़ी ताकत मानती हैं। नेहा के अनुसार, उनकी मां ने बेटियों की बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने करियर तक का त्याग किया। उनका सपना था कि बेटियां आत्मनिर्भर बनें और अपनी उपलब्धियों से समाज की दूसरी बेटियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दें।

कमलेश मेहता और नीता मेहता की बेटी नेहा ने अपनी स्कूली शिक्षा डीएवी हार्डासपुरा से पूरी की। इसके बाद वर्ष 2022 में पीजीआई चंडीगढ़ की बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर चार वर्षीय डिग्री हासिल की। अब वह इसी संस्थान में नर्सिंग ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। उनके पिता कमलेश मेहता आईटीबीपी में कार्यरत हैं, जबकि माता नीता मेहता गृहिणी हैं। उनकी बड़ी बहन मीनाक्षी मेहता चंडीगढ़ में आईटी सेक्टर में नौकरी करने के साथ कंप्यूटर इंजीनियरिंग में एमटेक कर रही हैं। वहीं छोटी बहन अनन्या मेहता डीएवी स्कूल चंबा में नौवीं कक्षा की छात्रा हैं।

खेलो इंडिया चैंपियनशिप में चंबा की 3 बेटियां दिखाएंगी दम, हिमाचल की टीम में बनाई जगह



अनंत ज्ञान, चंबा। खेल प्रतिभाओं के दम पर चंबा की बेटियां एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए तैयार हैं। लुधियाना में 14 से 16 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाली खेलो इंडिया सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप के लिए जिला चंबा की तीन खिलाड़ियों का हिमाचल प्रदेश की टीम में चयन हुआ है। इनमें तनिष्का महाजन, ट्विंकल महाजन और रंजू शामिल हैं। तीनों खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। तीनों खिलाड़ियों के चयन से चंबा के खेल जगत में उत्साह का माहौल है। खिलाड़ी कोच रविंद्र दुर्गाइक के नेतृत्व में प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लुधियाना रवाना हो गई हैं। उनकी इस उपलब्धि को जिले में सॉफ्ट टेनिस खेल के बढ़ते स्तर और खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत का परिणाम माना जा रहा है। जिला सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन चंबा के सचिव नवीन मेहता ने तीनों खिलाड़ियों के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है कि चंबा की तीन बेटियां खेलो इंडिया जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से हिमाचल प्रदेश और जिला चंबा का नाम रोशन करेंगी। तीनों खिलाड़ियों की उपलब्धि से जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित

अनंत ज्ञान, चंबा। भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में 2 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित की जा रही चुनावी जागरूकता संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताओं की कड़ी में चुनावी साक्षरता क्लब/ इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब 3-चंबा विधानसभा क्षेत्र की ओर से शुक्रवार को बचत भवन में विधानसभा क्षेत्र स्तरीय निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में चम्बा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 22 शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन एसडीएम चंबा चिराग शर्मा के कुशल नेतृत्व में किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कुल 20 विद्यार्थियों, जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं के परिणामों के आधार पर निबंध लेखन में पांच तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छह विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित विद्यार्थी 18 नवंबर को बचत भवन, चम्बा में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में 3-चम्बा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल छह विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। वहीं, निबंध लेखन प्रतियोगिता में कुल पांच विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

16 से 18 तक होंगी विशेष ग्राम सभा बैठकें

अनंत ज्ञान, चंबा। उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना के अंतर्गत प्रथम से नवम् चरण तक चिन्हित परिवारों की सूची पर चर्चा एवं जनसंवीक्षा के लिए जिला चम्बा के समस्त विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा बैठकों का आयोजन 16, 17 और 18 नवंबर को किया जाएगा। बैठकों में योजना के अंतर्गत चिन्हित परिवारों की सूची पर विस्तृत चर्चा एवं जनसंवीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि विकास खंड भरमौर व पांगी में 16 और 17 नवंबर को वहीं विकास खंड भटियात, चम्बा, मैहला, सलूणी और तीसा में 16, 17 और 18 नवंबर को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन विशेष ग्राम सभा बैठकों का समय प्रातः 11 बजे निर्धारित किया गया है।

निगम व बोर्ड कर्मचारियों ने फिर उठाया पेंशन का मुद्दा

अनंत ज्ञान

◆ रणजीत कुमार बोले– चुनाव से पहले किए वादे को पूरा करे सरकार

राहुल सहगल, चंबा। हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली के बाद अब निगमों और बोर्डों के कर्मचारियों की पेंशन का मुद्दा सरकार के सामने फिर से उठने लगा है। हिमाचल प्रदेश स्टेट कॉरपोरेट सेक्टर रिटायरीज को-ऑर्डिनेशन कमेटी ने प्रदेश सरकार से वर्ष 1999 की पेंशन अधिसूचना को तत्काल बहाल करने की मांग उठाई है। कमेटी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार ने कहा कि सरकार ने 1.36 लाख पूर्व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया है, लेकिन 18 निगमों और बोर्डों के 6,543 कर्मचारी आज भी इस सुविधा से वंचित हैं।

रणजीत कुमार के अनुसार, कॉरपोरेट सेक्टर के कुल 39,141 कर्मचारियों में से 32,136 को पेंशन मिल रही है, जबकि शेष कर्मचारियों की पेंशन संबंधी समस्या का समाधान होना बाकी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1999 में तत्कालीन सरकार ने 283 करोड़ रुपए के बजट प्रावधान के साथ निगमों और बोर्डों के कर्मचारियों को सरकारी विभागों की तर्ज पर पेंशन देने की व्यवस्था शुरू की थी। हालांकि, दिसंबर 2004 में इस अधिसूचना को वापस ले लिया गया। इसके बाद दिसंबर 2004 से पहले के कर्मचारियों को पेंशन सुविधा मिलती रही, जबकि अन्य प्रभावित कर्मचारी इस लाभ से वंचित रह गए। रणजीत कुमार ने दावा किया कि वर्ष 1999 की अधिसूचना बहाल करने से सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी अधिक नहीं पड़ेगा, क्योंकि कर्मचारियों का काफी हिस्सा सरकार के खजाने में पहले से जमा है। उन्होंने सरकार से कमेटी को वार्ता के लिए बुलाने की मांग करते हुए कहा कि संगठन आपसी सहमति और व्यावहारिक समाधान के लिए तैयार है।

दूसरे दिन भी जारी रहा पेंशनरों का धरना

अनंत ज्ञान, चंबा। अपनी लंबित मांगों और वित्तीय देनदारियों के भुगतान की आस लगाए पेंशनरों का सब्र अब जवाब देने लगा है। जिला मुख्यालय चंबा में उपायुक्त कार्यालय के बाहर हिमाचल प्रदेश पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। हैरानी की बात यह रही कि लगातार दूसरे दिन भी आंदोलनरत पेंशनरों से बातचीत करने के लिए न तो कोई जनप्रतिनिधि पहुंचा और न ही प्रशासन का कोई अधिकारी। अपनी मांगों को लेकर बुजुर्ग पेंशनर धरना स्थल पर डटे रहे, लेकिन उनकी समस्याएं सुनने के लिए किसी स्तर पर पहल नहीं हुई। शुक्रवार को धरने में विभिन्न पेंशनर संगठनों के 11 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जबकि 19 अन्य पेंशनर बैकअप टीम के रूप में आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं। समिति ने प्रदेश सरकार से महंगाई भत्ते की लंबित पांच किस्तों, करीब 10 प्रतिशत डीए और उसके एरियर का शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई। पेंशनरों का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके जायज आर्थिक लाभों के लिए इंतजार करवाना उचित नहीं है। समिति ने सरकार की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया कि पेंशनरों की बड़ी संख्या होने के बावजूद उनकी समस्याओं को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल रही है।

फिर झुलसी चंबा की हजार साल पुरानी विरासत

लक्ष्मी-नारायण मंदिर परिसर के शिव मंदिर में लगी आग ▶ 1957 में जलकर नष्ट हुआ था मंदिर का वैभवशाली वैकुंठ द्वार

अनंत ज्ञान

◆ पुरातत्वविद डॉ. राजेश सहगल ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

◆ बोले- धरोहरों का संरक्षण केवल मंदिर की आय के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता

राहुल सहगल, चंबा। ऐतिहासिक विरासत को खोने का दर्द चंबा पहले भी झेल चुका है, लेकिन सात दशक बाद भी इतिहास से सबक न लेना व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। वर्ष 1957 में भीषण अग्निकांड में ऐतिहासिक लक्ष्मी-नारायण मंदिर का वैभवशाली वैकुंठ द्वार नष्ट हो गया था और अब एक बार फिर मंदिर परिसर के शिव मंदिर में लगी आग ने सदियों पुरानी धरोहरों को नुकसान पहुंचाया है। चांदी के आभूषण, विशाल चांदी का छत्र, पीतल के बर्तन, लकड़ी की बेशकीमती नक्काशी और मंदिर की स्थापत्य कला को पहुंचे नुकसान ने ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुरातत्वविद डॉ. राजेश सहगल ने इस घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि चंबा का लक्ष्मीनारायण मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि हिमाचल की गौरवशाली कला, संस्कृति और स्थापत्य विरासत का जीवंत प्रमाण है। वर्ष 1957 के अग्निकांड में राजा श्री सिंह द्वारा निर्मित ऐतिहासिक वैकुंठ द्वार जलकर नष्ट हो गया था। उस घटना में तीन मंजिला प्रवेशद्वार, लकड़ी की बारीक नक्काशी और ऐतिहासिक भित्तिचित्रों को भारी नुकसान पहुंचा था। इसके बावजूद मुख्य पत्थर का मंदिर और गर्भगृह सुरक्षित रहे थे। अब दोबारा



आग लगने की घटना ने संरक्षण व्यवस्था की तैयारियों पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। डॉ. सहगल ने मंदिर परिसर में स्थापित पुराने अग्निशमन यंत्रों की स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आपदा के समय इन उपकरणों की उपयोगिता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने पूछा कि जब महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आगमन पर प्रशासनिक अधिकारी मंदिर परिसर का दौरा करते हैं, तो क्या कभी सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक समीक्षा भी की जाती है? मंदिर की सीमित आय का हवाला देकर जिम्मेदारी से पीछे

न्यूज ब्रीफ

ऊना की 130 मॉडल पंचायतों का होगा स्वच्छता आकलन

अनंत ज्ञान, ऊना। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला ऊना की 130 ओडीएफ प्लस मॉडल पंचायतों का स्वच्छ सेवा आकलन किया जा रहा है। इसके तहत पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था की स्थिति जांची जा रही है। ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से पंचायत सचिव ऑनलाइन सत्यापन कर रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि निर्धारित मानकों के आधार पर सभी पंचायतों की स्वच्छता व्यवस्था का मूल्यांकन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मौजूदा स्थिति का आकलन करने के साथ कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करना है। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाली पंचायतों के मॉडल अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेंगे। विभाग का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने के साथ जनभागीदारी और जागरूकता को बढ़ावा दिया जाए।

ऊना में 60 टेलीकॉलर पदों के लिए 17 को इंटरव्यू

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला रोजगार कार्यालय ऊना में 17 नवंबर को सुबह 10:30 बजे कैंपस इंटरव्यू आयोजित होगा। इसके माध्यम से मोहाली की मैसर्ज नानक फाइनेंशियल सर्विसेज में टेलीकॉलर के 60 पद भरे जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों को 14 हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा और कार्यस्थल मोहाली रहेगा। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि 10वीं, 12वीं या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले 19 से 40 वर्ष आयु के अभ्यर्थी साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। फ्रेशर और अनुभवी दोनों उम्मीदवार पात्र हैं। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, बायोडाटा, दो पासपोर्ट साइज फोटो और अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो) की मूल प्रतियों के साथ पहुंचें।

बंगाणा में वॉलीबॉल का महाकुंभ आज से

अनंत ज्ञान, बंगाणा। बंगाणा में तीन दिवसीय जूनियर (अंडर-18) राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से शुरू होगी। इसमें प्रदेश की महिला एवं पुरुष वर्ग की कुल 24 टीमें भाग लेंगी। राज्य वॉलीबॉल फेडरेशन के महासचिव मदन राणा ने बताया कि प्रत्येक जिले से एक महिला और एक पुरुष टीम प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। खिलाड़ियों के ठहरने और खाने-पीने की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष तथा पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के प्रयासों से दूसरी बार बंगाणा को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर हिमाचल की अंडर-18 महिला एवं पुरुष टीमों का चयन किया जाएगा। चयनित टीमें राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। मदन राणा ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को नशे से दूर रख खेलों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर जिला वॉलीबॉल संघ के सलाहकार चरणजीत शर्मा और जिला महामंत्री राजेंद्र ठाकुर रिंकू भी उपस्थित रहे।



माता-पिता की स्मृति में स्कूल को भेंट किया हॉल-बरामदा

अनंत ज्ञान, विवेक शर्मा, अंब। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला में स्व. सदा राम लट्ट और उनकी पत्नी स्व. कमला देवी की स्मृति में हॉल और बरामदे का निर्माण करवाया गया। इस पुनीत कार्य से विद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस निर्माण में राम कुमारी वशिष्ठ, उनके पति श्याम सुंदर वशिष्ठ (यूएसए), बेटी अनीता शर्मा और ग्राम पंचायत टकारला के पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी अश्विनी कुमार मौंदगिल ने सहयोग दिया। विद्यालय पहुंचने पर सभी का प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य ने स्वागत किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार बक्शी ने सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह का योगदान विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक होगा।

बड़ूही में बाइक-कार की टक्कर, युवक घायल

अनंत ज्ञान, अंब। ऊना-धर्मशाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ूही पेट्रोल पंप के समीप बाइक और कार की जोरदार टक्कर में चुरुड़ू निवासी बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी बाजू और जबड़ा टूट गया। घायल का उपचार ऊना के शिवम अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार बाइक चुरुड़ू से बड़ूही की ओर आ रही थी, जबकि कार टकारला की तरफ से मुख्य मार्ग पर पहुंच रही थी। इसी दौरान दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल को उसी कार से अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो गया और कानूनी कार्रवाई न करवाने पर सहमति बनी।

पेंशनर्स का सरकार के खिलाफ हल्ला बोल, 19 नवंबर को घेरेंगे विधानसभा

ऊना में दूसरे दिन भी धरना, 17 नवंबर तक जारी रहेगा प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्ज संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी पेंशनरों ने एमसी पार्क ऊना में धरना-प्रदर्शन किया। पेंशनरों ने लंबित वित्तीय लाभ जारी करने और 17 सूत्रीय मांगपत्र पर जल्द कार्रवाई की मांग उठाई। समिति ने 19 नवंबर को धर्मशाला में विधानसभा घेराव का ऐलान किया है।

पेंशनरों ने कहा कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संशोधित पेंशन का लाभ तो मिल गया है, लेकिन कम्यूटेशन, ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट की बकाया राशि नहीं मिली। कुल 18 प्रतिशत महंगाई भत्ते में से केवल पांच प्रतिशत का भुगतान हुआ है, जबकि 13 प्रतिशत अभी लंबित है। इसके अलावा 206 महीनों का डीए एरियर भी जारी नहीं किया गया है। पेंशनरों ने एचआरटीसी पेंशनरों को पांच प्रतिशत डीए का लाभ देने की मांग भी उठाई। जिला अध्यक्ष एवं समिति के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरमेश सिंह राणा ने कहा कि सरकार पेंशनरों की जायज मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने सरकार से प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाने और लंबित देनदारियों का भुगतान करने की मांग की।

उन्होंने बताया कि 17 नवंबर तक प्रदेशभर में जिला मुख्यालयों पर रोजाना धरना दिया जाएगा। इसके बाद 19 नवंबर को धर्मशाला में विधानसभा का घेराव होगा। इसमें ऊना जिला से दो से तीन हजार पेंशनरों के शामिल होने की संभावना है। पेंशनरों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर मेहर सिंह चंदेल, राम स्वरूप शर्मा, बेनी चंद राणा, प्रेम लाल शर्मा और सुभाष चंद राणा सहित बड़ी संख्या में पेंशनर मौजूद रहे।



ऊना में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते पेंशनर्स।

विधायक विवेक शर्मा आज कुटलैहड़ में चार कार्यक्रमों में होंगे शामिल

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा शनिवार को विधानसभा क्षेत्र में चार कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। सुबह 10 बजे राजकीय उच्च विद्यालय बुढ़ार में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे कांग्रेस कार्यालय जोगी पंगा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। इसमें संगठनात्मक गतिविधियों और 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान की समीक्षा की जाएगी।

दोपहर एक बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्ह के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। वहीं, शाम तीन बजे ननावी चौक से नरहूं तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे।

विधायक के निजी प्रेस सचिव के अनुसार इन कार्यक्रमों के माध्यम से खेल, शिक्षा और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

जयपुर में विधायक विवेक शर्मा का हिमाचलियों ने किया जोरदार स्वागत

अनंत ज्ञान



बंगाणा। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने जयपुर में पिछले 30 वर्षों से रह रहे गांव खड़ोह निवासी विजय शर्मा के निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जयपुर में रह रहे हिमाचलियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। माध्वी शर्मा ने तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर हिमाचलवासियों ने कुटलैहड़ के विकास और जनसमस्याओं को लेकर चर्चा की। विजय शर्मा सहित अन्य लोगों ने विधायक के कार्यों की सराहना करते हुए वर्ष 2027 में उन्हें दोबारा मौका मिलने की उम्मीद जताई। विधायक विवेक शर्मा ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि कुटलैहड़ के लोग देश-विदेश में कहीं भी रहें, वे हमेशा उनके परिवार का हिस्सा हैं। क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए उनके प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

मुबारिकपुर, अंब, गगरेट व दौलतपुर में जाम से लोग परेशान: राम लुभाया

अनंत ज्ञान, घनारी। जन कल्याण मंच के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित राम लुभाया ने मुबारिकपुर, अंब, गगरेट और दौलतपुर में बढ़ती जाम की समस्या पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि खनन सामग्री से लदे ओवरलोड टिप्परों और बड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि पहले इन प्रमुख कस्बों और चौकों पर चार से पांच पुलिस व होमगार्ड कर्मचारी तैनात रहते थे, लेकिन अब केवल एक होमगार्ड कर्मचारी के सहारे ट्रैफिक व्यवस्था संभाली जा रही है। ऐसे में जाम नियंत्रित करना मुश्किल है। राम लुभाया ने प्रशासन से पर्याप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती करने की मांग की।

ऊना में पुलिस भर्ती का शारीरिक परीक्षण शुरू, 16 नवबंर तक झलेड़ा में होंगे टेस्ट

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, ऊना। जिला ऊना में पुलिस आरक्षी भर्ती के तहत पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के शारीरिक दक्षता और माप परीक्षण शुक्रवार से शुरू हो गए हैं। भर्ती प्रक्रिया 13 से 16 नवंबर तक पुलिस लाइन झलेड़ा के मैदान में डीआईजी सौम्या सांबशिवम के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 नवंबर को पुरुष वर्ग के रोल नंबर 80067972 से 80069471 तक, 14 नवंबर को 80069472 से 80070971 तक तथा 15 नवंबर को 80070972 से 80072586 तक के अभ्यर्थियों का परीक्षण होगा। वहीं, 16 नवंबर को महिला अभ्यर्थियों के रोल नंबर 90026766 से 90028476 तक का परीक्षण किया जाएगा। पुलिस प्रशासन के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर सुबह छह बजे पुलिस लाइन झलेड़ा में पहुंचना होगा। उन्हें प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट और सभी आवश्यक दस्तावेज मूल रूप में साथ लाने होंगे।

परीक्षण स्थल पर माता-पिता और अभिभावकों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मोबाइल फोन, लगेज और कीमती सामान लाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। एसपी सचिन हिरेमठ ने अभ्यर्थियों से भर्ती संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने और समय पर पहुंचने की अपील की है।

सेमीफाइनल में आर्यन बनोटी और घनहाटी की शानदार जीत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पहले सेमीफाइनल में आर्यन बनोटी और चहलहल की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। चहलहल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 101 रन बनाए। जवाब में आर्यन बनोटी की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट खोकर 106 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मैच में अंकु ठाकुर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आर्यन बनोटी ने शानदार जीत दर्ज कर अगले चरण में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में घनाहाटी और बाजीगर के बीच मुकाबला खेला गया। धनाहटी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 136 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाजीगर की टीम निर्धारित मुकाबले में 7 विकेट खोकर 120 रन ही बना सकी। इस तरह धनाहटी ने 16 रन से शानदार जीत दर्ज की।

वहीं, दूसरे मुकाबले में सुनील ठाकुर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रतियोगिता की लाइव स्कोरिंग की जिम्मेदारी सीमा मेहता और कीर्तिका वर्मा ने संभाली। दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों के उत्साह, संघर्ष और बेहतरीन खेल ने प्रतियोगिता का रोमांच बढ़ा दिया।

दंगल की परंपरा को आगे बढ़ाने में देंगे हरसंभव सहयोग: अग्निहोत्री

24 सालों के जुड़ाव पर जताया आभार विकास कार्यों के लिए करोड़ों की घोषणाएं

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरवार देर शाम हरोली के जखेवाल (बीटन) में आयोजित पावन दंगल में शिरकत की। उन्होंने कहा कि संत बाबा ढांगू वाले महाराज के इस दंगल से उनका 24 वर्षों पुराना जुड़ाव है। दंगल की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

अग्निहोत्री ने खेल मैदान के विकास के लिए 30 लाख रुपए का चेक सौंपा। दंगल आयोजन के लिए 11 लाख और पंचायत घर निर्माण के लिए 1 करोड़ 14 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि गलियों और सड़कों के लिए 25 लाख रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने संत बाबा ढांगू वाले महाराज के समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद किया। बीटन कॉलेज में नए पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग पर उन्होंने अगले अप्रैल से इन्हें शुरू करने का प्रयास करने की बात कही। उन्होंने हरोली की जनता का 25 वर्षों तक सेवा का अवसर देने के लिए आभार जताया।

मैहरी में शॉर्ट सर्किट से पशुशाला में लगी आग, 3 लाख का नुकसान

अनंत ज्ञान



घुमारवीं। उपमंडल के तहत मैहरी काथला पंचायत के मैहरी गांव में शुक्रवार सुबह शॉर्ट सर्किट से पशुशाला में आग लग गई। आग की चपेट में आने से संदीप कुमार की स्लेटपोश पशुशाला जल गई। इस हादसे में पीड़ित परिवार को करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा आसपास के घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे संदीप कुमार की पशुशाला से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। आग देखकर स्थानीय लोग मौके पर एकत्रित हो गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया।हालांकि, आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पशुशाला की पूरी छत इसकी चपेट में आ गई। आग के तेजी से फैलने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और इसे आसपास के घरों तक फैलने से रोकने में सफलता हासिल की। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे में परिवार को करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

उपमुख्यमंत्री 15 को करेंगे पूर्व सैनिक भवन का शिलान्यास

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला ऊना के पूर्व सैनिकों के लंबे समय से प्रतीक्षित भवन का शिलान्यास 15 नवंबर को गांव रोड़ा में रामपुर हरोली पुल के पार उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर पूर्व सैनिक संगठनों ने कमर कस ली है। इसी सिलसिले में 14 नवंबर को सुबह 11 बजे इंडियन एक्स सर्विसेज लीग के ऊना स्थित कार्यालय में चेयरमैन कैप्टन शक्ति चंद की अध्यक्षता में बैठक होगी। इसमें विभिन्न पूर्व सैनिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। बैठक में समारोह की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। कैप्टन शक्ति चंद ने जिला ऊना के सभी पूर्व सैनिकों से परिवार सहित समारोह में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने 15 नवंबर को सुबह 10:30 बजे समारोह स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया है।



ऋषिकेश में फोरलेन पर बाइक की टक्कर से महिला की मौत

अनंत ज्ञान



घुमारवीं। फोरलेन सड़क पर ऋषिकेश के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक की टक्कर लगने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार भी घायल हो गया। हादसे का वीडियो सामने आया है, जिसमें बाइक की टक्कर से महिला सड़क पर गिरती हुई दिखाई दे रही है। हादसे के बाद घायल बाइक सवार को उपचार के लिए एम्स बिलासपुर पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं।

100 फीसदी दिव्यांगता पर अब 3000 रुपए पेंशन

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। उपायुक्त किरण भड़ाना ने बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय दिव्यांगजन समिति की बैठक में बताया कि दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान जिले के करीब 4597 दिव्यांगजनों को विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 2 करोड़ 24 लाख की वित्तीय सहायता एवं अन्य लाभ प्रदान किए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 100 प्रतिशत दिव्यांगता वाले पात्र लाभार्थियों के मासिक दिव्यांग राहत भत्ते में बढ़ोतरी की गई है। अब इन लाभार्थियों को 1700 के स्थान पर 3000 रुपऐ प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जा रही है।

ओयल और आसपास के क्षेत्रों में कल पावर कट

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। सहायक अभियंता विद्युत उप मंडल-।। ई. रविंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 नवंबर को चंगर अनुभाग के अंतर्गत बिजली की नई लाइन बिछाने के चलते जिला के कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि चंगर अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र वन विभाग कॉलोनी, चंगर, डीएवी, ओयल तथा आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

बरमाणा व आसपास 16 को बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। सहायक अधिशासी अभियंता विद्युत उप मंडल-। ई. सन्नी जगोता ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुभाग बैरी में विद्युत लाइन के साथ लगते पेड़ों की टहनियों की कांट-छांट का कार्य करने के चलते बरमाणा, कैंचीमोड़, गुगा भटेड़, खतेड़, लगट, नालग चांगरू, बैरी रजादियां, बीटीडीएस मैदान, व आपसपास के क्षेत्रों में आगामी 16 नवंबर को प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि शटडाउन मौसम पर निर्भर रहेगा तथा लोगों से सहयोग की अपील की है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री आज से जिला प्रवास पर

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 14 से 16 नवंबर तक जिला प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री 14 नवंबर को प्रातः 9:30 बजे घुमारवीं के गालियां में आयोजित होने वाले कोर्फबॉल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कठलग के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसी प्रकार तकनीकी शिक्षा मंत्री दोपहर 2 बजे कंदरौर स्थित डेरिका फार्म्स में हिमाचल प्रदेश के प्रथम संगठित गधा फार्म का उद्घाटन करेंगे तथा इस दौरान डेयरी किसानों के साथ संवाद भी करेंगे। तकनीकी शिक्षा मंत्री 15 नवंबर को प्रातः 9:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमरपुर में आयोजित होने वाले वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे वह पड़यालग (ढ़धोल) में गौ माता सेवा समिति द्वारा आयोजित गौ कथा में भाग लेंगे। वहीं, 16 नवंबर को प्रातः 10 बजे संस्कृति भवन बिलासपुर में हिमाचल प्रदेश फार्मेसी काउंसिल द्वारा आयोजित विश्व राष्ट्रीय फार्मेसी एवं राज्य फार्मासिस्ट दिवस एवं सप्ताह-2026 कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।



बरबेक नेशन हॉस्पिटैलिटी लि. में भरे जाएंगे 250 पद

अनंत ज्ञान

- 17 नवंबर को उप-रोजगार कार्यालय घुमारवीं में
- 19 नवंबर को श्री नयना देवी जी में होगा साक्षात्कार



बिलासपुर। जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि मैसर्ज बरबेक नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड द्वारा हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में एफएंडबी तथा किचन हेल्पर के 250 पद अधिसूचित किए हैं। इन पदों के लिए उप-रोजगार कार्यालय घुमारवीं में 17 नवंबर तथा 19 नवंबर को उप-रोजगार कार्यालय श्री नयना देवी जी में प्रात: 10:30 बजे से साक्षात्कार आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए महिला या पुरुष उम्मीदवार की आयु 18 से 30 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं अथवा इससे अधिक होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 11,000 रुपए प्रतिमाह वेतन के अतिरिक्त ईपीएफ, ईएसआईसी, आवास एवं भोजन की सुविधा प्रदान की जाएगी। निर्धारित सीटीसी 16,000 रुपए होगी। चयनित अभ्यर्थियों की तैनाती दिल्ली, पंजाब, गुजरात, बेंगलुरु एवं हैदराबाद में की जाएगी। उन्होंने पात्र अभ्यर्थियों से अपील की कि वह अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड (एक्स-10), आधार कार्ड, दसवीं का प्रमाण पत्र, संबंधित शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा तथा अनुभव प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो) सहित निर्धारित तिथि एवं स्थान पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों। इस बारे अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-222450 पर संपर्क किया जा सकता है।

मतधिकार का महत्व समझें युवा: एसडीएम

घुमारवीं में विधानसभा क्षेत्र स्तरीय प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित

अनंत ज्ञान



घुमारवीं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता एवं लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को पीएम श्री मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घुमारवीं में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तरीय प्रश्नोत्तरी एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं में विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के उपरांत प्रश्नोत्तरी एवं निबंध लेखन, दोनों स्पर्धाओं से 10-10 प्रतिभागियों का चयन आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम घुमारवीं अभिषेक बरवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया, लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व तथा मतदाता जागरूकता की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है तथा युवाओं की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है।

- दोनों स्पर्धाओं से 10-10 प्रतिभागियों का जिला स्तर के लिए चयन

उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने, अपने मताधिकार के महत्व को समझने तथा समाज में निष्पक्ष एवं जागरूक मतदान के प्रति लोगों को प्रेरित करने का आह्वान किया।

डीसी ने किया साहित्यकार रामलाल की पुस्तक 'कहलूर की लोक आस्थाएं' का विमोचन

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। उपायुक्त बिलासपुर किरण भड़ाना ने आज बिलासपुर के वरिष्ठ एवं प्रख्यात साहित्यकार रामलाल पाठक द्वारा लिखित पुस्तक 'कहलूर की लोक आस्थाएं' का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने लेखक के साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक कहलूर क्षेत्र की समृद्ध ऐतिहासिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समझने की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण साहित्यिक कृति है। उन्होंने कहा कि पुस्तक में कहलूर के ऐतिहासिक एवं सामाजिक स्वरूप, लोक आस्थाओं, जनमान्यताओं, पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक परंपराओं का गहन अध्ययन एवं सारगर्भित प्रस्तुतीकरण किया गया है। यह कृति क्षेत्र की लोक संस्कृति की विविधता, विशिष्टता और उसकी गहरी जड़ों से परिचित करवाने के साथ-साथ बिलासपुर के गौरवशाली इतिहास और विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की वास्तविक पहचान उसकी ऐतिहासिक विरासत, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों में निहित होती है। ऐसे में साहित्यकारों के शोधपरक एवं रचनात्मक प्रयास इन अमूल्य धरोहरों को दस्तावेजी स्वरूप प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डीसी किरण भड़ाना का दिव्यांग कल्याण संघ बिलासपुर ने किया स्वागत



अनंत ज्ञान, बिलासपुर। जिला उपायुक्त एवं जिला दिव्यांगजन आयुक्त बिलासपुर किरण भड़ाना का दिव्यांग कल्याण संघ बिलासपुर की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि उनके कुशल मार्गदर्शन और संवेदनशील नेतृत्व में जिले के दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों को नई दिशा और गति मिलेगी। संघ की ओर से कहा गया कि दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा, सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसके लिए प्रशासन के सकारात्मक सहयोग से प्रभावी कदम उठाए जाने की उम्मीद है। संघ ने आशा व्यक्त की कि उनके मार्गदर्शन में दिव्यांगजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। साथ ही दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सार्थक पहल होगी।

न्यूज ब्रीफ

मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना के तहत 16 से 18 नवंबर तक होंगी विशेष ग्राम सभाएं

अनंत ज्ञान, नाहन। मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना के तहत किए गए सर्वेक्षण की अंतिम सूची के पुनः सत्यापन के लिए सिरमौर की सभी ग्राम पंचायतों में 16 से 18 नवंबर तक विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सर्वेक्षण के सभी नौ चरणों में चिन्हित परिवारों की डेटा एंट्री पूरी हो चुकी है। अब सूची का अंतिम सत्यापन किया जाएगा, ताकि कोई अपात्र परिवार इसमें शामिल न रहे। विशेष ग्राम सभाओं में समेकित सूची लोगों के सामने रखी जाएगी और उस पर चर्चा होगी। सूचियां पंचायतों के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित की जाएंगी। इन ग्राम सभाओं के आयोजन के लिए कोरम पूरा करना अनिवार्य नहीं होगा। उपायुक्त ने संबंधित खंड विकास अधिकारियों, पंचायत प्रधानों और सचिवों को निर्धारित तिथियों पर सभाएं आयोजित करने तथा लोगों को इसकी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

एक्सेस इक्विटी इंडेक्स-2026 में हिमाचल देशभर में तीसरे स्थान पर : ऊषा तोमर



अनंत ज्ञान, राजगढ़। प्राकृतिक आपदाओं और सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद हिमाचल प्रदेश ने एक्सेस इक्विटी इंडेक्स-2026 में देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता ऊषा तोमर ने इस उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को दिया। उन्होंने बताया कि ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर न्यू इकोनॉमिक्स स्टडीज की रिपोर्ट में 23 श्रेणियों के 60 संकेतकों के आधार पर राज्यों का मूल्यांकन किया गया। आंध्र प्रदेश पहले, केरल दूसरे और हिमाचल तीसरे स्थान पर रहा। ऊषा तोमर ने इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल और प्रदेशवासियों को बधाई दी।

नाहन में यातायात और पार्किंग व्यवस्था के लिए दिशा-निर्देश जारी

अनंत ज्ञान, नाहन। नाहन शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए जिला दंडाधिकारी प्रियंका वर्मा ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत शहर के कई प्रमुख मार्गों और स्थानों को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। कुछ सड़कों पर वन-वे व्यवस्था लागू की गई है, जबकि बाजार के चुनिंदा मार्गों पर निर्धारित समय में निजी और दोपहिया वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। आम लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर पार्किंग जोन भी बनाए गए हैं। दिल्ली गेट बस स्टॉप पर बसों के ठहराव की अवधि पांच मिनट तय की गई है। आदेशों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सोनिया गांधी का जीवन त्याग और संघर्ष की मिसाल : आमिर खान

अनंत ज्ञान, नाहन। युवा कांग्रेस नाहन के अध्यक्ष आमिर खान ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के जीवन संघर्ष, त्याग, धैर्य और देश के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने सोनिया गांधी की आत्मकथा 'अपनापन : प्रेम की एक यात्रा' को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। आमिर खान ने कहा कि सोनिया गांधी ने परिवार, पार्टी और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियां पूरी निष्ठा से निभाई हैं। उनका जीवन कठिन परिस्थितियों में भी साहस और संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

नौहराधार में 15 नवंबर को जुटेंगे विशेषज्ञ डॉक्टर, जांच और परामर्श की मिलेगी सुविधा

अनंत ज्ञान, नाहन। नौहराधार में 15 नवंबर को मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें आईजीएमसी शिमला, सोलन और नाहन सहित विभिन्न सरकारी अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे। शिविर में स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ परामर्श, टेस्ट और दवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर स्थानीय समिति ने विभिन्न संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। शिविर में छात्रों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, एनएसएस-एनसीसी स्वयंसेवियों और आईटीआई विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

सराहां में पुलिस को देखकर भागने लगा युवक, स्टील की डिब्बी में रखा चिट्टा पकड़ा

अनंत ज्ञान, नाहन। पच्छाद पुलिस ने सराहां की एसवीएन कॉलोनी के पास गश्त के दौरान एक युवक को 1.20 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा। आरोपी की पहचान धीरथ निवासी रोबिन शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी कार से डिजिटल वजन मशीन और 13,500 रुपये नकद बरामद किए। चिट्टे की डिब्बी से अधजला 10 रुपये का नकली नोट भी मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सीमित संसाधनों के बावजूद सुक्खू ने हिमाचल को नई पहचान दिलाई : मुसाफिर

अनंत ज्ञान, सराहां। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता जीआर मुसाफिर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आर्थिक चुनौतियों और प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद हिमाचल ने विकास, जनकल्याण और अधिकारों की रक्षा में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि बीबीएमबी से 4,200 करोड़ रुपये के बकाये, बिजली हिस्सेदारी, हिमाचल भवन में 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी और विभिन्न जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़े मामलों में प्रदेश को महत्वपूर्ण सफलताएं मिली हैं। मुसाफिर ने कहा कि सरकार ने किसानों, बागवानों, मजदूरों और दुग्ध उत्पादकों के हितों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की दोबारा सत्ता में वापसी का विश्वास भी जताया।

जोड़जी में तेज रफ्तार गाड़ी सड़क पर पलटी, खड़ी कार से टकराई

अनंत ज्ञान, सोलन। सोलन के जोड़जी के पास देर रात करीब 9:30 बजे एक सड़क हादसा पेश आया। यहां तेज रफ्तार गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और पलटने के बाद सड़क किनारे खड़ी एक अन्य कार से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके चलते चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और काफी देर तक यातायात बाधित रहा।राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। मौके पर एकत्रित हुए स्थानीय लोगों ने स्थिति संभालने में मदद की और यातायात बहाल करवाने में सहयोग दिया।

सुक्खू सरकार में अंदरूनी असंतोष फिर आया सामने : बलदेव तोमर

अनंत ज्ञान, नाहन। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने कुल्लू के कांग्रेस विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के मंत्री पद संबंधी बयान पर कांग्रेस सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि चार साल बाद भी मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने से विधायक की नाराजगी सार्वजनिक हो गई है। सुंदर सिंह ठाकुर ने 11 दिसंबर तक मंत्री पद मिलने की समयसीमा तय की है। तोमर ने कहा कि अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस नेतृत्व को इस पर अपना रुख स्पष्ट करना होगा।

सोलन में 16 नवंबर को मनाया जाएगा राष्ट्रीय प्रेस दिवस

अनंत ज्ञान, सोलन। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर 16 नवंबर, 2026 को सोलन के चिल्ड्रन पार्क स्थित प्रेस कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी विभागीय प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रेस परिषद ने इस वर्ष राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर 'पत्रकारिता : सनसनी या जिम्मेदारी' विषय पर चर्चा करने का सुझाव दिया है। इसी विषय को केंद्र में रखकर कार्यक्रम में पत्रकारिता के दायित्वों और उसकी भूमिका पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा। विभागीय प्रवक्ता ने जिले के सभी पत्रकारों से कार्यक्रम में शामिल होने और चर्चा में भाग लेने का आग्रह किया है।

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान को गति देने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने की अपील

अनंत ज्ञान

सोलन। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान को गति देने के लिए शुक्रवार को कांग्रेस भवन सोलन में जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी सोलन के अध्यक्ष सुभाष वर्मानी ने की। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त जिला प्रभारी कमलकांत और पर्यवेक्षक अनीता वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में एक नवंबर को आयोजित महारैली के सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही 25 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलने वाले अभियान के आगामी चरणों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए संगठनात्मक स्तर पर समन्वय बनाने पर जोर दिया। बैठक में मतदाता सूचियों के गहन सत्यापन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। कार्यकर्ताओं से लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए जमीनी स्तर पर सतर्क रहने का आह्वान किया गया। अभियान को प्रत्येक घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां भी तय की गईं। इस दौरान सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की सूचियां प्रस्तुत कीं। बैठक में इन सूचियों की समीक्षा भी की गई, ताकि बूथ स्तर पर अभियान के संचालन को व्यवस्थित बनाया जा सके। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रभावी इस्तेमाल की रणनीति भी तैयार की गई। इसके तहत पार्टी के संदेश और अभियान से जुड़ी जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए ब्लॉक और जिला स्तर पर आपसी तालमेल मजबूत करने पर सहमति बनी।



बैठक की जानकारी देते प्रभारी। अनंत ज्ञान

जिला प्रभारी कमलकांत और पर्यवेक्षक अनीता वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और बूथ प्रबंधन अभियान की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। जिलाध्यक्ष सुभाष वर्मानी ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर अभियान को सफल बनाने की अपील की। जिला मीडिया प्रभारी उमेश शर्मा के अनुसार बैठक में जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, जिला एवं ब्लॉक पर्यवेक्षक, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने फिर ठुकराया अंतरराष्ट्रीय मेला रेणुका का निमंत्रण

अनंत ज्ञान

नाहन। सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस बार भी अंतरराष्ट्रीय रेणुका मेले का निमंत्रण ठुकरा दिया है। उन्होंने कहा कि रेणुका के कांग्रेस विधायक विनय कुमार, जो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं, लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री को मेले में नहीं ला पाए हैं। इससे सिरमौर की जनता खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है।



रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री और पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार के बीच कथित तौर पर अच्छे संबंध नहीं होने का असर जिले के विकास पर पड़ रहा है। उनके अनुसार सिरमौर के साथ रेणुका विधानसभा क्षेत्र में भी विकास कार्यों की गति धीमी हुई है। उन्होंने इसके लिए स्थानीय कांग्रेस विधायक को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री की गैरमौजूदगी से अंतरराष्ट्रीय रेणुका मेले की सदियों पुरानी परंपरा प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि अब तक मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री और समापन राज्यपाल द्वारा किए जाने की परंपरा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने इस परंपरा को तोड़ा है। रावत ने रेणुका विकास बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय बोर्ड का अध्यक्ष उपायुक्त सिरमौर को बनाया जाता था, जबकि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह पद अपने पास रख लिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि नियमों के अनुसार किसी राजनीतिक दल के अध्यक्ष को बोर्ड का अध्यक्ष नहीं बनाया जा सकता। भाजपा प्रवक्ता ने रेणुका विकास बोर्ड में कथित भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए सरकार से उच्चस्तरीय जांच करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को बोर्ड के कामकाज और वित्तीय गतिविधियों की जांच कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

पेंशनरों की मांगों को लेकर दूसरे दिन भी धरने पर डटे कर्मचारी

अनंत ज्ञान

सोलन। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर सोलन में पेंशनरों का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। जिला संयोजक सुरेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित धरने में प्रदेश महासचिव इंद्रपाल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के 40 से अधिक पेंशनरों ने भाग लिया।



वक्ताओं ने प्रदेश सरकार से लंबित वित्तीय देनदारियों, छठे वेतन आयोग के एरियर और महंगाई राहत की शेष 13 प्रतिशत किस्तों का शीघ्र भुगतान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि घोषित पांच प्रतिशत महंगाई राहत और पिछली किस्तों का भुगतान भी नहीं हुआ है। समिति ने चेतावनी दी कि मांगों पर वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया तो 19 नवंबर को धर्मशाला में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इसमें 10 से 12 हजार पेंशनरों के शामिल होने की संभावना है।

एचआरटीसी पेंशनरों को लंबित आठ प्रतिशत महंगाई राहत और करीब 50 हजार रुपये की देनदारी जारी करने की मांग भी उठाई गई। इसके साथ कॉरपोरेट सेक्टर के पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन सुविधा देने की मांग की गई। समिति ने प्रदेशभर में जनसंपर्क अभियान जारी रखने और आगामी वर्ष चुनाव तक संघर्ष जारी रखने की बात कही।

20 नवंबर को धर्मशाला में विधानसभा घेराव करेगी आम आदमी पार्टी

अनंत ज्ञान

अर्की। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर चुनावी वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने 20 नवंबर 2026 को धर्मशाला में विशाल जन आक्रोश रैली और विधानसभा घेराव करने का ऐलान किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अशोक चंदेल के अनुसार, इस राज्यस्तरीय प्रदर्शन का नेतृत्व दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया करेंगे।

शुक्रवार को जारी बयान में अशोक चंदेल ने कहा कि वर्ष 2022 में पंजाब और हिमाचल प्रदेश में एक साथ नई सरकारों का गठन हुआ था। उन्होंने दावा किया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, जबकि हिमाचल की कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादों को निभाने में विफल रही है। चंदेल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह सम्मान निधि देने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने सहित कई गारंटियां दी थीं। इन वादों के आधार पर पार्टी सत्ता में आई, लेकिन अब तक जनता को अपेक्षित लाभ नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि सरकार का कार्यकाल समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, लेकिन प्रदेश के लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी इसे जनता के साथ विश्वासघात मानती है। चंदेल ने कहा कि 20 नवंबर को धर्मशाला में होने वाली रैली के माध्यम से पार्टी जनता की आवाज उठाएगी और सरकार से चुनावी वादों पर जवाब मांगेगी। उन्होंने प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं और आम लोगों से रैली में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी।

ग्राम चौकी में ऐतिहासिक पंचमी चौकी झंडा जी मेले का शुभारंभ, 15 नवंबर को होगा विशाल दंगल



अनंत ज्ञान

राजगढ़। राजगढ़ उपमंडल के ग्राम चौकी में ऐतिहासिक एवं धार्मिक पंचमी चौकी झंडा जी मेले का शुभारंभ शुक्रवार को धार्मिक परंपराओं और उत्साह के साथ हुआ। कलगीधर ट्रस्ट की ओर से पहुंचे गुरमेल सिंह और बख्शीश सिंह ने मेले का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेला कमेटी और झल्ला परिवार ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मेले के शुभारंभ पर झंडा फहराया गया और अरदास कर गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया गया। गुरु झल्ला वरुण शर्मा के सानिध्य में मेला कमेटी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न और पटका भेंट कर सम्मानित किया।

मेला कमेटी के उपाध्यक्ष नीरज चौधरी ने बताया कि मेले में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य आकर्षण 15 नवंबर को होने वाला विशाल दंगल रहेगा, जो स्वर्गीय गुरु झल्ला वीरेंद्र शर्मा की स्मृति में आयोजित होगा। इसमें शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप विशेष रूप से शामिल होंगे। इस दौरान पांच लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित रसोईघर का उद्घाटन भी किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से मेले में भाग लेने की अपील की।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला-2026 के शुभारंभ हेतु किया आमंत्रित

19 से 24 नवंबर तक आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय रेणुकाजी मेला

अनंत ज्ञान

नाहन। अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला-2026 के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने और मेले का विधिवत शुभारंभ करने के लिए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को आमंत्रित किया गया है। विधायक रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र एवं रेणुकाजी विकास बोर्ड के अध्यक्ष विनय कुमार तथा उपायुक्त सिरमौर एवं बोर्ड की उपाध्यक्ष प्रियंका वर्मा ने शिमला में उपमुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें मेले के शुभारंभ समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

इस दौरान विधायक विनय कुमार और उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने उपमुख्यमंत्री को अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेले के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यह मेला जिला सिरमौर की समृद्ध परंपराओं और धार्मिक आस्था का प्रमुख प्रतीक है। मेले में प्रदेश की लोक संस्कृति, पारंपरिक विरासत और क्षेत्र की विशिष्ट पहचान देखने को मिलती है।



उन्होंने उपमुख्यमंत्री से समारोह में उपस्थित होकर मेले की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेले के सफल आयोजन के लिए जिला सिरमौर के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मेले के आयोजन को क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर बताया। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला इस वर्ष 19 से 24 नवंबर, 2026 तक श्री रेणुकाजी में आयोजित किया जाएगा। यह जिला सिरमौर का प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है।

मेले का विशेष धार्मिक महत्व भगवान परशुराम और माता रेणुका के पवित्र मिलन से जुड़ा हुआ है। मान्यता के अनुसार, इस अवसर पर भगवान परशुराम अपनी माता रेणुका से मिलने आते हैं। इसी पवित्र मिलन की स्मृति में मेले का आयोजन किया जाता है। छह दिनों तक चलने वाला यह आयोजन हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति, धार्मिक आस्था और पारंपरिक विरासत को प्रदर्शित करता है। मेले के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को भी प्रोत्साहन मिलता है।

सोलन की जनता परेशान, मंत्री जी मौन : भाजपा ने तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

अधिकारियों के समय से पहले जाने के मामले की जांच जारी

अनंत ज्ञान

सोलन। भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल ने सोलन तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश सरकार और स्थानीय मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल पर निशाना साधा है। भाजपा मंडल ने आरोप लगाया कि तहसील कार्यालय में आम लोगों को अपने जरूरी सरकारी कार्य करवाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के अनुसार तहसील कार्यालय में निर्धारित समय से पहले अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यालय से चले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिलाधीश की ओर से एसडीएम सोलन को जांच के निर्देश देना मामले की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में आम जनता के काम समय पर होना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि कर्मचारी निर्धारित समय से पहले कार्यालय छोड़ रहे हैं तो इससे लोगों को परेशानी होना स्वाभाविक है।

◆ सोलन में तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर भाजपा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की

शैलेन्द्र ने यह भी सवाल उठाया कि जब मामले की जांच चल रही थी, तो जांच पूरी होने से पहले सोशल मीडिया के माध्यम से सफाई देने की क्या आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक प्रक्रिया का सम्मान किया जाना चाहिए और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। भाजपा ने मांग की कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो और तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाए। भाजपा मंडल ने स्थानीय मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली के अलावा सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। इन मुद्दों पर जनता को स्पष्ट जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें और उनके समाधान के लिए प्रयास करें। भाजपा ने प्रदेश सरकार से तहसील कार्यालय की व्यवस्था सुधारने और आम लोगों को समय पर सरकारी सेवाएं उपलब्ध करवाने की मांग की। साथ ही मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल से तहसील कार्यालय और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े मामलों पर जनता के सामने अपना पक्ष रखने का आग्रह किया।

चुनावी सुरक्षा के लिए सीमावर्ती जिलों में तैनात होंगी अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त कंपनियां

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, पठानकोट। आगामी चुनावों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए पठानकोट में अंतरराज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत हुई इस बैठक में पंजाब सहित पड़ोसी राज्यों के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने, वाहनों की जांच और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर रणनीति बनाई गई। चुनाव के दौरान पड़ोसी राज्यों से लगते रास्तों पर विशेष नाके लगाकर वाहनों की सघन चेकिंग की जाएगी। नशा तस्करी, अवैध शराब और फरार अपराधियों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। बैठक में डिप्टी कमिश्नर पठानकोट, बीएसएफ के दोनों डीआईजी, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और आर्म्ड फोर्सेस के अधिकारियों सहित पड़ोसी राज्यों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



◆ नशा तस्करी और आपराधिक गतिविधियों पर रहेगी पैनी नजर, सीमाओं पर लगेंगे विशेष नाके

वहीं, सुरक्षा मजबूत करने के लिए सीमावर्ती जिलों में अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त कंपनियां तैनात की जा रही हैं। पठानकोट को एक, गुरदासपुर को दो, बटाला को तीन और अमृतसर रूरल बॉर्डर रेंज को चार कंपनियां मिली हैं। अधिकारियों ने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल से काम करेंगे, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकें।

अधिकारियों ने कहा कि सभी विभागों को आपसी तालमेल से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा होगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी, ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनी रहे।

डीसीएम स्कूल अर्की में 22 नवंबर को सजेगा वार्षिक समारोह

अनंत ज्ञान, अर्की। डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल, अर्की का वार्षिक सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह 'यूफोरिया' 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों में खासा उत्साह है। समारोह में विद्यार्थियों की वर्षभर की शैक्षणिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मक कौशल प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्र अपनी कला और मंचीय प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों को पहचान देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।

गुरु बिन ज्ञान न होए - ब्रह्म की प्राप्ति, भ्रम की समाप्ति

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। संत निरंकारी सत्संग भवन, सेक्टर-30 में आयोजित संत समागम में दिल्ली से पहुंचे संत निरंकारी मंडल के प्रचार विभाग के मेम्बर इंचार्ज राकेश मुटरेजा ने कहा कि जिस प्रकार अक्षर ज्ञान के लिए विद्यालय और शिक्षक की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति के लिए सत्गुरु का मार्गदर्शन जरूरी है। गुरु के बिना वास्तविक ज्ञान संभव नहीं है।



समागम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि आज मनुष्य बिना सोचे-समझे भेड़चाल में चल रहा है। धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने पर जोर दिया जाता है, लेकिन उनके वास्तविक संदेश को समझकर जीवन में अपनाने का प्रयास कम होता है। गुरु के मार्गदर्शन के अभाव में व्यक्ति कर्मकांड, वहम और भ्रम में उलझ सकता है। उन्होंने कहा कि सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ब्रह्मज्ञान के माध्यम से लोगों को सत्य का बोध करवा रही हैं। ब्रह्मज्ञान प्राप्त करना जागृति की शुरुआत है, जबकि ज्ञान को विचारों, व्यवहार और जीवन में अपनाना वास्तविक भक्ति है। मनुष्य को अहंकार और भ्रम से बचते हुए हर समय सजग रहना चाहिए। इससे पहले गीतकारों और वक्ताओं ने भजन एवं विचार प्रस्तुत किए। चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज ओपी निरंकारी ने राकेश मुटरेजा का स्वागत और आभार व्यक्त किया। समागम में जोन के संयोजक, मुखी महात्मा, सेवादल संचालक और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समागम के अंत में संगत ने सत्गुरु के बताए मार्ग पर चलने और ब्रह्मज्ञान को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

न्यूज ब्रीफ

डांगड़ा गांव में बाइक सवार चोरों ने 3 घरों को बनाया निशाना, सोने के आभूषण और नकदी लेकर फरार

अनंत ज्ञान, परागपुर। परागपुर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बणी के डांगड़ा गांव में नकाबपोश और हथियारबंद चोरों ने तीन घरों में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर घरों से सोने के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। पंचायत उपप्रधान गगन के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे वार्ड नंबर एक में चोरी की सूचना मिली। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आरोपी बाइक पर सवार होकर आए थे और उनके पास हथियार भी थे। सूचना मिलते ही रक्कड़ पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ितों व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसपी संदीप धवल ने घटना की पुष्टि की है।

अंशिका की मदद को आगे आया ब्रदर क्लब



अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। थुरल शिक्षा खंड के बलाहरा स्कूल की होनहार छात्रा अंशिका राणा का वॉलीबाल में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते ब्रदर क्लब बलाहरा ने छात्रा की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। 12 नवंबर को शिमला में कोचिंग कैंप के लिए रवाना होने से पहले क्लब के सदस्यों रणजीत राणा, विजय कुमार, अश्विनी कुमार और अरविंद कुमार ने उसके घर पहुंचकर चेक भेंट किया। क्लब इससे पहले भी जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए अंशिका को आर्थिक सहयोग दे चुका है। स्कूल के शारीरिक शिक्षक राकेश राणा ने क्लब का आभार जताया।

संदीप कुमार प्रधान व राहुल चौधरी बने महासचिव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। वन्यजीव विंग नॉर्थ धर्मशाला की नई कार्यकारिणी का गठन शुक्रवार को सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव प्रक्रिया में संदीप कुमार को प्रधान चुना गया। वहीं, अमिता भाटिया को वरिष्ठ उपप्रधान, कुशल कुमार को उपप्रधान, राहुल चौधरी को महासचिव, अंकुश कुमार को कोषाध्यक्ष और नीलम देवी को सह-सचिव नियुक्त किया गया। राज कुमार को मीडिया प्रभारी तथा अश्विनी कुमार को मुख्य सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव प्रक्रिया धर्मशाला सर्कल प्रधान मुनीश पाजलु, डिवीजन प्रधान मुनीश कुमार और सह-सचिव राज कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती और कर्मचारी हितों के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया।

डॉक्टरों की नियुक्ति के आंकड़ों से नहीं, बेहतर इलाज से मजबूत होगी स्वास्थ्य व्यवस्था : विपिन सिंह परमार

अनंत ज्ञान, डरोह। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों की नियुक्तियों के आंकड़े बताने के बजाय सरकार यह सुनिश्चित करे कि मरीजों को धरातल पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और तकनीकी कर्मचारियों की कमी दूर करना जरूरी है। परमार ने अस्पतालों में रिक्त पदों का ब्यौरा सार्वजनिक करने, प्राथमिकता के आधार पर नियुक्तियां करने तथा चिकित्सकों की उपलब्धता की नियमित निगरानी की मांग की।

रजोल में 62.15 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण

अनंत ज्ञान, कोहली शाहपुर। शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने ग्राम पंचायत रजोल में 8.50 लाख रुपये से निर्मित पशु चिकित्सालय के प्रथम तल और 53.65 लाख रुपये की लागत से बने सहकारी कृषि समिति (सीएएस) भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि नए भवन से तीन पंचायतों के करीब दो हजार परिवारों को लाभ मिलेगा, जबकि पशु चिकित्सालय की सुविधाओं से 20 पंचायतों के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जा रही है और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

धर्मशाला कॉलेज के शताब्दी समारोह का भव्य आगाज

पूर्व विद्यार्थियों के योगदान को आरएस बाली ने सराहा

अनंत ज्ञान

एसोसिएशन कार्यालय के लिए 10 लाख देने की घोषणा की



ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला के 100 वर्ष पूरे होने पर ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से चार दिवसीय शताब्दी समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। 13 से 16 नवंबर तक आयोजित इस समारोह का उद्घाटन नगरोटा बगवां के विधायक एवं हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने किया। मुख्य वन संरक्षक वासु कौशल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

आरएस बाली ने पूर्व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस महाविद्यालय से निकले विद्यार्थियों ने प्रदेश, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा से संस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने वर्ष 1990 में स्थापित ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर उन्होंने एसोसिएशन के कार्यालय में सुविधाओं के सृजन के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह राशि दो दिनों के भीतर जारी कर दी जाएगी। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले पूर्व विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार, वर्तमान अध्यक्ष संजीव गांधी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। लोक गायक विक्रम, वर्षा कटोच और संगीत कला केंद्र के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समारोह में चार चांद लगाए।

संजय चौहान ने नवाजे थुरल स्कूल के मेधावी

विद्यार्थियों ने स्कूल के वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

अनंत ज्ञान

राकेश डोगरा, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपम बाला, उपप्रधानाचार्य लेख राज हीर और स्टाफ ने मुख्यातिथि को शाल, टोपी और बैज पहनाकर सम्मानित किया।

◆ स्कूल की उपलब्धियों की दी जानकारी

समारोह में विद्यार्थियों ने हिंदी, पंजाबी, हरियाणवी, पहाड़ी और देशभक्ति गीतों पर शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। प्रधानाचार्या अनुपम बाला ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की उपलब्धियों और आवश्यक मांगों से मुख्यातिथि को अवगत करवाया।



संजय सिंह चौहान को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

इस दौरान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा छठी से बारहवीं तक प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में स्कूल की प्रबंधन समिति की अध्यक्षा वनीता जम्वाल सहित सभी सदस्यों के अतिरिक्त स्थानीय विद्यालय से सिकंदर मिन्हास, मोहिंद्र सिंह, अनिल जम्वाल, सुरेश कुमार, राजीव कुमार, अजीत धीमान, अनिल शर्मा, अनिल कुमार, अरुणा मेहरा, तमन्ना राणा, सीमा देवी, अरुण ज्योति, रीता डोगरा, सोमा देवी, सरिता कुमारी, सभ्या कौशल, सतीश कुमार, राजेश शर्मा, केवल कृष्ण, शगुन डोगरा, कृतिका, सुशील कुमार विनोद मेहरा सहित सभी प्राध्यापक, अध्यापक व कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

पुश्तैनी जमीन पर निर्माण के लिए टीसीपी से नक्शा पास करवाने की नहीं जरूरत : यादव

अनंत ज्ञान



अजय पाल, पालमपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में पुश्तैनी भूमि पर घर, दुकान, गौशाला, शौचालय और मंदिर आदि बनाने के लिए नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग से नक्शा पास करवाना अनिवार्य नहीं है। इसके लिए न तो कोई सरकारी फीस देनी होगी और न ही अतिरिक्त प्रॉपर्टी टैक्स लगेगा। यह जानकारी पालमपुर के एसडीएम डॉ. ओपी यादव ने शुक्रवार को चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में टीसीपी विभाग की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यशाला में दी।

डॉ. यादव ने कहा कि टीसीपी एक्ट को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रम और गलतफहमियां फैलाई जा रही हैं, जिससे लोग अनावश्यक परेशान हो रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून का उद्देश्य आम जनता को परेशान करना नहीं, बल्कि सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और निर्माण संबंधी औपचारिकताओं के लिए ग्राम पंचायत सचिव से संपर्क करने की अपील की।

धारा 30-ए के तहत मिलती विशेष छूट

एसडीएम ने बताया कि टीसीपी अधिनियम की धारा 30-ए के तहत पुश्तैनी भूमि पर अधिकतम तीन मंजिल और 600 वर्ग मीटर तक आवासीय निर्माण की छूट है। वहीं, व्यावसायिक गतिविधियों, सेवा उद्योग, सार्वजनिक सुविधाओं, कृषि-बागवानी तथा पर्यटन एवं विरासत से जुड़ी गतिविधियों के लिए अधिकतम दो मंजिल और 100 वर्ग मीटर तक निर्माण किया जा सकता है।

पंचायत स्तर पर ही मिलेगी एनओसी

एसडीएम ने बताया कि इसके लिए मूल जमाबंदी की प्रति, भूमि का ततीमा, सादे कागज पर आवेदन और स्थल का लाइन डायग्राम ग्राम पंचायत सचिव के पास जमा करवाना होगा। इसके आधार पर बिजली और पानी के कनेक्शन के लिए एनओसी पंचायत स्तर पर ही जारी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित छूट के तहत निर्माण के लिए कोई अतिरिक्त फीस या टैक्स नहीं लिया जाएगा। टीसीपी एक्ट के प्रावधानों का उद्देश्य बाहरी क्षेत्रों से आने वाले लोगों के बड़े निर्माण कार्यों को नियोजित करना और स्थानीय लोगों की सुविधा के साथ प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना है।

विधानसभा सत्र के दौरान वाहन पास बनाने की प्रक्रिया से परेशान तपोवनवासी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। तपोवन में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान स्थानीय लोगों को वाहन पास बनवाने में आ रही परेशानियों को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से व्यवस्था सरल करने की मांग उठाई है। इस संबंध में शुक्रवार को ग्रामीणों ने उपायुक्त कांगड़ा को ज्ञापन सौंपा।

बीसी चौहान, आरएस चौधरी, आत्मा राम, रवनिश कुमार, केआर दुष्यंत, लक्ष्मण सिंह, हरि सिंह और आर्यमन चौधरी ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा सत्र के दौरान स्थानीय निवासियों को वाहन पास बनवाने के लिए जरूरी दस्तावेजों सहित कतारों में लगना पड़ता है। इससे नौकरीपेशा लोगों, दुकानदारों और कारोबारियों का कामकाज प्रभावित होता है। कई लोगों को पास बनवाने के लिए छुट्टी तक लेनी पड़ती है।

ग्रामीणों ने मांग की कि वाहन पास बनाने की जिम्मेदारी स्थानीय पंचायत को सौंपी जाए और एक बार जारी पास पूरे वर्ष मान्य हों। उन्होंने आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्रों के आधार पर स्थानीय निवासियों को प्रवेश और आवागमन की सुविधा देने का सुझाव भी दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था जरूरी है, लेकिन इसके कारण स्थानीय लोगों को बार-बार परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र उचित कदम उठाने की मांग की है।

छोटा भंगाल के विकास पर खर्च हुए 1.31 करोड़



अनंत ज्ञान, बैजनाथ। विधायक किशोरी लाल ने बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम छोटा भंगाल की मुल्थान, धरमान, कोठी कोहड़ और बड़ाग्रां पंचायतों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया तथा शेष के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। विधायक ने बताया कि चारों पंचायतों में अब तक 1 करोड़ 31 लाख 80 हजार के विकास कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवहन सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

राज्य स्तरीय अत्या-पत्या में दमखम दिखाएंगे कांगड़ा के 60 खिलाड़ी, दो स्थानों पर हुए ट्रायल



अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर। जिला कांगड़ा के 60 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय अत्या-पत्या प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयन के लिए बीके पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जयसिंहपुर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडी धौलरा में ट्रायल आयोजित किए गए, जिनमें करीब 140 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जयसिंहपुर में 35 तथा कंडी धौलरा में 25 खिलाड़ियों का चयन हुआ। जिला अत्या-पत्या संघ के सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 15 और 16 नवंबर को बिलासपुर में आयोजित होगी। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2026

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला: हिमालयी व्यापार संस्कृति और विरासत का जीवंत उत्सव

तिब्बत-बुशहर संधि से शुरू हुई परंपरा आज पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान की धरोहर

हिमाचली पहाड़ों की गोद में बसने वाला अंतरराष्ट्रीय लवी मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि सदियों पुरानी उस परंपरा का सजीव चित्र है, जिसने तिब्बत और बुशहर रियासत को व्यापार, संस्कृति और आपसी सहयोग की अनूठी डोर से जोड़ा। 17वीं शताब्दी (लगभग 1679-1684) में हुई ऐतिहासिक व्यापारिक संधि के बाद यह मेला अस्तित्व में आया, जब ऊन, पशमीना, सूखे मेवे और घोड़ों का बड़ा व्यापार यहां फलता-फूलता था। ऊन और पश्मीनी वस्त्रों की पहचान के कारण इसे 'लवी' नाम मिला, जिसका अर्थ ऊन काटना या पतली रजाई होता है। तिब्बती व्यापारी कठिन यात्राओं के बाद अपनी वस्तुएं यहां लाते थे और बदले में नमक, गुड़ और अन्य जरूरी सामान लेकर लौटते थे। इसी मेले में चामुर्थी नस्ल के मजबूत घोड़ों का भी बड़ा व्यापार होता था। समय के प्रवाह में यह व्यापारिक केंद्र धीरे-धीरे सांस्कृतिक उत्सव में बदल गया और आज हर वर्ष 11 से 14 नवंबर तक मनाया जाने वाला लवी मेला हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समृद्धि और आर्थिक गतिविधियों का बड़ा मंच बन चुका है। व्यापार से शुरू होकर बहुरंगी सांस्कृतिक आयोजनों तक पहुंचा यह मेला आज भी अपनी ऐतिहासिक गरिमा और पहाड़ी जीवन की असली पहचान को जीवंत रखे हुए है।

प्रस्तुति: आत्मा सिंह, विशेष संवाददाता, रामपुर बुशहर।



अंतरराष्ट्रीय लवी मेला की हार्दिक शुभकामनाएं

FLEX LIFE PHYSIOTHERAPY
MOVE FREELY LIVE FULLY
ADVANCED PHYSIOTHERAPY & REHABILITATION CENTRE
Expert care for pain relief, recovery and better movement

OUR SPECIALISED SERVICES
- Back pain & neck pain management
- Slip disc & sciatica treatment
- Frozen shoulder & shoulder pain
- Knee pain & arthritis rehabilitation
- Sports injury rehabilitation
- Stroke & neurological rehabilitation
- Post-operative rehabilitation
- Joint stiffness & muscle injuries

ADVANCED TREATMENT FACILITIES
- Class IV Laser Therapy
- Dry Needling
- Myofascial Cupping Therapy
- IFT, TENS & Electrotherapy
- Manual Therapy & Exercise Rehabilitation

Dr. Gulshan (PT)
BPT, MPT (Musculoskeletal), MIAP

OUR CLINIC LOCATIONS
Khaneri, Rampur Bushahr | Mahaveer Mohalla, Rampur Bushahr

Pain Relief | Faster Recovery | Improved Mobility | Better Life

Contact: 7018470569 | 10 AM - 6 PM

BALAJI DIAGNOSTIC CENTRE
की तरफ से
अंतरराष्ट्रीय लवी मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं





नगर परिषद् रामपुर बुशहर
की ओर से आप सभी नगर वासियों को
लवी मेला-2026
की हार्दिक शुभकामनाएं।

करण शर्मा
रोहित नेगी
वरुण शर्मा
इनिल जीतल
राकेश कुमार शर्मा

दीपना नेगी, पार्षद वार्ड न. 1
जयश्री गोयल, पार्षद वार्ड न. 3
नीतिका गुप्ता, पार्षद वार्ड न. 5
उमा देवी, पार्षद वार्ड न. 6
सुंदर लाल, पार्षद वार्ड न. 7
चन्द्र प्रभा, पार्षद वार्ड न. 8
विशेषर लाल, पार्षद वार्ड न. 9

सुरक्षित होगा रामपुर हर ओर, क्योंकि हम करेंगे सफाई चारों ओर
नगर परिषद रामपुर बुशहर को साफ रखने में सहयोग करें।